रांची
रविवार
27.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 04
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-291 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह
हमेशा मनुष्य को परछाई और आईने की तरह दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती और आईना कभी झूठ नहीं बोलता।

न्यूज गैलरी

सीएम ने शहीदों को किया नमन

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुंबई 26/11 के आंतकी हमले में शहीद होनेवाले देश के अमर वीर जांबाजों और नागरिकों की शहादत को शनिवार को नमन किया है। सीएम ने ट्वीट कर कहा कि मुंबई आंतकी हमले में शहीद होनेवाले देश के अमर वीर जांबाजों और नागरिकों की शहादत को शत्-शत् नमन।

संविधान दिवस पर शपथ कार्यक्रम आयोजित

रांची। संविधान दिवस के अवसर पर कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने, मूल कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक अनुपालन करने तथा संवैधानिक आदर्शों के प्रति आदर करने की शपथ दिलायी गयी। संविधान की प्रस्तावना की शपथ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने दिलायी। इस अवसर पर प्रधान आप्त सचिव रामदेव शर्मा, आप्त सचिव रमेश प्रसाद सहित सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

टीएसपीसी ने बंद का किया आह्वान

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल में प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के प्लाटून कमांडर आकाश ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 15 नवम्बर को झारखंड पुलिस के द्वारा रमकंडा से गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र को 24 घंटे के अंदर कोर्ट में पेश करने की मांग की है। गिरफ्तार नक्सली को कोर्ट में पेश नहीं करने पर लातेहार, पलामू, गढ़वा व चतरा बंद करने का आह्वान किया है। पर्चा में लिखा है कि उपेंद्र घर भदई बथान (मनिका) निवासी को ग्राम पुनदाग थाना रमकंडा से झारखंड पुलिस के द्वारा 15 नवम्बर को गिरफ्तार किया गया था। जिसे छह दिन बीत जाने के बाद भी कोर्ट में नहीं सौंपा गया है। पर्चा में लिखा गया है कि गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र को 24 घंटे के अंदर कोर्ट में पेश नहीं करने पर लातेहार, पलामू, गढ़वा व चतरा बंद किया जायेगा।

भारत बायोटेक के इंट्रानेजल बूस्टर डोज को मिली मंजूरी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने शुक्रवार को भारत बायोटेक की इंट्रानेजल वैक्सीन 'फाइव आर्म्स' को इमरजेंसी यूज के लिए मंजूरी दे दी। इसे बूस्टर डोज के तौर पर दिया जायेगा। इसकी खुराक इंजेक्शन की जगह नाक के जरिये दी जायेगी। भारत बायोटेक की इंट्रानेजल वैक्सीन का नाम बीबीवी154 है। इसे प्राइमरी डोज के तौर पर इमरजेंसी यूज के लिए छह सितम्बर को मंजूरी मिली थी। वैक्सीन की खुराक 18 साल से ज्यादा के लोगों को दी जा सकती है। इसे दूसरे डोज के छह महीने बाद दिया जायेगा। इसकी खास बात यह है कि शरीर में जाते ही यह कोरोना के इन्फेक्शन और ट्रांसमिशन दोनों को ब्लॉक करती है।

मौलिक कर्तव्यों का पालन हो नागरिकों की पहली प्राथमिकता : मोदी

संविधान दिवस ○ उच्चतम न्यायालय में आयोजित समारोह को पीएम ने किया संबोधित

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि ऐसे में जब देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है उसे और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए मौलिक कर्तव्यों का पालन करना नागरिकों की पहली प्राथमिकता होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय में संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है जो तेजी से विकास और आर्थिक विकास हासिल कर रहा है। मोदी ने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि मौलिक अधिकार वे जिम्मेदारियां हैं जिन्हें नागरिकों को अत्यंत समर्पण और सच्ची ईमानदारी के साथ पूरा करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक व्यक्ति हो या संस्थान,

हमारे कर्तव्य हमारी पहली प्राथमिकता हैं। अमृत काल हमारे लिए कर्तव्यों का युग है। मोदी ने 2008 में हुए 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों को भी याद किया जो तब हुआ जब भारत संविधान को अंगीकार करने का जश्न मना रहा था। प्रधानमंत्री ने ई-अदालत परियोजना के तहत नयी पहल भी शुरू कीं, जो सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सक्षम अदालतों के माध्यम से वादियों, वकीलों और न्यायपालिका को सेवाएं प्रदान करती हैं। मोदी द्वारा शुरू की गयी पहलों में 'वर्चुअल जस्टिस क्लॉक', 'जस्टआईएस' मोबाइल ऐप 2.0, डिजिटल कोर्ट और 'एस3डब्ल्यूएएस' वेबसाइट शामिल हैं।

26/11 हमले के शहीदों को पीएम ने दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संविधान दिवस पर 26/11 मुंबई आतंकी हमले में मारे गये लोगों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की। श्री मोदी ने उच्चतम न्यायालय द्वारा यहां आयोजित एक समारोह में अपने भाषण की शुरूआत 14 साल पहले मुंबई में मारे गये लोगों श्रद्धांजलि देते हुए की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 26 नवम्बर को जब देश संविधान दिवस के महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मना रहा था, भारत मानवता के दुश्मनों द्वारा अपने इतिहास के सबसे बड़े आतंकवादी हमले का सामना किया था। श्री मोदी ने घटना को याद करते हुए कहा कि 14 वर्ष पहले जब भारत अपने संविधान, अपने नागरिकों के अधिकारों का पर्व मना रहा था, उसी दिन मानवता के दुश्मनों ने भारत पर सबसे बड़ा आतंकवादी हमला किया था। मुंबई आतंकी हमलों में जिनकी मृत्यु हुई, मैं उन्हें उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

कृषि मंत्री बादल ने की विभागीय समीक्षा बैठक, दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश, बोले -

अधिकारी किसानों की उदासी को अवसर में बदलने का करें प्रयास

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री सुखाड़ योजना और ऋण माफी योजना को लेकर शनिवार को रांची में कृषि मंत्री बादल की मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक हुई। सुखाड़ प्रभावित किसानों को राहत देने की विशेष पहल को लेकर जिलों के डीसी और अन्य अधिकारियों संग वीडियो कान्फ्रेंसिंग आयोजित किया गया था। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्त, पशुपालन और सहकारिता विभाग के अधिकारी और जिला प्रशासन की टीम शामिल हुई। बैठक में कृषि मंत्री बादल ने कहा कि राज्य के किसानों की उदासी को अवसर में बदलने का प्रयास सभी अधिकारी करें। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत आर्थिक मदद हेतु मेमोरेंडम ऑफ फाइनेंस समर्पित किया है। आशा है कि इस संकट की घड़ी में केंद्र सरकार आवश्यक सहयोग करेगी।

सरकार ने केंद्र को मेमोरेंडम ऑफ फाइनेंस के तहत 9682 करोड़ के राहत सहायता की मांग की है। उन्होंने कहा कि हर किसान परिवार या खेतिहर मजदूर जो राज्य के राशन कार्ड धारी हो, उन सबको मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत लाभ दिया जाये। उन्होंने विभागीय सचिव से कहा कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लिए जो दस्तावेजों को अपलोड किया जाता है उनमें से लैंड पजेशन सर्टिफिकेट की बाध्यता को खत्म किया जाये। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि हर एक किसान जिनका नाम राशनकार्ड में दर्ज है, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ दिया जाये। पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे गांव जहां के लोग प्रखंड तक आकर योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं वैसे गांव में पदाधिकारी स्वयं जाकर विजिट करें और कृषि योजनाओं का लाभ दिलवायें।

सुखाड़ राहत के लिए सीएससी को नहीं देने होंगे रुपये, सरकार करेगी भुगतान

कृषि मंत्री बादल ने कहा कि अब किसानों को सुखाड़ राहत योजना के लाभ हेतु आवेदन के लिए 40 रुपये का शुल्क सीएससी या प्रज्ञा केंद्र को नहीं देना होगा। उक्त राशि का भुगतान राज्य सरकार करेगी। बता दें कि अब तक किसानों को राहत योजना के आवेदन को रजिस्टर्ड करने के लिए 40 रुपये का भुगतान करना पड़ता था। श्री बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना में कई सुझाव आये और सुझावों के अनुरूप कई बदलाव भी किये गये हैं फिर भी सफलता अक्षरशः नहीं मिल रही है। पशुधन योजना के तहत आवेदन प्राप्त करने की रफ्तार काफी धीमी है जिसमें सुधार करने की जरूरत है। साथ ही कई जिलों में योजना के धीमे कार्यान्वयन को लेकर नाराजगी भी जतायी।

पशुधन योजना का लाभ सुनिश्चित करायें : सिद्दिक

विभागीय सचिव अबूबकर सिद्दिक ने कहा कि जिन जिलों में पशुधन वितरण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ अथवा धीमा है, वहां जल्द और तीव्र गति से वितरण का कार्य करें। आवेदन ज्यादा से ज्यादा प्राप्त हों इसके लिये निबंधित किसानों के मोबाइल पर एसएमएस भेजें। अब तक 18 जिलों में 23 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए है जो लक्ष्य से काफी दूर हैं। उन्होंने कहा की एग्री स्मार्ट विलेज के लिए कृषि विभाग की सभी योजनाओं का कार्यान्वयन गांव में किया जाये ताकि मॉडल विलेज के रूप में गांव को पहचान मिल सके। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक से स्मार्ट विलेज के लिए अनुशंसा प्राप्त कर विभाग को सूचित करें।

मनी लांड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा को नहीं मिली जमानत

19 जुलाई से न्यायिक हिरासत में है पंकज मिश्रा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ईडी द्वारा गिरफ्तार किये गये सीएम के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका शनिवार को ईडी की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। 22 नवम्बर को ईडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत पर सुनवाई हुई थी, जिसके बाद अदालत ने 26 नवम्बर तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत में ईडी ने पंकज मिश्रा की जमानत का विरोध किया था। ईडी ने तर्क दिया है कि अगर पंकज मिश्रा को जमानत मिलती है वह बाहर निकल कर ईडी गवाहों को प्रभावित कर सकता है। गौरतलब है कि अवैध खनन के जरिये एक हजार करोड़ की कमाई के जरिये मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने पंकज मिश्रा को गिरफ्तार किया था, पिछले 130 (19 जुलाई) दिनों से पंकज मिश्रा न्यायिक हिरासत में है।

पंकज मिश्रा पर है गंभीर आरोप : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के संरक्षण में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन का दावा किया गया है। ईडी ने बताया है कि पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि रहते हुए राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर अवैध खनन कराते थे। अवैध खनन के साथ-साथ साहिबगंज में अवैध जलयान फेरी संचालन को भी पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों का संरक्षण प्राप्त था।

अब तक पंकज मिश्रा की 42 करोड़ की संपत्ति जब्त

ईडी ने यह भी बताया है कि पंकज मिश्रा अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर साहिबगंज में कई जगहों पर स्टोन क्रशर चिप्स, बोल्डर का कारोबार कराते थे। साहिबगंज और उसके आसपास के कई साइटों पर क्रशर प्लांट भी लगाये गये थे। ईडी ने अदालत को यह भी जानकारी दी है कि अब तक पंकज मिश्रा की 42 करोड़ की संपत्ति जब्त की गयी है।

महामारी व बदहाल अर्थव्यवस्था की सबसे ज्यादा मार महिलाओं पर

स्वच्छ जल के अभाव में हर वर्ष आठ लाख महिलाओं की हो रही मौत

- आरएनएम

नयी दिल्ली। कोविड महामारी और बदहाल अर्थव्यवस्था का सबसे ज्यादा खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। उनकी हालत बद से बदतर हो गयी है। कोविड महामारी के कारण 2020 की तुलना में 2021 में कम संख्या में महिलाओं को रोजगार मिला। विश्वभर में सरकारें महामारी से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को उबारने और महंगाई पर रोक लगाने की कोशिशों के तहत महिलाओं एवं लड़कियों को गरीबी की ओर धकेल रही हैं। इस बारे में आक्सफैम की द असाल्ट ऑफ आस्टेरिटी शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी के चलते 2020 की तुलना में 2021 में कम संख्या में महिलाओं को रोजगार मिला। महिलाओं को इन जरूरी सार्वजनिक सेवाओं में कटौती के परिणाम के रूप में शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों का सामना करना पड़ा, क्योंकि वे उन पर ज्यादा निर्भर करती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, महामारी से उबरने की कोविड के बाद की राह महिलाओं एवं लड़कियों के जीवन की सुरक्षा और उनके कठिन परिश्रम की कीमत पर तैयार की जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्वभर में सरकारें महामारी से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को उबारने और महंगाई पर रोक लगाने की कोशिशों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

■ हर 10 महिलाओं व लड़कियों में एक को बीते साल अपने करीबी व्यक्ति से यौन व शारीरिक हिंसा का करना पड़ा सामना

टीएसपीसी का एरिया कमांडर उपेंद्र गिरफ्तार

बालूमाथ/लातेहार। जिले की पुलिस ने टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र यादव को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। जिसके बारे में प्रेस वार्ता कर बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर झाबर ग्राम के पास से प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र यादव (24 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत भदईबथान ग्राम निवासी राजेंद्र यादव का पुत्र है। गिरफ्तार टीएसपीसी एरिया कमांडर उपेंद्र यादव इसके पूर्व जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य रह चुका है। वहीं, वर्तमान में टीएसएसपी का एरिया कमांडर है।

बीआईटी मेसरा के समीप बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बीआईटी मेसरा के समीप बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। घटना शनिवार दिन के साढ़े ग्यारह बजे की है। मृतकों में ओयना गांव निवासी महताब अंसारी और चुट्टू निवासी वारिस अंसारी शामिल है। दोनों मृतक जमीन का कारोबार करते हैं। जानकारी के अनुसार जमीन कारोबारी महताब और वारिस एक बाइक पर सवार होकर से शनिवार को ओरमांझी से रांची की ओर आ रहे थे। बीआईटी मोड़ के समीप सड़क किनारे जा रही एक महिला को दोनों ने बाइक से धक्का मार दिया। आसपास में मौजूद आम लोगों ने शोर मचाया। जिसके बाद दोनों जमीन कारोबारी बाइक लेकर भागने लगे। बीआईटी मोड़ से कुछ ही दूर बढ़े थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित हो गयी और दोनों रामगढ़ की ओर से रांची आ रही बस के नीचे घुस गये। बस का चक्का चढ़ने की वजह से महताब की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि जख्मी वारिस को आनन-फानन में बूटी मोड़ स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान वारिस की भी मौत हो गयी।

बस चालक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

बीआईटी मोड़ के आसपास में मौजूद लोग घटना के बाद हंगामा करने लगे। हालांकि, मौके पर पहुंची मेसरा ओपी की पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। वहीं, उसका चालक मौके से भाग निकला। पुलिस चालक की तलाश में जुट गयी है। इधर, शनिवार की देर शाम परिजनों ने ओयना कब्रिस्तान में महताब के जनाजे की नमाज अदा की गयी। इसके बाद सुपूर्द-ए-खाक किया गया।

इसरो का इस साल का आखिरी मिशन

पीएसएलवी-सी54 ने ओशनसैट को सफलतापूर्वक कक्षा में किया स्थापित

श्रीहरिकोटा (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) ने शनिवार को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ओशनसैट) को सफलतापूर्वक ध्रुवीय कक्षा (सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट) में स्थापित कर दिया। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बताया कि पीएसएलवी-सी54 ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को सफलतापूर्वक उसकी लक्षित कक्षा में स्थापित कर दिया है। पीएसएलवी-सी54 पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के साथ ही आठ अन्य उपग्रह भी अपने साथ लेकर गया है। इसरो के प्रमुख ने कहा कि 44.4 मीटर लंबा रॉकेट 25.30 घंटे की उलटी गिनती के बाद यहां स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पूर्वाह्न 11 बजकर 56 मिनट के पूर्व निर्धारित समय पर अपने अभियान पर रवाना हुआ। सोमनाथ ने कहा कि पीएसएलवी-सी54 के प्रक्षेपण के 17 मिनट बाद इच्छित कक्षा में पहुंचने पर पृथ्वी अवलोकन उपग्रह या ओशनसैट सफलतापूर्वक रॉकेट से अलग हो गया और उसे कक्षा में स्थापित कर दिया गया।

स्वास्थ्य ○ सेवा सदन के डॉ. अभिषेक रंजन ने हासिल की कामयाबी

राज्य में पहली बार महिला का हुआ ब्लड कैंसर का सफल इलाज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य में पहली बार दुर्लभ और कठिन प्रकार के ब्लड कैंसर का इलाज नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल, रांची में किया गया। रोगी को अगले दो दिनों में छुट्टी दे दी जायेगी और बाद में कीमोथेरेपी के लिए अस्पताल में उन्हें आना होगा। महिला का इलाज सेवा सदन के डॉ. अभिषेक रंजन ने अपनी टीम के साथ किया है। जानकारी देते हुए नागरमल सेवा सदन की ओर से बताया गया कि डालटनगंज की एक महिला उर्मिला देवी (65) वर्षीय पैनसाइटोपिनिया, यानि कम एचबी डब्ल्यूबीसी प्लेटलेट काउन्ट के साथ आयी। वह डालटनगंज में स्थानीय स्तर पर इलाज करा रही थी, जिससे महिला के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा था। महिला का बेटा डॉ. मिथिलेश प्रसाद डालटनगंज में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ हैं। अंत में उन्होंने रांची में नागरमल मोदी सेवा सदन के डीएम क्लीनिकल हेमोटोलॉजी डॉ. अभिषेक रंजन से सम्पर्क किया। डॉ. अभिषेक रंजन ने तुरंत उनकी नियमित जांच की। साथ ही बॉन मैरो, बायोप्सी अस्पताल में की गयी और पाया कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

■ डालटनगंज की रहनेवाली है महिला, पैनसाइटोपिनिया के साथ आयी थी अस्पताल

बड़े अस्पतालों में लगते हैं 15-20 लाख

आमतौर पर बड़े अस्पतालों में इस तरह के इलाज के लिए 15-20 लाख रुपये से अधिक का खर्च आता है, लेकिन नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल में लगभग तीन-चार लाख रुपये की न्यूनतम लागत पर इलाज किया गया। क्लिनिकल हेमेटोलॉजी विभाग, नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल सभी प्रकार के रक्त कैंसर, लिम्फोमा के साथ-साथ अन्य सभी हेमोटोलॉलिकल रक्त बीमारी जैसे एनीमिया, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, आयरन चिलेशन थेरेपी, एप्लास्टिक एनिमिया, रक्तस्त्राव और थ्रोम्बोटिक बीमारी, हीमोफिलिया आदि का उपचार प्रदान कर रहा है।

सेवा सदन सस्ती दरों पर कर रहा इलाज

नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल में सस्ती दरों पर विशेष वार्ड, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और हेमोटोलॉजिकल रोगों के इलाज के लिए सभी उन्नत जांच सुविधाएं जैसे कि मोलिक्यूलर स्टडी आदि प्रदान की गयी है। सेवा सदन प्रबंधन आयुष्मान योजना के साथ सरकार के साथ जुड़ने की कोशिश कर रहा है ताकि रक्त संबंधित सभी बीमारियों का इलाज किया जा सके। सेवा सदन अस्पताल का प्रबंधन भी गरीब और जरूरतमंद रोगियों को रक्त विकारों का इलाज प्रदान करने के लिए सीएसआर योजना के तहत धन जुटाने की कोशिश कर रहा है।

ऑक्टोपस ऑपरेशन में भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद

बड़गड़/गढ़वा। बूढ़ा पहाड़ पर चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। पुलिस के सर्च अभियान में माओवादियों के छोड़े गये विस्फोटक सहित अन्य सामग्री बरामद किया जा रहा है। शनिवार को बूढा पहाड़ के थलिया गांव में कोबरा 203 व सीआरपीएफ की 172 बटालियन की संयुक्त सर्च अभियान में 800 मीटर इलेक्ट्रिक तार, एक हंबर, काला वर्दी, एक किलो आईईडी केन, 80 मीटर कॉर्डेक्स तार, इलेक्ट्रिक व नन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, वायरलेस सेट, दो पेटी कंडोम, लेटरपैड, बैनर, नक्सली झंडा, आईईडी बनानेवाला पाउडर, तीन लीटर आईईडी केमिकल के अलावे दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। बूढ़ा पहाड़ पर माओवादियों के विरुद्ध चलाये गये ऑपरेशन ऑक्टोपस के दौरान पुलिस ने अब तक झाऊलडेरा, जोंकपानी, झंडी पहाड़ सहित अन्य जगहों से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर चुकी है।

न्यूज गैलरी

अशोक अंजलि ट्रस्ट द्वारा कंबल का किया गया वितरण

सिल्ली। अशोक अंजलि ट्रस्ट सिल्ली के तत्वाधान में सिल्ली मंडप टोला शिव मंदिर परिसर में कंबल वितरण किया गया। ट्रस्ट के रूपक साहू, संजय साहू, भरत कोइरी, मनोज कोइरी ने आसपास के 30 बृद्ध एवं असहाय महिला व पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर सभी लोगों ने ट्रस्ट के संचालक अशोक साहू एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वहीं रुपक साहू ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ रही ठंड को देखते हुए ट्रस्ट के संचालक अशोक साहू के निर्देश पर कंबल का वितरण किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के संचालक वर्तमान में उड़ीसा के रायगढ़ में रहते हुए भी हमेशा सिल्ली क्षेत्र में समाज सेवा में लगे रहते हैं। ट्रस्ट गरीबों, निर्धन एवं असहाय लोगों के लिए निरंतर सेवा करते आया है और आगे भी करता रहेगा। इस मौके ट्रस्ट के सदस्य समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

सिल्ली थाना में संविधान दिवस मनाया गया

सिल्ली। संविधान दिवस पर शनिवार को सिल्ली थाना परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी आकाशदीप ने सभी पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि संविधान के दायरे में रहकर हमसभी को काम करना है। भारत का संविधान ही हमलोगों के लिए सर्वोपरि है। इस मौके पर एस आई बीरेंद्र चौड़े, समीर भगत, अनुप टोप्पो, रविशंकर मिश्रा, राजिव कुमार समेत पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

20 वर्षीय युवक ने अपने सिर पर गोली मारकर आत्महत्या की

मांडर। मांडर थाना अंतर्गत टांगर बसली में शनिवार को सुबह अपने घर में 4:30 बजे 20 वर्षीय अमीन अंसारी ने अपने सिर पर गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। मांडर थाना प्रभारी बिनय कुमार यादव सूचना पाकर अपने दल के साथ टांगरबसली उस के घर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया, और उसके बाद शव को थाना लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए राँची रिम्स भेज दिया गया।

ओरमांझी में संविधान दिवस मनाया गया

ओरमांझी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रांगण में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर प्रखंड सह अंचल प्रांगण में सपथ सभा का आयोजन कर संविधान का प्रति पढ़कर उसे अपनाने का शपथ लिया। संविधान दिवस 26 नवम्बर भारतीय के लिए खास दिन है। 26 नवम्बर 1949 के ऐतिहासिक दिन को दर्शाता है जब संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाया गया था। भारतीय संविधान कई मायनों में विश्व के अन्य देशों के संविधान से अलग है , लेकिन विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान होने से अन्य देशों से बेहद अलग बनाता है। हमारे संविधान को बनने में 2 साल से भी अधिक समय लग गया था। भारत मे आजादी के बाद संविधान बनाने का कार्य 1946 में संविधान सभा को दिया गया था।

मारवाड़ी कॉलेज के द्वारा कुश्ती सिलेक्शन ट्रायल आयोजित

रांची । शनिवार को मारवाड़ी कॉलेज, रांची के द्वारा रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज कुश्ती सिलेक्शन ट्रायल 2022 का आयोजन किया गया। इस सिलेक्शन ट्रायल में मारवाड़ी कॉलेज, एसएस मेमोरियल कॉलेज, गोस्सनर कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, बीएस कॉलेज, लोहरदगा, कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला, पीपीके कॉलेज, बुंडू तथा योगदा सत्संग, कॉलेज रांची के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

मांडर के विभिन्न संस्थानों में छात्र-छात्रों ने संविधान दिवस मनाया

हम सभी को संविधान की रक्षा कर लोकतंत्र को सही दिशा में आगे ले जाने का प्रयास करना चाहिए : दीपाली पराशर

नवीन मेल संवाददाता

मांडर। माण्डर के कंदरी में स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन, कन्दरी में बीएड, डीएलएड, बीएससी नर्सिग, जीएनएम एवं फॉमेर्सी के छात्र/छात्राओं के द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने संविधान की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए तथा लोगों को संविधान की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी को संविधान की रक्षा कर लोकतंत्र को सही दिशा में आगे ले जाने का प्रयास करना चाहिए। बी.एड. के प्राचार्य उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि आवश्यकता क्यों पड़ रही है संविधान दिवस मनाने की,उत्तर स्पष्ट है कि संविधान में वर्णित अधिकार एवं कर्त्तव्यों को याद



कर, अनुपालन कर राष्ट्र को समृद्ध बनाने में अपनी भूमिका अदा करने की हम सभी को आवश्यकता है। बी.एड. के विभागाध्यक्ष राकेश कुमार राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमें एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है और हमें किसी धर्म या जाति में मतभेद न करते हुए एकता के मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाती है। डी.एल.एड. के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि इतने सुव्यवस्थित, सुसंगठित संविधान होने के बावजूद भी समाजिक समरसता के धरातल पर विकास का यह दावा कितना सटिक बैठता है, यह सोचने और समझने की जरूरत है। इस दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को मुबई घटना में शहीद हुए हमारे भारत देश के जवानों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर उनके इस बलिदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई। इस दिवस के अवसर पर नर्सिंग की प्राचार्या श्रीमती निहारिका श्रीवास्तव, व्याख्याता सलमा खातुन, अर्चना सिंह, रीभा कुमारी, कृपा शंकर सिन्हा, इमील टोप्पो, रोहिनी, गौरी, कुमार संकेत, साकीब ईमाम, अंजेला मिंज तथा कर्मचारी एस.एन. सहाय, तुलसी दास, नवरंजन, सुनील कुमार, जयप्रकाश मिश्रा, अर्पणा कुमारी, राहुल, चंदन झा, चिन्ता उरांव, इरमा मिंज, अमन वर्मा, बंटी ओझा, सुरेन्द्र सिंह, इमरोज अंसारी, सलमान अंसारी आदि उपस्थित थे।

मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

उप निर्वाचन पदाधिकारी को उपायुक्त ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी रांची अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का बाह्य निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची श्रीमती मेरी मड़की एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। आपको बतायें कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

सात जन्मों तक रहने के वचन के साथ आज बंध जाएंगे 51 जोड़े

रांची । विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के तत्वाधान में मी टू वी सहित विभिन्न समाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से 27 नवंबर रविवार को सुबह 8:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक गौशाला प्रांगण सुकूरहुटू, कांके में 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया है। शनिवार को पूर्वाहन 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर तुलसी वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विवाह समारोह में मुरारी अग्रवाल एवं सरोज अग्रवाल के पुत्र निखिल अग्रवाल व पुत्रवधू श्रद्धा अग्रवाल तथा पुत्री नेहा अग्रवाल एवं दामाद प्रवीण अग्रवाल के विवाह वर्षगांठ के अवसर पर 26 जोड़ों को शादी के उपहार भेंट करेंगे तथा राजू केडिया मुन्ना की विवाह के 25 वीं वर्षगांठ (केडिया वस्त्रालय,हिनू) के द्वारा 25 जोड़ों को शादी के उपहार भेंट किए जाएंगे। गौशाला प्रांगण, सुकुरहुटू, कांके में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व 200 दिव्यांगजनो एवं विशेष प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा। दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर्स, एल्बो छड़ी, बैसाखी, वाकर आदि का वितरण, वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की सेवा कार्य, किन्नर समुदाय के सदस्यों को आदर सम्मान, गौ सेवा तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मे छऊ नृत्य का आयोजन किया जाएगा।

अतिक्रमण करने वाले 25 दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

नामकुम। रांची-टाटा मार्ग के नामकुम बाजार चौक के समीप करीब 500 मीटर की दूरी तक अतिक्रमण करने सभी दुकानदारों के खिलाफ शनिवार को नामकुम थाना ने विशेष अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व कर रहें थाना के सब इंस्पेक्टर अकाश कुमार चौक के समीप 25 दुकानदारों द्वारा किये अतिक्रमण तत्काल हटाने कहा गया। इसके साथ ही सड़क के किनारे लगे सभी समान, साईन बार्ड, चबुतरा व शेड दो दिन अंदर हटाने कया गया। इस दौरान सभी दुकानदारों को लिखित सूचना देते हुए अतिक्रमण ना हटाने वाले सभी 107 के तहत के छह माह जेल प्रवाधान के तहत केस दर्ज होगा। सब इंस्पेक्टर ने सड़क किनारे सभी समान को हटवाया। वहीं इस संबंध में समाजसेवी वीकू सिंह उर्फ राजा साहब ने बताया कि नामकुम बाजार चौक सबसे व्यस्तम मार्ग है। लेकिन सैकड़ों की संख्या में सभी दुकानदार अपनी मनमानी कर फुटपाथ पर समान रख कर व्यपार कर रहें है। पिछले दो माह प्रतिदिन अतिक्रमण के कारण सड़क जाम हो रहा है। रांची-टाटा मार्ग का मुख्य मार्ग होने के साथ ही वीआईपी का अवागमन होता है। इस मार्ग से गुजरने के लिए एक पल के सभी विचार करना पड़ता है।

ब्राम्बे स्थित झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

नवीन मेल संवाददाता

मांडर। प्रखंड के ब्राम्बे स्थित झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन विभाग द्वारा संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रातः लगभग 11 बजे विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर ए.पी. झामखेडकर (चांसलर, डेक्कन कॉलेज, पुणे, महाराष्ट्र) द्वारा ₹आदर्श राजा, कौटिल्य के अनुसार राजर्षि और भगवद गीता में राजर्षि की अवधारणा₹ पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान का आयोजन छात्रों और शिक्षकों को संविधान एवं हमारे इतिहास को लेकर जागरूक करने के लिए किया गया। डॉ.

आलोक कुमार गुप्ता, राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन विभाग के एचओडी और मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल के डीन ने मुख्य वक्ता प्रो. ए.पी. झामखेडकर का स्वागत किया और विषय से सबका परिचय करवाया। उन्होंने बोला कि प्राचीन काल में भी लोकतंत्र था और यह एकदम सामने ना हो कर हमारे देश की महान संस्कृति में सम्मिलित था। भारत में अभी भी यह संस्कृति है और लोकतंत्र इस आधुनिक समय में जीवित है और स्वतंत्रता के 75 साल होने पर फल फूल रहा है। प्रोफेसर जामखेडकर ने राजश्री की अवधारणा के बारे में बात की जिसमे राजा और अश्वमेध यज्ञ आते थे। उन्होंने वाजपेय और राजसूय के माध्यम से राजा और वैदिक बलिदानों की अवधारणा को समझाया। उन्होंने उस युग के दौरान बौद्ध और जैन धर्म और उनकी किंवदंतियों और मिथकों और चक्रवर्ती के विचार के बारे में भी बताया। उन्होंने कौटिल्य के अर्थशास्त्र में एक आदर्श राजा की अवधारणा पर भी विमर्श किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उस अवधि के दौरान कानून, व्यवस्था और विदेश नीति कैसे चलती थी।

विधायक ने प्रखंड के विभिन्न गांवों के सड़क मरम्मति का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

मांडर। मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड के विभिन्न गांवों के जीर्ण संपर्क पथों के मरम्मती का शिलान्यास किया। एनएच-75 मांडर कॉलेज गेट से सोसई गाँव तक के लिए 2:200 किलोमीटर पक्की सड़क की मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया, ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित स्वप्न हुवे पूरे, काफी समय से ये सड़क जर्जर अवस्था में आने जाने वाले लोगों के लिए जानलेवा बनी हुई थी ।वहीं दूसरी ओर बूढ़ाखुखरा कैम्बो रोड से बांसजाड़ी तक पथ मरम्मती का शिलान्यास भी किया साथ ही मांडर बुढ़मु रोड से बहेरा टोली तक पथ मरम्मत का शिलान्यास शिल्पा नेहा तिर्की ने करते हुए प्रखंड वासियों को अपने द्वारा किए चुनावी वादों को पूर्ण करने का ठोस कदम उठाया। मौके पर तुफैल अंसारी,रजिद अंसारी, अमानत अंसारी, सहाबुद्दीन अंसारी, जावेद अंसारी सहित पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर सहित अन्य मौजूद थे।

सुखाड़ प्रभावित कृषक परिवारों को आनुग्राहिक राहत भुगतान को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

बीडीओ को माइक्रोप्लान तैयार कर किसानों से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। न्यून वषार्पात एवं अल्प फसल आच्छादन के फलस्वरुप रांची जिले के सुखाड़ प्रभावित कृषक परिवारों को आनुग्राहिक राहत भुगतान को लेकर आज दिनांक 26 नवंबर 2022 को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर श्री दीपक दुबे, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू श्री अजय कुमार, अपर समाहर्त्ता, रांची श्री राजेश बरवार, अपर समाहर्त्ता (नक्सल) श्री रामवृक्ष महतो, जिला कृषि पदाधिकारी श्री विकास कुमार, जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीएससी मैनेजर, ईडीएम एवं

अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा न्यून वषार्पात एवं अल्प फसल आच्छादन के फल स्वरुप जिले के 16 प्रखंडों में सुखाड़ प्रभावित कृषक परिवारों एवं भूमिहीन कृषक मजदूर को आनुग्राहिक राहत भुगतान हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची जिला में कांके और राहे प्रखंड को छोड़कर 16 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। उन्होंने इन प्रखंडों के प्रभावित कृषक परिवारों एवं भूमिहीन कृषक मजदूर को आनुग्राहिक राहत भुगतान हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए प्रज्ञा केंद्रों को पंचायतवार टैग करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ देने के लिए आवश्यकता पड़े तो किसानों का डोर टू डोर निबंधन भी कराएं। उपायुक्त द्वारा प्रत्येक प्रज्ञा केंद्र का प्रभारी भी बनाए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा योजना का लाभ देने के लिए किसानों को चिन्हित करने हेतु किसान गोष्ठी का आयोजन करें और इसमें मुखियागण, वार्ड मेंबर, पंचायत समिति को भी शामिल करें। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को माइक्रोप्लान तैयार कर किसानों से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने 1 सप्ताह में पंचायतवार कैंप लगाकर प्रज्ञा केंद्र को टैग करते हुए सुखाड़ प्रभावित किसानों एवं भूमिहीन कृषक मजदूर जिनकी कृषि आधारित आजीविका का साधन सुखाड़ से प्रभावित हुआ हो उनका ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जारी एसओपी के अनुरूप प्राप्त आवेदनों का सत्यापन भी सुनिश्चित करें।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ओबीसी का इम्पीरीकल डाटा तैयार करने के लिए सरकार फैसला करें : ओबीसी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ट्रीपल टेस्ट के बुनियाद पर ओबीसी का इम्पीरीकल डाटा तैयार करने के लिए सरकार फैसला करें एवं विधानसभा में पारित ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण तत्काल लागू करें। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने संविधान दिवस पर आयोजित आक्रोश मार्च में सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ओबीसी स्थानीय निकायों में आरक्षण का कोटा सुनिश्चित किए बिना पंचायत चुनाव करा लिया गया है, जबकि अन्य राज्यों में उसी समय ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई कर ओबीसी वर्ग को पंचायत में आरक्षण सुनिश्चित किया गया। दूसरी तरफ ओबीसी का सरकारी पदों में व शिक्षा का आरक्षण 14 परसेंट से बढ़ाकर 27 परसेंट तो किया गया, परंतु उसे बिना लागू किए केंद्र सरकार के पास 9वीं अनुसूची में डालने की अनुशंसा कर दी गई, यानी ओबीसी का यह आरक्षण केन्द्रीय सरकार के निर्णय पर लंबित रहेगा? इससे ओबीसी वर्ग को तत्काल आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। झारखंड आंदोलनकारी

आजम अहमद ने कहा की झारखंड में भी ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कई बार आंदोलन के माध्यम से मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा था, जिस पर राज्य सरकार द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। वहीं सूबेदार एस एन सिंह कुशवाहा एवं प्रदेश सचिव अजय मेहता ने संयुक्त रूप से कहा कि पंचायत चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी ओबीसी आरक्षण हेतु ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई करने से संबंधित ज्ञापन सरकार को सौंपा गया था, बावजूद कोई पहल नहीं हुई। प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर ने कहा कि आसन्न नगर निकाय चुनाव 2022 में भी चुनाव आयोग द्वारा निकाले गए आरक्षण की अधिसूचना में ओबीसी वर्ग को विलोपित कर दिया गया, जबकि मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र की राज्य सरकार द्वारा ट्रिपल टेस्ट के माध्यम से ओबीसी वर्ग का डाटा इकट्ठा कर कोटा सुनिश्चित कर चुनाव कराया गया। वहीं झारखंड में ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पर कोई सरकारी पहल नही की गई है। आक्रोश मार्च निकालने से पूर्व भारत के संविधान का प्रस्तावना पाठ जयराम ठाकुर द्वारा पढ़ा गया।

हटिया रेलवे स्टेशन के कोचिंग डिपो से एक महिला का शव बरामद

रांची। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हटिया रेलवे स्टेशन के कोचिंग डिपो से शनिवार को एक महिला का शव बरामद किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो पायी है। पहचान करने के लिए आसपास के थानों को महिला की तस्वीर भेजी गई है। पुलिस को आशंका है कि महिला की ठंड लगने से मौत हुई है। इस संबंध में पुलिस अभी कोई पुष्टि नहीं कर पा रही है। उसका कहना है कि जांच जारी है हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा। मामले में जगन्नाथपुर थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है।

नामकुम में दो दिवसीय आयुष मेला सह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

शिविर के दौरान नि:शुल्क जांच के साथ दवा का वितरण भी किया गया

नवीन मेल संवाददाता

नामकुम। नामकुम प्रखंड कार्यालय परिसर में दो दिवसीय आयुष मेले सह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयुष मेले का अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, अंचल निरीक्षक श्रवण कुमार झा, स्वास्थ्य प्रभारी एस माइकल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ जायसवाल ने कहा कि प्रखंड परिसर में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य आयुष मेला का आयोजन किया गया है। इस शिविर में यूनानी, आयुर्वेदिक, हैमोपैथ, एलोपैथ के स्टाल लगाए गए हैं। शिविर के दौरान निःशुल्क जांच के साथ दवा का वितरण भी किया गया। आयुष मेले का उदेश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो। इस दौरान आयुषधी पौधे का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयुष प्रभारी अरविंदर पाठक ने किया। इस मौके पर दिलीप शिग्रिवाल, अरविन्द कुमार, दिलीप सिंह, रजनीगंधा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

नामकुम में दिवायांग शिविर 28 को

नामकुम। सेल रांची कि ओर से नामकुम प्रखण्ड परिसर में 28 नवंर को राज्यस्तरीय दिव्यांगजनों के लिए शिविर सह सहायक उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन किया गया है। बीडीओ ज्ञान शंकर जायसवाल व समावेशी शिक्षा संसाधन शिक्षिका रजनीगंधा ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान सभी को संबंधित प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत होने कहा गया है। वहीं शिविर में जांच शारीरिक दिवायांग, बौद्विक, दिव्यांग पूर्ण दृष्टि बाधित, श्रवण दोष की जांच होगी।

न्यूज गैलरी

ज्ञानोदय उच्च विद्यालय के संस्थापक के निधन से शोक की लहर



रांची। ज्ञानोदय उच्च विद्यालय के संस्थापक सचिव वी एन पांडे के निधन से पूरा परिवार मर्मआहत है। उनके निधन से शोक की लहर फैल गयी है। उन्होंने लगभग 20 वर्षों तक विद्यालय के सचिव के रूप में कार्य करते हुए विद्यालय को एक नया मुकाम तक पहुंचाया। विद्यालय के सचिव डॉ. भीम प्रभाकर ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके परिवार को शक्ति प्रदान करने की अपील की है स्वर्गीय बीएन पांडे जी 1971 ई में सीसीएल कर्मी होते हुए विद्यालय की स्थापना की थी आज विद्यालय में लगभग 700 बच्चे अध्ययनरत हैं उनके। निधन की सूचना पर विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया और उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्राचार्य निशा शर्मा दिनेश कुमार सिंह सुनील सिंह रंजीत उपाध्याय कृष्ण कुमार, धीरेंद्र कुमार मांडवी, प्रीति सिंह, अलका सिन्हा, सुनीता कुमारी, ममता कुमारी, रंजीत उपाध्याय, श्वेता कुमारी, गुलाबश, प्रवीण, पिंकी केरकेट्टा, गोपेश तिवारी, आशा मीज, आलोक कुमार सहित विद्यालय के सभी कर्मी और विद्यार्थी शामिल हुए।

भारतीय वैश्य महासभा ने सदस्यता अभियान की शुरूआत की : हरिनाथ

कांके। रांची संविधान दिवस के पावन अवसर पर भारतीय वैश्य महासभा रांची के बापू वाटिका से सदस्यता अभियान कि शुरूआत किया। कैंप का उद्घाटन आरटीएसएम के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू एवं संजय गुप्ता के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति प्रसाद ने कहा कि झारखंड के राजधानी रांची से सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई है, प्रदेश के सभी जिलों में सदस्यता चलाया जाएगा। उद्घाटनकर्ता हरिनाथ साहू ने पूरे भारतवर्ष एवं झारखंड प्रदेश के वैश्य बन्धुओं को एक सूत्र में बंधने का संकल्प दिलाते हुए, देश की आजादी एवं अलग झारखंड राज्य की लड़ाई में वैश्य समाज की अहम भूमिका पर प्रकाश डालें। विशिष्ट अतिथि युवा प्रदेश महासचिव अजय मंडल ने कहा कि वैश्य समाज के 56 उपजातियों को एकजुट करने के लिए सदस्यता अभियान कि शुरूआत हुई है। एक साल के अंदर प्रदेश के सभी गांवों तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कई लोगों ने सदस्यता अभियान का हिस्सा बने। अशोक साहू, रंजय कुमार, भुटाली, रीया भारती, रामेश्वर प्रसाद, रौशन गुप्ता, विशाल सोनी, प्रमोद जयसवाल, प्रेम चंद्र प्रसाद, दामोदर प्रसाद, जोधन साहू, राजकुमार साहू, चंद्रा देवी साहू, अजय साहू, प्रेम कुमार यादि ने संस्था का सदस्य बने।

वेंचर स्किल अंडर सिक्सटीन स्कूल क्रिकेट लीग में सरला बिरला और करेली को पूरे अंक

रांची। रांची जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में चल रही इस प्रतियोगिता के तहत आज गोल चक्कर मैदान में खेले गए मैच में डीएवी बरियातू की टीम में पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 .4 ओवर में 161 रन बनाए जवाब में सरला बिरला की टीम 27 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाकर मैच को जीत लिया इस जीत में अक्षत ने नवाद 41 हर्षित ने 31 रनों का योगदान किया रोनित ने 34 रन देकर तीन और मिनाल ने 2 विकेट लिए इससे पूर्व डीएवी बरियातू की की ओर से अक्षत ने 25 सूर्या ने थर्टी वन और रोनित ने 21 रनों का योगदान किया लाल रूपक और आदित्य को दो-दो विकेट मिले । वहीं शाखा मैदान में खेले गए मैच में करेली स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट पर 268 रन बनाए जिसमें आदित्य ने 90 श्रेयांश ने 85 और एसएम जुबिन ने 35 रनों का योगदान किया है कृष ने 38 रन देकर चार विकेट लिए जबकि पार्थ ने 2 विकेट लिए जवाबी पारी खेलते हुए संत माइकल की टीम ने 30 ओवर में 173 रन बनाकर ऑल आउट हो गए कृष ने 62 गौरव ने 24 और दीपांशु में 21 रन बनाए तेजस ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए श्रेयांश को दो विकेट मिला।

उपायुक्त ने संविधान के प्रति निष्ठा व कर्तव्य परायणता की सामूहिक दिलायी शपथ

हमारा संविधान सभी आदर्शों को पूरा करता है

> अपर डीसी ने कहा कि देश में महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी कुर्बानी देकर हमें स्वाधीन भारत दिया। पूरे संविधान को बनाने में जितने भी लोगों ने अपना दायित्व निभाया है उन्होंने भविष्य को दिमाग में संजोकर रखा होगा कि आगे आने वाले भारत में किन-किन चीजों की आवश्यकता पड़ेगी।

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर एटीआई सभागार में भारत के संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की सामूहिक शपथ ली गई। शपथ कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का पठन भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं समाहरणालय कर्मियों की उपस्थिति में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में रणेन्द्र कुमार, निदेशक टीआरआई एवं अन्य पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित थे। पदाधिकारी/ कर्मियों को भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए, दृढ संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलाई गई। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे देश में महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी कुर्बानी देकर हमें स्वाधीन भारत दिया। पूरे संविधान को बनाने में जितने भी लोगों ने अपना दायित्व निभाया है उन्होंने भविष्य को दिमाग में संजोकर रखा होगा कि आगे आने वाले भारत में किन-किन चीजों की आवश्यकता पड़ेगी, इस दृष्टिकोण से हमारा संविधान सभी आर्दशों को पूरा करता है। आज के दिन भारत के हर नागरिक के पास समता का अधिकार है, मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि संविधान के सभी बिंदुओं का हम सभी को पालन करना चाहिए। सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त ने कहा कि आज संविधान दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से करेंगे तथा देश, राज्य, जिले, गांव तथा अपने समाज के हित में अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाएंगे।

सीसीएल में सूक्ष्म व लघु उद्यमी उत्पादों की लगाएंगे प्रदर्शनी

रांची। सीसीएल दरभंगा हाउस में 28-29 नवंबर को वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन एमएसएमई-विकास कार्यालय रांची व सीसीएल की ओर से किया जाएगा। इसका शुभारंभ उद्योग विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल करेंगी। एमएसएमई विकास संस्थान के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव, सीसीएल (एमएम) विभाग के विभागाध्यक्ष श्याम नारायण महतो ने इसकी जानकारी दी। दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम एवं औद्योगिक प्रदर्शनी में सूक्ष्?म एवं लघु उद्यमी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। गौरतलब है कि सार्वजनिक क्रय नीति 2012 के तहत केन्द्र सरकार के सभी विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को अपने वार्षिक क्रय का 20 फीसदी सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से खरीदारी करना अनिवार्य है।

मोदी सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में किसान संगठनों का राजभवन मार्च

न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून बनाये केंद्र सरकार : भुवनेश्वर मेहता

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को केंद्र सरकार के वादाखिलाफी के विरोध में राष्ट्रव्यापी किसान संगठनों की ओर से राजभवन के समक्ष आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, महासचिव अखिल भारतीय किसान सभा के महेंद्र पाठक। झारखंड राज्य किसान सभा के सचिव सुफल महतो, अध्यक्ष सुरजीत सिन्हा, किसान संग्राम समिति के सचिव राजेंद्र गोप, राजद किसान प्रकोष्ठ के राजेश यादव उपस्थित थे। जिला स्कूल मैदान से केंद्र सरकार के विरोध में गगनभेदी नारे लगाते हुए किसान संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता झंडा बैनर फेस्टून के साथ विशाल मार्च निकाला, जो राजभवन के समक्ष आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन करते हुए सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता राजेंद्र गोप ने किया, सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों को धोखा दिया है। एक साल बीत जाने के बावजूद किसानों से किए गए वादे को निभाने में सरकार विफल रही है। उत्तर प्रदेश के चुनाव को देखते हुए दिल्ली में किसानों की जन दबाव के कारण तीनों काले कानून को वापस लिया गया था, वापस लेते वक्त उन्होंने किसानों से वादा किया था कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून बनाया जाएगा।

श्री श्याम मंदिर में 38वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया

3100 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण

कल होगा खाटू नरेश का केसर चंदन से भव्य श्रृंगार

श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में अमावस्या बुधवार को खाटू नरेश का महास्नान हुआ था। उसके बाद सोमवार 28 नवंबर को खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार होगा। नवीन भागा पहनाकर फूलों का विशेष श्रृंगार करके पंच मेवे का भोग लगाया जाएगा। मंत्री श्री गौरव अग्रवाल ने सभी जानकारी दी।

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 38 वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। कांके रोड निवासी उषा अग्रवाल ने पुत्र केशव अग्रवाल, पुत्र वधू प्रभा अग्रवाल व सुपौत्र अदवय के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि 38 वें श्री श्याम भंडारे में आज केसरिया खीर वेजिटेबल पुलाव व दाल सब्जी का प्रसाद निर्मित किया गया था । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी की देखरेख में मंदिर के श्याम रसोई में भंडारे का प्रसाद बनाया गया। श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवता को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया गया । प्रसाद अर्पित के समय पूरा श्री श्याम मंदिर खाटू नरेश की जय जयकारों से गूंज उठा। आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी जैसे सुमधुर भजन गायन करके ठाकुर की मनोहर की गई। भोग का प्रसाद विशाल भंडारे में मिश्रित करके महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्य को भंडारे का प्रसाद खिला कर दक्षिणा प्रदान कर यजमान श्री अग्रवाल परिवार ने आशीर्वाद प्राप्त किया। श्याम मंदिर के पास भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने के लिए भक्त जनों की कतार लगनी शुरू हो गई। भक्तजन बजरंगबली की जय जयकार कर रहे थे। यजमान श्री अग्रवाल परिवार ने मंडल के कार्यकताओं के साथ श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया लगभग 3100 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। पूरा मंदिर परिसर भक्तजनों से भरा हुआ था। मंदिर के भक्तजन भजनों का गायन करके अपनी श्रद्धा सुमन निवेदित कर रहे थे। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण व अन्य व्यवस्था में सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नर्सरिया, पंकज गाड़ोदिया, पूर्व सांसद अजय मारू, अमित सराओगी, उषा अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल केशव अग्रवाल राजेश चौधरी ने सहयोग किया।

मधुमक्खी पालन का पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

जिला परियोजना पदाधिकारी ने लोगों को आत्मनिर्भर बनने का सिखाया गुर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों के प्रशिक्षण का शुभारंभ जे टी डी एस के जिला परियोजना अधिकारी सचितानंद कुमार ने किया। भारतीय लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है। प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया, प्रखंड समन्वयक देवकिशोर, सरोज यादव, सुमित ओझा, मेरी सोरेन व हरेंद्र ने लाभुकों को संबोधित किया। इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए।जिला परियोजना पदाधिकारी सचितानंद कुमार ने ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन से होने वाले लाभ एवं उत्पादों के विभिन्न उपयोगों का संक्षिप्त विवरण दिया, इसके अलावा उन्होंने लाभार्थियो से अपील की जे टी डी एस के सहयोग से जीविकोपार्जन को बढ़ाये एवं प्रवास काम करें।प्रशिक्षण को 2 हिस्सों में किया जाना है। पहला चरण 7 दिनों का जिसमे मधुमक्खी पालन से संबंधित जानकारी दी जाएगी एवं दूसरे चरण जो कि 8 दिनों का में व्यवहारिक अध्यन किया जाएगा।

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ता पहुंचे दिल्ली, समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

दिल्ली। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह के अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश से हजारों हजार फाउंडेशन के कार्यकर्ता सड़क मार्ग बस एवं रेल मार्ग से दिल्ली पहचें। रास्ते में फाउंडेशन के समर्थकों ने झारखंड प्रदेश के कार्यकर्ताओं का जोरदार स्वागत किया। विदित हो झारखंड राज्य के लोकप्रिय सांसद,विधायक एवं गणमान्य लोगों ने फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं को दिल्ली के लिए रांची से हरी झंडी दिखाकर एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देकर विदा किया था। प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह ने कहा जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर देश भर से लगभग लाखों की संख्या में सनातनी जंतर मंतर दिल्ली में फाउंडेशन द्वारा आयोजित महारैली में भाग लेने पहुंचें हुए हैं। जनसंख्या का बढ़ता हुआ असंतुलन भविष्य के लिए गंभीर खतरा है।महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष संपति देवी ने कहा भारत सरकार से आग्रह है की जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द से जल्द लागू हो। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने कहा दिल्ली जंतर मंतर महारैली में हिस्सा लेने पहुंचीं महिलाओं काफी उत्साहित नजर जा रही थीं। रास्ते मे रामगढ़ के छोटू वर्मा, अनामिका श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, पबी बजरंगी, रामप्रसाद मुखर्जी, विनोद कुमार, रविचंद्र शेखर आदि आदि फाउंडेशन के समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। मीडिया प्रभारी किशोर शर्मा जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

साइबर अपराधियों ने रिम्स के डॉक्टर को लगाया 1.20 लाख का चूना

नवीन मेल संवाददाता

रांची। साइबर सुरक्षा को लेकर तमाम तरह के प्रचार प्रसार पुलिस के द्वारा किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद साइबर अपराधी अपनी जाल में फंसा कर लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ा रहे हैं ताजा मामला रिम्स के डॉक्टर शौभिक दास का है, डॉक्टर को झांसे में लेकर साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 1 लाख 20 हजार गायब कर दिए।

थाने में दर्ज करवाई एफआईआर

साइबर ठगी होने के बाद डॉक्टर शौभिक दास के द्वारा रांची के बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में ठगी के शिकार डॉक्टर ने बताया है कि सुशील कुमार के एक शख्स ने ओएलएक्स पर उससे एक फर्नीचर खरीदने की इच्छा जताई थी , डॉक्टर को अपना पुराना फर्नीचर बेचना था इसलिए उन्होंने ओएलएक्स में फर्नीचर बेचने से सम्बंधित एड डाला था. डॉक्टर के अनुसार सुशील कुमार नाम के एक शख्स ने उनके फोन नंबर पर कॉल कर उनसे संपर्क किया और फर्नीचर खरीदने के बहाने ही अपने यूपीआई आईडी देने को कहा , क्यूआर कोड स्कैन करते हैं डॉक्टर के खाते से पैसे 97 हजार रुपये निकाल लिए गए, जब उन्होंने तथाकथित साइबर अपराधी से इस मामले की शिकायत की तो उसने कहा कि गलती से आपके खाते से पैसे कट गए हैं पैसे वापस लेने के लिए आपको एक और क्यूआर कोड भेज रहे हैं जब आप उसे स्कैन करेंगे तब आपके पैसे वापस हो जाएंगे। डॉक्टर साइबर अपराधी के झांसे में आकर दोबारा क्यूआर कोड को स्कैन कर दिया जिसके बाद उनके खाते से दूसरी बार भी पैसे गायब कर दिए गए । पैसे गायब होने के बाद जब एक बार फिर डॉक्टर ने तथाकथित साइबर ठग से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका नंबर तबतक बंद हो चुका था . डॉक्टर कब समझ आ चुका था कि उनको झांसे में रख साइबर अपराधियों ने उनके खाते से पैसे गायब कर दिए हैं जिसके बाद वह सीधे थाने पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज करवाई।

नम्बर और खातों के डिटेल भी करवाये उपलब्ध : ठगी के शिकार डॉक्टर शौभिक दास रिम्स के ऑथोर्पेडिक डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर है , दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने जिस खाते में साइबर अपराधियों ने पैसे लिए उसका डिटेल भी पुलिस को उपलब्ध कराया है ताकि साइबर अपराधियों के बारे में पुलिस जानकारी हासिल कर सके. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बराती पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

रिम्स में 370 नई नर्सों ने दिया योगदान

रांची। रिम्स को 370 नई नर्सें मिली हैं। शनिवार को सभी नई बहाल नर्सों ने अपना योगदान दिया है। इसके बाद अब मरीजों की देखरेख में होने वाली परेशानी का अधिक सामना नहीं करना पड़ेगा। जल्द ही नर्सों की पोस्टिंग हो जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। बता दें कि रिम्स में ए ग्रेड नर्स के लिए 370 पद, इनमें 350 नियमित और 20 पद बैकलॉग की नियुक्ति को लेकर इसी साल झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने विज्ञापन जारी किया था। परीक्षा पास करने वाली 370 नर्सों ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद रिम्स में अपना योगदान दिया है। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि नर्सों के पोस्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि वर्तमान में रिम्स में 2000 मरीजों की देखभाल करने के लिए सिर्फ 379 नर्स काम कर रही हैं, जबकि इंडियन नर्सिंग काउंसिल के अनुसार जनरल वार्ड में 3 बेड पर एक नर्स का होना जरूरी है।

संविधान हमें दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने की जिम्मेदारियों का अहसास दिलाता है : डॉ. प्रदीप केरकेट्टा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) ने फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल ऑडिटोरियम में 26 नवंबर, शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत संविधान दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, सहायक निदेशक, एक्सआईएसएस, डॉ अमर ई. तिग्गा, डीन एकेडेमिक्स, फैकल्टी, और एक्सआईएसएस के छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी उपस्थित लोगों ने भारत के संविधान की प्रस्तावना के शपथ के साथ की। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप केरकेट्टा एसजे, सहायक निदेशक, एक्सआईएसएस ने कहा, संविधान के महत्व को प्रतिबिंबित करना और समझना महत्वपूर्ण है। ये हमें दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने की हमारी जिम्मेदारियों का एहसास दिलाता है। समाज को तरक्की की ओर अग्रसर कराना ही आज की आवश्यकता है। डॉ. अमर ई. तिग्गा, डीन एकेडेमिक्स एक्सआईएसएस ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, संविधान सभी का ख्याल रखता है। हमारे भारतीय समाज में एक खाई है, जो हमारे लिए एक चुनौती है। हमें इस अंतर को काम करने और समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर सोचने की और ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। एक्सआईएसएस के रोटरैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर) ने एक क्विज और डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। क्विज प्रतियोगिता के विजेता टीम ए के सत्यम कुमार और अपराजिता शर्मा थे, और उपविजेता टीम बी की रितिका सिंह और ऋचा पोद्दार थीं। क्लब आवाज द्वारा संविधान का महत्वर विषय पर प्रस्तुत स्किट ने सभी को मौलिक अधिकारों की याद दिलाते हुए संविधान के महत्व को समझाया। क्लब पल्स ने 'देश रंगीला' और 'शुभ दिन' जैसे गीतों पर एक जोरदार नृत्य प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा।

न्यूज गैलरी

संविधान दिवस पर कैरो में सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन

कैरो / लोहरदगा। संविधान दिवस के अवसर पर डॉ अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय खेल मैदान में प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के द्वारा शनिवार को सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच प्रखण्ड, अंचल व विद्यालय तथा कैरो पत्रकार व अन्य के बीच खेला गया। जिसमें पहले बैटिंग करते हुए कैरो पत्रकार व अन्य की अम्बेडकर एकादश की टीम दस ओवरों में 90 रन बनाई वहीं जबाबी पारी खेलते हुए प्रखण्ड,अंचल व विद्यालय की राजेन्द्र प्रसाद एकादश की टीम ने आठ ओवरों में 57 रन पर ही सिमट गई। मैच को अंबेडकर एकादश ने 33 रन से जीत लिया। मैन आफ द मैच राजू प्रजापति रहे। विजेता व मैन ऑफ द मैच के खिलाड़ी को प्रखण्ड कार्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,डॉक्टर अनुग्रह नरायन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल गणेश शास्त्री, बीपीओ मृणाल प्रकाश, अमन कुमार, दिनेश कुमार, शिक्षक पवन कुमार, पत्रकार रवि प्रजापति, रामप्रसाद पाल, शकील अंसारी, समीद अंसारी, विनोद रविदास, बाबूलाल उरांव के अलावे राजेन्द्र महतो, विजय पांडेय, विपिन उरांव आदि उपस्थित थे।

कैरो के अनुग्रह नारायण प्लस टू उवि में अभिभावकों की हुई बैठक

कैरो / लोहरदगा। प्रखण्ड के डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय कैरो में शनिवार को प्रधानध्यापक गणेश कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में अभिभावकों की एक बैठक हुई। मौके पर विद्यालय के विकास की विभिन्न विन्दुओ पर चर्चा की गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के वैसे सदस्यों को निष्कासित किया गया। जिनके बच्चे इस विद्यालय से अब निकल चुके हैं। उनके स्थान पर नए सदस्यों का मनोनयन किया गया। चूंकि विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष का बच्चा भी विद्यालय से निकल चुका है। इसलिये उन्हें भी समिति से निकलना पड़ा। तीन सदस्य को निकाला गया और नए सदस्यों का मनोनयन किया गया और उपाध्यक्ष रीता देवी को ही अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। वही नए सदस्य के रूप में राजेन्द्र प्रजापति, संजय साहू एवं एक अन्य महिला को चुना गया। हालांकि बैठक में अभिभावक की संख्या नगण्य थी। वही डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय में लगभग 1100 छात्र – छात्रा अध्यनरत हैं। वही केवल 12 से 14 अभिभावकों के उपस्थिति में ही अध्यक्ष व सदस्यों का चुनाव किया गया। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, प्रधानध्यापक गणेश कुमार शास्त्री, विनीत कुमार, मनुवर हुसैन, राजेश कुमार, सुषमा लता डांग, पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली की परिसदन में हुई बैठक

सिमडेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा संयोजक का मंडली की आवश्यक बैठक शनिवार को दोपहर में परिसदन भवन में बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय समिति सदस्य मोहम्मद शाहिद के द्वारा की गई। बैठक में सर्वप्रथम आगामी नगर परिषद चुनाव को लेकर वार्ड एवं नगर अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी देने को लेकर चर्चा हुई जिस पर बारी–बारी से सभी लोगों ने अपनी बातों को रखा जहां पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर परिषद के चुनाव में नगर अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद तथा वार्ड पार्षद के बाद उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी को बनाने के लिए सभी पार्टी के कार्यकर्ता मेहनत करेंगे। वही बैठक में आगे चर्चा करते हुए कहा गया कि संगठन को मजबूती करते हुए सभी बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को झारखंड मुक्ति मोर्चा में जोड़ दी है जिससे कि पार्टी और भी मजबूत हो। बैठक में मुख्य रूप से संजोयक मंडली के सदस्य सफीक खान, अनिल तिर्की,अनिल कान्डुलना, राकेश लकड़ा, पूर्व बिधायक सह केंद्रीय सदस्य बसंत कुमार लोंगा, केंद्रीय सदस्य फिरोज अली,जाफर खान, किशोर डांग, नुवास केरकेट्टा, नील जाष्टिन बेक, संजू डांग, बिरेन्दर बड़ा. तेज प्रताप लकड़ा, शशि साइमन बड़ा, अनस आलम, मो मकसूद अन्सारी मो साबिर अन्सारी ,कंचन कबीर, जावेद वारसी, बिपिन कुल्लू,संदीप मिंज, एवं अन्य पाटी के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर बच्चों ने सांकेतिक जागरूकता रैली निकाली

भारत का संविधान एक बहुमूल्य दस्तावेज: मनोज कुमार

नवीन मेल संवाददाता

गोड्डा। केंद्रीय संचार ब्यूरो , सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, दुमका / रांची द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव / राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर आज गोड्डा के सबसे प्रतिष्ठित विद्यालयों में से एक विद्यालय संत थॉमस स्कूल, गोड्डा में आज थ्रो बॉल प्रतियोगिता, परिचर्चा, संविधान की उद्देशिका का पाठ, भाषण प्रतियोगिता, देशभक्ति-गाण व विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण हुआ।

सभी वर्गों के आशाओं को मूर्त रूप देने का बेहतरीन प्रयास : एसडीएम

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ गोड्डा ने कहा कि भारत का संविधान एक बहुमूल्य दस्तावेज है। समाज के सभी वर्गो के आकांक्षाओं को सम्मिलित कर उनके आशाओं को मूर्त रूप देने का य एक बेहतरीन प्रयास है ।

कार्यक्रम के अति-विशिष्ट अतिथि सेंट थॉमस स्कूल के प्रिंसिपल विलसेंट सलदाना ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे स्कूल के प्रांगण में आज संविधान दिवस का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम से बच्चों को बहुत लाभ हुआ और यहां मिली जानकारियां उन्हें पूरे जीवन काम आएंगी।

फादर प्रिंसिपल ने कहा शिकागो में स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण का आरंभ 'भाइयों एवं बहनों' के संबोधन से किया था। भाइयों एवं बहनों की यही परिकल्पना भारतीय संविधान की बुनियाद है। यदि सब साथ मिलकर रहेंगे तो हमारा देश प्रगति की ओर निरंतर बढ़ता रहेगा।

श्री रहमान ने एसडीओ श्री मनोज कुमार जी डीपीआरओ श्री अविनाश कुमार , मीडिया के साथियों, स्कूल के छात्र-छात्राओं, स्कूल के प्रिंसिपल ,वाइस प्रिंसिपल , सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और सभा में उपस्थित सभी लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुक्रिया अदा किया और आशा व्यक्त की के आने वाले समय में जब भी ऐसा कार्यक्रम होगा तो आप सभी लोगों का सहयोग केंद्रीय संचार ब्यूरो को प्राप्त होगा। संविधान दिवस पर आयोजित दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, थ्रो बॉल प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को संविधान की पुस्तक और संसद के बारे में पुस्तक तथा घड़ी इत्यादि देकर सम्मानित किया गया।

बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

सम्मानित अतिथि के तौर पर गोड्डा के सूचना एवं जनसंपर्क जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान समाज के सभी वर्गों को ऊंचाई पर ले जाने का एक प्रशंसनीय दस्तावेज – संविधान के ठोस प्रावधानों के साथ देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। संविधान दिवस के अवसर पर आज बच्चों को टी–शर्ट पहना कर एक सांकेतिक जागरूकता रैली भी निकाली गई । इस अवसर पर बोलते हुए क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सारे प्रमुख, केंद्रीय संचार ब्यूरो , रांची ने कहा की हमें अपने शानदार संविधान पर गर्व होना चाहिए।

दिल्ली में झारखंड दिवस पर सिमडेगा की महिलाओं ने पाईका नृत्य की दी प्रस्तुति

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। प्रगति मैदान दिल्ली में झारखंड दिवस के मौके पर भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला के अवसर पर कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री सत्यानंद भोक्ता,मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान झारखंड की लोक संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सिमडेगा जिले से छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा के कलाकार निदेशक सत्यव्रत ठाकुर के नेतृत्व में चांवर पैका नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिसमे खास बात यह है कि पहली बार दिल्ली के इतने बड़े मंच पर महिला कलाकारों द्वारा पैका नृत्य प्रस्तुत कर

उपस्थित अतिथियों के साथ सभी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलाकारों में बेला कुमारी,नूतन कुमारी,अमृता सोरेंग, सरिता कुमारी,फाल्गुनी कुमारी, रितु कुमारी, राकेश लोहरा,रामजी लोहरा, राहुल लोहरा, पुनिया लोहरा, रामजीत लोहरा, मनन लोहरा, अर्जुन नायक, गंदूर नायक, पारसनाथ नायक, नेतर नायक, फागू नायक,उपस्थित थे।

देवी धाम टोला का ट्रांसफॉर्मर खराब, ग्रामीण परेशान

नवीन मेल संवाददाता

डंडई। प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडाई गांव के देवी धाम टोला पर लगा ट्रांसफार्मर पिछले 2 महीनों से खराब पड़ा है । उक्त कारण टोले वासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।एक तो उन्हें खुले बाजार से ?100 लीटर केरोसिन तेल की खरीदारी कर ढिबरी और लालटेन जलाना पड़ रहा है। दूसरे में की बिजली की उम्मीद पर उसके अगल-बगल 10 एकड़ से भी अधिक भूमि में उपजा ए गए सरसो, अरहर व आलू के पौधे मरने के कगार पर हो गए हैं । इतना ही नहीं गांव के प्रसिद्ध हरिहर मंदिर भी इन दिनों अंधेरा में रहने को विवश है । टोले के 200 घरों में रोशनी देने का काम करता था ट्रांसफार्मर । मामले को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है ।उपभोक्ता रामबली प्रजापति ,बैजनाथ साह,शांति कुंवर ,सोना सिंह, रणविजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद ,मोती साहू, कमलेश प्रजापति, रामलाल प्रजापति, रामकेश महतो, राजकुमार महतो इत्यादि लोगों ने बताया कि हम सभी के टोले पर लगा ट्रांसफार्मर 2 महीनों से खराब होकर पड़ा है । बावजूद एक भी विभागीय पदाधिकारी उसकी सुध लेने का काम नहीं कर रहे हैं ।जिस कारण महंगे दर पर केरोसिन तेल खरीद कर हम लोगों को घर में चलाना पड़ रहा है । उपभोक्ताओं ने बताया कि 2 वर्ष पहले हम लोगों के टोला पर उक्त ट्रांसफार्मर लगा है ।जब-जब पैसे के लिए विभाग की ओर से बिल भेजा जाता है तब तब नियत समय पर हम सभी अपना अपना बिल चुकता करते आए हैं।

पदाधिकारी से ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग

ग्रामीणों ने कहा कि अपनी परेशानी को हम लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पास भी रखा है ।उनकी ओर से पहल करते हुए हम लोगों के आवेदन को उनके द्वारा विभाग को पत्राचार भी करने का काम कर दिया गया है । लेकिन उसका भी आज तक कोई असर नहीं हुआ ।शुक्रवार को स्थल पर पहुंचे उपभोक्ताओं ने बिजली नहीं तो पैसा नहीं की बात बताते हुए विभागीय पदाधिकारियों से अविलंब खराब ट्रांसफार्मर को बनाने की मांग की है ।उधर पंचायत की मुखिया धनवंती देवी ने बताया कि उपभोक्ताओं की ओर से विभाग के नाम लिखित आवेदन दिया गया था ।जिस पर उनकी समस्या का समर्थन करते हुए मैं अपना दस्तखत कर विभाग को पत्र चार कर दिया हूं । उन्होंने कहा कि सप्ताह दिन के अंदर विभाग की ओर से कोई पहल नहीं किया जाता है तो कार्यपालक अभियंता से मामले की लिखित शिकायत कर अविलंब ट्रांसफर बनाने की मांग की जाएगी।

संविधान दिवस पर सरकारी कार्यालय में व पुलिस ने प्रस्तावना का लिया शपथ

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सविधान दिवस के मौके पर सिमडेगा के सभी थाना परिसर में थाना प्रभारियों के द्वारा संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई एवं मौलिक अधिकारों की जानकारी देते हुए सभी पुलिस पदाधिकारी को उनके कर्तव्यों का याद दिलाते हुए पूरे ईमानदारी के साथ सविधान का नियम पालन करते हुए उनका अनुसरण करने की बात कही गई। वह इधर सिमडेगा समाहरणालय प्रांगण में सिमडेगा डीडीसी अरूण वाल्टर सांगा, एसपी सौरभ कुमार के संयुक्त तत्वधान में संविधान प्रस्तावना हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान समाहरणालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे यहां पर सभी लोगों को संविधान की शपथ दिलाई गई। वही सिमडेगा के सभी प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास

पदाधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारी एवं पदाधिकारियों के बीच संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ ली गई वही सभी सरकारी कार्यालय के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार के कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण करते हुए संविधान दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई इसके अलावा कार्यालय कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ दिलाई गई। इसके अलावा जिले के विभिन्न स्कूल कॉलेज शैक्षणिक संस्थान सहित अन्य जगहों पर भी सविधान दिवस के मौके पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया एवं संविधान प्रस्तावना की शपथ ली गई।

संविधान सभी को बराबरी का अधिकार देता है: मनोरमा

लोहरदगा। होप कार्यालय छत्तर बगीचा लोहरदगा में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा जिले के सभी वॉरियर मॉम्स और सभी ब्लॉक से चयनित प्रतिनिधियो ने भाग लिया। मनोरमा एक्का ने उपस्थित लोगों को संविधान के प्रस्तावना के माध्यम से आज के दिन की महत्ता बताई, संविधान हम सभी को चाहे कोई भी जाति हो या धर्म, अमीर हो या गरीब, काला हो या गोरा सभी को बराबरी का अधिकार देता है और सभी को जो संविधान में अधिकार दिए गए हैं उसपर चर्चा किया गया। अंत मे सभी उपस्थित लोगों ने प्रस्तावना के साथ शपथ लिया गया। कार्यक्रम में अरविंद वर्मा,उज्जवल कुशवाहा, अशोक साहू,सरिता एक्का,सरस्वती गोप,पुष्पा उरांव, अशोक साहू, आकाश एक्का आदि ने सहभागिता निभाई।

अपराधियों को पकड़ने के लिए नया तरीका अपना रही रांची पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची पुलिस अब अपराधियों को दबोचने के लिए नया तरकीब अपना रही है। पुलिस अब आमजन के सहयोग से अपराधियों को दबोचेगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसके तहत बरियातू थाने की पुलिस ने अपने क्षेत्र के एदलहातू के ज्यादा जगहों पर शनिवार को पोस्टर चिपकायी है। इस पोस्टर में थाना प्रभारी और थाना का मोबाइल नंबर लिखा गया है। लोगों से आग्रह किया गया है कि किसी तरह का कोई भी व्यक्ति संदिग्ध नजर आये तो इसकी सूचना तुरंत पोस्टर में अंकित मोबाइल नंबर पर दें। इस पोस्टर में यह भी अंकित किया गया है कि सूचना देनेवालों का नंबर और नाम पुलिस गुप्त रखेगी। साथ ही जिस व्यक्ति के जरिये अपराधी को पुलिस दबोचेगी, उस व्यक्ति को पुरस्कृत भी करेगी। थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि एदलहातू के बाद बरियातू के अन्य इलाकों में पोस्टर चिपकायी जायेगी। इसकी तैयारी की जा रही है। क्राइम जोन बना है एदलहातू : एदलहातू इलाके में शहर के कई कुख्यात अपराधियों का बसेरा है। कुख्यात कालू लामा के अलावा लवकुश शर्मा भी इसी इलाके में रहते थे। इसलिए पुलिस इस इलाके को क्राइम जोन के रूप में मान रही है। पुलिस का मानना है कि इलाके के लोग अपराधियों से डरे-सहमे रहते हैं। इसलिए अपराध होने के बाद भी पुलिस को अपराधियों के बारे में जानकारी नहीं देते हैं। गुप्त रूप से अगर वह पुलिस को सहयोग करेंगे तो निश्चित रूप से एदलहातू इलाका से अपराधियों का बसेरा खत्म हो जायेगा।

बोकारो जिला के लकड़ाखंदा उच्च विद्यालय में आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम का विधायक ने किया उद्घाटन

देश में मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका अहम

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत - श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा बोकारो जिला के राजकीयकृत उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा में 26 नवंबर को परिचर्चा एवं विशेष जागरूकता आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक बिरंची नारायण ने किया। अपने संबोधन में माननीय विधायक श्री नारायण ने कहा कि देश को एक मजबूत लोकतंत्र बनाने में बाबा साहेब द्वारा लिखित संविधान की अहम भूमिका है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसको रक्षा करने और इसे और सशक्त बनाने का लगातार प्रयास किया है, जिसके फलस्वरूप भारत पड़ोसी देशों में शासन ईट

अर्थव्यवस्था के बुरे हालात के बावजूद और ताकतवर बनकर उभरा है। संबोधन उपरांत माननीय विधायक ने सभी उपस्थित छात्रों और लोगों को संविधान उद्देशिका की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अन्य गण्यमान्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रबला खेस, एडवोकेट बोकारो जिला न्यायालय श्रीमती अन्नू मिश्रा, राजकीयकृत उच्च विद्यालय, लकड़ाखंदा के प्राचार्य डॉ यू.सी. झा, तथा ए.पी.आर.ओ, जिला जनसंपर्क विभाग अविनाश सिंह भी उपस्थित रहे।

डीईओ प्रबला खेस ने केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा अमृत महोत्सव और संविधान दिवस पर आयोजित विशेष जागरूकता अभियान के लिए बधाई दी तथा प्री पब्लीसिटी में आयोजित निबंध, क्विज आदि के विजेताओं को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई भी किया। वही अधिवक्ता अन्नू मिश्रा ने संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तार से मौजूद बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को संविधान को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश और राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना, भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखना एवं संवैधानिक मूल्यों के बारे में आम लोगों को जागरूक करना रहा।

प्री-पब्लीसिटी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार

कल आयोजित हुए प्री-पब्लिसिटी कार्यक्रम के तहत राजकीयकृत उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा, सेक्टर 2अ में रंगोली, निबंध, क्वीज और पेंटिंग प्रतियोगिताओ के विजेताओं और आज के कार्यक्रम के दौरान हुए क्विज के विजेताओं को गणमान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

जागरूकता रैली तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

इससे पूर्व आज सुबह स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा संविधान दिवस जागरूकता रैली भी निकाली गई। प्रदर्शनी स्थल पर प्रतियोगिताओं के साथ-साथ गीत एवं नाटक प्रभाग की सांस्कृतिक दल रैस्का कला मंच के कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। दो दिनों तक संविधान दिवस पर चले इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पांडेय और सहायक अधिकारी श्री राजकिशोर पासवान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कांग्रेस ने संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी का किया आयोजन

सिमडेगा। सविधान दिवस के मौके पर सिमडेगा कांग्रेस द्वारा कचहरी के समीप विचार गोष्ठी का आयोजन किया इस मौके पर बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप केसरी के द्वारा की गई इस मौके पर सर्वप्रथम संविधान दिवस के मौके पर संविधान प्रस्तावना की शपथ ली गई। मौके पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष डीडीसिंह ने कहा संविधान हमें मौलिक अधिकार प्रदान करता है। इसके अलावा हमारे हक अधिकारों की रक्षा करते हैं आज हमें जो भी आजादी मिली है। यह सविधान की देन है इसलिए हम सभी को संविधान के नियमों का पालन करनी चाहिए एवं संविधान की रक्षा के लिए सभी लोग संकल्प लें। इस कार्यक्रम में पीसीसी डेलीगेट डीडी सिंह, शांतिबाला केरकेट्टा, नॉमिता बा, कौशल किशोर रोहिल्ला, पतरस एक्का, नवीन वीरेंद्र तिर्की, पुष्पा कुल्लू, शीला देवी, दिलीप तिर्की, अनिल खेस, मो कयूम, अशफाक आलम, फुलजेन्सिय बिलुंग, मो सहजाद, बिरंजन बाडा, अरमान खान,मो समीउल्लाह एवम जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

उपायुक्त की अध्यक्षता में किया गया भारतीय संविधान के प्रस्तावना पठन

रामगढ़। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त माधवी मिश्रा के नेतृत्व में जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा संविधान के प्रस्तावना हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं का पठन किया गया।

गैरमजरूआ भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध ग्रामीणों ने चलाया बुलडोजर

बरकट्ठा। प्रखंड के बरकट्ठा अडवार में आम गैरमजरुआ भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर आखिरकार शनिवार को ग्रामीणों का बुलडोजर चला। ग्रामीण रामखेलावन यादव के मुताबिक बरकट्ठा अडवार के खाता संख्या 113 प्लाट संख्या1216 रकवा 92 एकड़ के लगभग आम गैरमजरुआ भूमि है। जिसपर दस एकड़ के लगभग में स्टेडियम और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय निर्मित है। शेष भूमि पर लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर कई बार पदाधिकारियों को आवेदन दिया गया। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के उदासीन रवैये के बाद ग्रामीणों को स्वयं कदम उठाना पड़ा। अतिक्रमण मुक्त कराने में पिंकू यादव, दशरथ यादव,खागो यादव, संजय ठाकुर, एडवोकेट संदीप कुमार, सुंदर यादव, अख्तर अंसारी समेत आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

110/13 के फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

बरही। वन क्षेत्र से अवैध रूप से कोयला का उत्पादन कर उसे दूसरे राज्य में अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से बिक्री के लिए ले जाते समय पकड़े जाने के आरोप में फरार प्राथमिक अभियुक्त को बरही पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामला बरही थाना में कांड संख्या 110/13 से संबधित है। मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर प्राथमिक अभियुक्त हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत रमुआ गांव निवासी बुधन यादव उर्फ बुधन गोप पिता स्व रामनाथ यादव उर्फ रमन गोप है। जिसे सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार, दिनेश कुमार और थाना के रिजर्व पुलिस की संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया गया। जानकारी प्रेस बयान जारी कर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने दी।

सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

बरही। रसोईया धमना स्थित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के मौके पर विभिन्न कक्षा के विद्यार्थियों के बीच जीके क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता ए,बी,सी और डी चार विभिन्न ग्रुप में आयोजित किए गए थे। जिसमे बी ग्रुप प्रथम, सी द्वितीय और डी स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में शामिल बच्चो का हौसला वर्धन करते हुए निदेशक टुकलाल साव व प्राचार्य नितेश कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र प्रसाद, विभा शर्मा, श्वेता राजलक्ष्मी, अजय कुमार, नरेश कुमार अरुण कुमार, शिबू कुमार, अमर प्रकाश रवि, कल्पना कुमारी, कोमल कुमारी, नूरेसा खातून, अनामिका कुमारी इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इचाक के मोक्तमा पीएस में अभिभावक-शिक्षक की बैठक

इचाक। प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मोकतमा में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पोखन महतो ने की। बैठक में विद्यालय में बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, पोशाक, नियमित उपस्थिति एवं पौष्टिक भोजन पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ऐनुल अंसारी ने अभिभावकों एवं शिक्षकों को सरकार के दिशा निर्देश से अवगत कराया। इस दौरान अभिभावकों ने भी बच्चों के प्रति ध्यान देने एवं नियमित विद्यालय भेजने की बात कहीं। बैठक में शिक्षक संजय कुमार सोनी, महेश कुमार मेहता, सुनील कुमार सिंह, अभिभावक अनीता देवी, पिंकी देवी, शिव प्रकाश मेहता, संध्या देवी, रीना देवी, प्रमिला देवी, गांधी देवी, कांति देवी, अर्जुन महतो, किशोरी महतो, सुरेंद्र कुमार, वासुदेव कुमार, रंजीत पासवान, मिथिलेश कुमार, लीलावती देवी, मनवा देवी, मंजू देवी, शोभा देवी, मुन्नी देवी, रेखा देवी, नागो देवी,बेवी देवी समेत कई लोग शामिल हुए।

मरकच्चो थाना में मना संविधान दिवस

मरकच्चो। संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को मरकच्चो थाना परिसर में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सुमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने संविधान की शपथ ली। थाना प्रभारी सुमित कुमार ने कहा कि संविधान से ही देश चल रहा है। संविधान हमें हमारे अधिकारों को दिलाता है। मौके पर एसआई कुन्दन कुमार, एसआई रामजी प्रसाद, एएसआई उमेश सिह, कामख्या सिह, संतोष यादव, कयुम अंसारी, दिनेश कुमार व कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

■ आरसी मिशन छात्रावास से छोटा बच्चा हुआ फरार, प्रबंधन को नहीं हुई जानकारी, अपहरण का लगाया आरोप

प्रबंधन के लापरवाही का दिखा अभाव, छात्रावास में नहीं था कोई सेक्योरिटी गार्ड

नवीन मेल संवाददाता

बरही। खोड़ाहर पंचायत स्थित पांच माईल स्थित आरसी मिशन पब्लिक स्कूल से बच्चे की अपहरण की सूचना आते ही प्रशासन सहित कई लोग सकते में आ गए। मामला शुक्रवार की अहले सुबह की है।

क्या है मामला : आरसी मिशन पब्लिक स्कूल के छात्रावास का 9 वर्षीय छात्र राजेश कुमार पिता राधे राजवंशी जो कि बिहार के रजौली (नवादा) का रहनेवाला है, गुरुवार प्रातः करीब 9 बजे जवाहर घाटी फॉरेस्ट विश्रमागार के पास लक्ष्मी चाय वाले नरेश साव को रोते हुए दिखा। चायवाले ने बताया कि बच्चा काफी डरा सहमा था, पूछे जाने पर बच्चा ने बताया कि सुबह ने दो व्यक्ति उसके छात्रावास के गेट खुलवाये। जब वह गेट खोला तो उसे जबरदस्ती बाईक पर बैठाकर भागने लग। इसी क्रम में हल्ला करने पर कुछ लोग अपहरणकर्ता का पीछा करने लगे। इसे देखकर वेलोग उसे बीच रास्ते में छोड़कर भाग गए। जिसका विडीयो बयान भी चाय वाले ने बनाया। मामले को पेचीदा देख उसने पुलिस को खबर किया। उन्होंने बताया कि मौके पर पुलिस पहुंचकर बच्चे से पूछ ताछ करते हुए, बच्चे के अभिभावक और विद्यालय के प्राचार्य को बुलाकर पूरी जानकारी लिया। जिसमे विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही सामने आई। इसके लिए प्रबंधन को डांट लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश देते हुए बच्चे को अभिभावक को सुपुर्द किया। पुलिस इंस्पेक्टर ने मामले को अपहरण से स्पष्ट इनकार किया है। मामला बच्चे का छात्रावास से भागने का है।

छात्रों से बताया : मामले की सच्चाई जानने पहुंचे संवाददाता ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार बच्चे का अपहरण नही बल्कि बच्चा भयवश छात्रावास से भाग गया था। भागने वाले बच्चे का छोटा भाई नीतीश ने बताया कि गुरुवार की रात्रि छात्रावास में जन्मदिन मनाया गया था। इसी क्रम में उसका भाई स्कूल के एक शिक्षक के पॉकेट से चुपचाप टॉफी लेकर खा गया था। जिसे कई साथियों ने उसे देख लिया। जिसे अगले सुबह शिक्षक से उसकी शिकायत करने की कहने लगे। इसी के भय से सुबह होते ही वह छात्रावास से भाग गया।

छात्रावास प्रबंधन में दिखी लापरवाही : इस पूरे प्रकरण में छात्रावास प्रबंधन की लापरवाही देखने को मिली। मामले की जानकारी लेने पहुंचे संवाददाता से छात्रावास के प्रभारी और शिक्षक मामले को बताने से कतराते हुए विद्यालय के छुट्टी होने का बहाना बनाकर सोमवार को जानकारी देने की बात कहने लगे। मौके पर विभिन्न लोगो से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय में राज्य के विभिन्न जिलों के विभिन्न समुदाय के करीब 400 बच्चे पढ़ते है। जिसमे 92 बच्चे छात्रावास में रहते है। छात्रावास विद्यालय परिसर के अंदर ही स्थित है। जहां बच्चे खेलते भी है। परंतु एक भी सुरक्षा गार्ड नही है। बच्चे ही गेट खोलते है। एक शिक्षक ने बताया कि बिना किसी गाईड के बच्चे अकेले ही छात्रावास से बाहर आते जाते है। कई स्थानीय लोगो ने छात्रावास होने की अनभिज्ञता भी जताई। छात्रावास होने के बाबजूद प्रबंधन की लापरवाही और सुरक्षा की अनदेखी करते हुए विद्यालय चलाना एक गंभीर मामला है। इसे प्रशासन को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में चल जो सभी छात्रावासो की सुरक्षा का जायजा लेते हुए उसे दुरुस्त करवानी चाहिए। जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार का अनहोनी नही हो।

सतगावां में कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग केंद्र का हुआ उद्घाटन

कंप्यूटर शिक्षा कौशल विकास के लिए जरूरी : अन्नपूर्णा

नवीन मेल संवाददाता

सतगावां। प्रखंड के साप्ताहिक हाट मैदान में डी ई जी एस कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख ललिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कंप्यूटर सेंटर खोलने से यहां की बच्चों को और खासकर बच्चियों की बहुत सुविधा हुई है। सेंटर के खुलने से बच्चों में कौशल विकास होगा और इससे रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

वही आयोजित स्थल हाट मैदान के सौंदर्यीकरण एवं पेवर ब्लॉक लगाने को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति सजग रहें और स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग करें। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि सतगावां प्रखंड में कंप्यूटर सेंटर खोले जाने से यहां के बच्चे बच्चियां एवं अन्य लोग भी इससे लाभ लें और खासकर के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी इस सेंटर में आकर सीखें। इसके पहले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने करचैता मोड़ पर केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आगमन पर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, थाना प्रभारी आनंद शाह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजू रजक, राजकुमार यादव, विजय सिंह, जयशंकर प्रसाद, विनोद कुमार यादव, मनोज चौधरी, विनोद यादव, नरेश यादव, अनिल यादव, अमर कुमार, सदानंद यादव मौजूद थे।

श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

संविधान के नियमों को अपनाकर हम सभी अपने जीवन को सरल बना सकते हैं : हरजाप सिंह

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 26 नवंबर को संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संविधान के बारे में जानकारी देना था। संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। छात्र-छात्राओं ने संविधान के महत्व को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रांगण में अनेक प्रस्तुति दे माहौल को बहुत ही आकर्षक बना दिया। विद्यालय की एक बालिका ने संविधान के महत्व को दशार्ते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं को बताया। बच्चों ने श्लोगन बोला, पोस्टर तैयार किया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को सर्टिफिकेट तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। संविधान के नियमों के तहत सभी ने शपथ ग्रहण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरजाप सिंह ने बच्चों को संविधान के नियमों के बारे में बताया और जीवन में हम इन नियमों को अपनाकर कैसे अपने जीवन को सरल बना सकते हैं इसके बारे में जानकारी सभी को दी। प्रार्थना सभा में सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित थें और उन्होंने भी शपथ ग्रहण किया। प्रार्थना सभा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुशविंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह भी उपस्थित थें।

ठेला, गुमटी दुकानों को हटाने के आदेश का पूर्व विधायक ने किया विरोध

तुगलकी फरमान बंद कर पुर्नविचार करें अंचलाधिकारी : पूर्व विधायक

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने गरीब व असहाय लोगों द्वारा जीविकोपार्जन हेतू ठेला, गुमटी और झोपड़ी नुमा दुकान लगाया गया है। बरकट्ठा अंचलाधिकारी ने इसे हटाने को लेकर नोटिस जारी किया है। इन दुकानदारों द्वारा पूर्व विधायक को मामले की जानकारी दी गई तो स्थल पर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और कहा कि ठेला और गुमटी से आय कर ये अपने परिवारों का भरण पोषण कर रहे हैं। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि ये दुकानदार कई वर्षो से दुकान चला रहे हैं। इनलोगों को अंचलाधिकारी ने तुगलकी फरमान जारी कर नोटिस दिया है, अंचलाधिकारी पुर्नविचार करें। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि इनकी रोजी रोटी के साथ छेड़छाड़ की गई तो भयंकर जन आंदोलन करूंगा। वही समाजसेवी दर्शन सोनी ने कहा की बेवजह लोगों को परेशान करना अच्छी बात नहीं है। जब तक लोगों की रोजी-रोटी चल रही है,चलने देना चाहिए। मौके पर बरकट्ठा उत्तरी मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, समाजसेवी दर्शन सोनी,मथुरा सोनी, अशोक गुप्ता समेत अन्य लोग एवं दुकानदार उपस्थित थे।

प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जंगली हाथियों का तांडव जारी, वन विभाग परेशान

नवीन मेल संवाददाता

बरही। इन दिनों प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जंगली हाथियों का कहर जारी है। जानकारी देते हुए फॉरेस्टर दीपक कुमार ने बताया कि गुरुवार को करसो में हाथियों के झुंड के द्वारा एक किसान के धान का फसल नष्ट किया गया। वही एक दूसरे व्यक्ति के चहारदिवारी को तोड़ दिया गया है। शुक्रवार को खोड़ाहर पंचायत के पांच माईल में हाथियों का झुंड

देखा गया। यहां कोई खास नुकसान नही हुआ है। शनिवार की देर रात करीब सात बजे रानीचुआ पंचायत के कुटमा के कुरहरिया जंगल में हाथियों का झुंड मौजूद थे। जिसे भगाने के लिए वन विभाग की टीम के द्वारा प्रयास किया जा रहा था । फॉरेस्टर ने बताया कि हाथियों के झुंड में कुल दस हाथी देखे गए हैं। उन्होंने ग्रामीणों से भी सतर्क और सजग रहने की अपील की है।

बनें देश के ज़िम्मेदार नागरिक, राष्ट्र के कानून का पालन करने का ले शपथ : आयुक्त चन्द्र किशोर उरांव

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। किसी भी देश को चलाने के लिए संविधान की महत्ता होती है, संविधान में ही देश के सिद्धांत और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। आज ही वह गौरव का दिन था जब हमारे देश ने अपने संविधान को अपनाया था। उस दिन से हमें एक आजाद देश के आजाद नागरिक होने की भावनाओं का एहसास होता है। आजादी के इस एहसास को प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस व राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस शुभ दिन के अवसर

पर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल कार्यालय में आयुक्त चंद्र किशोर उरांव, सभी अधिकारी और कर्मचारीगण के द्वारा कार्यालय में एकत्रित होकर प्रस्तावना पढ़ी गई एवं मौलिक कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का प्रण लिया गया। आयुक्त उरांव ने इस दिन की महत्ता को बताते हुए कहा कि यह दिन नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

आयुक्त ने बताया कि संविधान द्वारा दिए मौलिक अधिकार जहां हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं तो वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियों को भी याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के नागरिक होने के नाते जिस तरह हम अपने अधिकार को अपनाते हैं वैसे ही हमें अपने जिम्मेदारियों को भी निभाना चाहिए। इस संविधान दिवस पर हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने मौलिक कर्तव्यों और राष्ट्र के कानून का पालन करने की शपथ लेनी चाहिए। एक जिम्मेदार नागरिक बनने से ना सिर्फ संविधान का मकसद पूरा होगा बल्कि संविधान निमार्ताओं के सपनों के राष्ट्र का निर्माण होगा।

आयुक्त ने कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारीगण साथ ही इस प्रमंडल के सभी नागरिकों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी।

संविधान दिवस को लेकर विभिन्न स्थानों में प्रस्तावना पठन व अन्य कार्यक्रम का आयोजन

बरकट्ठा। संविधान दिवस को लेकर प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा, प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय बेलकप्पी, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा, यूएचएस झुरझुरी, एमएस बरकट्ठा, एमएस गैपहाड़ी, जीएमएस बरकट्ठा समेत प्रखंड भर के तमाम विद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का पठन के साथ-साथ अन्य गतिविधियां की गई। वहीं सकरेज में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बासुदेव दास व संचालन अर्जुन दास ने किया। सर्व प्रथम बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भीम आर्मी बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन संविधान दिवस है, जिसके चलते देश एक प्रगतिशील और मजबूत लोकतांत्रिक संविधान वाला देश है। महान पुरुष बाबा साहब संविधान निमार्ता के बताए गए मार्ग पर चलकर हमलोग अपने समाज को एक अच्छी दिशा दे सकते हैं।कहा कि 26 नवम्बर 1949 को बाबा साहब के द्वारा लिखा संविधान को संविधान सभा मे विधिवत रूप से पारित किया गया था। कहा कि हमारा देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। बाबा साहब ने इस संविधान को लिखने में दो साल एगारह माह अठारह दिन लगाये थे। सभा को अनिल दास, विजय दास, गायत्री देवी एवं सावित्री देवी आदि ने संबोधित किया। मौके पर बासदेव दास, कौलेश्वर दास, संदीप दास विकाश दास, प्रभु दास धनेश्वर दास संजू दास, रामदेव दास मनोज दास, लालु टुडु, सबिता देवी सोनमती देवी आरती देवी ,यशोदा देवी लष्मी देवी कृष्णा कुमार समेत दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

विभिन्न कार्यालयों और विद्यालयों में मनाया संविधान दिवस, सत्य व निष्ठा की दी गयी शपथ

बरही। संविधान दिवस के अवसर पर बरही में अनुमंडल, प्रखंड सह अंचल कार्यालय सहित प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में संविधान पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदीवर, अनुमंडल कार्यालय में कार्यालय अधिक्षक किशोर कुमार और थाना में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने सभी अधिकारियों व कर्मियों को संवैधानिक अधिकार की रक्षा और मौलिक कर्तव्यों के अनुपालन की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संविधान की रक्षा एवं उसके मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देते हुए अनुपालन हेतु शपथ दिलवाई। अनुमंडल कार्यालय में शपथ लेने वालों में महिला समाज कल्याण निरक्षिका माया दास, आशु लिपिक मनोज कुमार सोनी, लिपिक संजय तिग्गा, सीताराम प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रमोद कुमार, विकाश कुमार शर्मा, सुभाष कुमार, अनुसेवक कामेश्वर साव आदि थे। वही प्रखंड कार्यकाल में बीएओ आजाद सिंह, बीपीएम दीपक कुमार, जेपीएस सांवना मांझी, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत शर्मा, पंचायत सेवक, अनुसेवक आदि सहित कई लोग शामिल थे।

आईलेक्स की टीम ने एसडीजीएम को साठ रनों से किया पराजित

बरही। आईलेक्स ग्राउंड में आइलेक प्लस टू विद्यालय द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच में एसडीजीएम बरही के खिलाड़ियों को 60 रनों से पराजय का सामना करना पड़ा। जानकारी देते हुए निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि बीते कुछ वर्ष से हजारीबाग में लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालय के क्रिकेट टीम शामिल होते हैं। इसी मैच की तैयारी को लेकर आईलेक्स और एसडीजीएम के विद्यार्थियों के बीच 15-15 ओवर का अभ्यास मैच खेला गया। जीएम आईलेक्स की कप्तानी सावन सिंह और एसडीजीएम की अभिषेक कुमार ने किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी आईलेक्स की टीम ने सावन सिंह के 42, शिवनंदन के 28, और रंजीत के 18 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी के बीच निर्धारित 15 ओवरों में 3 विकेट खोकर 148 रन बनाएं। वही जवाबी पारी खेलने उतरी एसडीजीएम की टीम ने मात्र 12 ओवरो में 89 रन पर ही सिमट गई। आईलेक्स की तरफ से सावन सिंह 3, मुजाहिद और विक्रम ने 2 और शिव व चंदन ने 1-1 विकेट लिए। सावन सिंह को उनकी शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। मैच सफल बनाने में आईलेक्स के स्पोर्ट्स प्रबंधक भूषण कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निदेशक ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए शुभकामनाएं दी।

मंत्री आलमगीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का चरही में किया गया स्वागत

चरही। रांची से चौपारण जाने के क्रम में कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को चरही चौक पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रियाज अहमद के नेतृत्व स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने नेताद्वय को कई समस्याओं से अवगत कराया, जिसका निराकरण जल्द करने की बात कही। मंत्री ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए युवाओं को जोड़ने का काम करें। कहा कि महागठबंधन की सरकार के नेतृत्व में पूरे राज्य में विकास के कार्य किये जा रहे हैं। मौके पर देवलाल कुमार, नौशाद आलम, सूर्यदेव नोनिया, जमरूद्दीन अंसारी, मुस्लिम अंसारी, सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

राधा गोविंद विवि के प्रांगण में आठ दिवसीय एनसीसी कैंप का आयोजन संविधान दिवस

रामगढ़। 22 झारखंड बटालियन के तत्वाधान में राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में एनसीसी कैंप का आयोजन 25 नवंबर से लेकर 2 दिसंबर 2022 तक रामगढ़,हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह और बोकारो जिले के 500 कैडेट्स (बॉयज एंड गर्ल्स) के साथ किया गया है । विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कमांडेंट, एन सी सी के पदाधिकारियों के साथ कैंप में भाग ले रहे सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी एवं कैडेट्स के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा की विश्वविद्यालय परिवार इस तरह के कार्यक्रम में दृढ़ता के साथ खड़ा है। कैंप के कमांडेंट कर्नल हरमीत सिंह ने बताया कि इस दौरान कैडेट्स को मिलिट्री से संबंधित ट्रेनिंग के अलावा व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक विकास संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा । वैसे कैडेट्स जो महाविद्यालय एवं विद्यालय में थ्योरी की पढ़ाई करते हैं उनका प्रैक्टिकल कराया जाएगा । इस कैंप में कैडेट्स को पीटी, योगा, गेम्स, ड्रिल के साथ हथियारों का प्रशिक्षण भी दिया जाना है। 22 झारखण्ड बटालियन के दो ए एन ओ लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार,थर्ड ऑफिसर संतोष कुमार गुप्ता,सीटीओ प्रीति प्रभा कुमारी, शम्पा कुमारी, सूबेदार मेजर अशोक कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ पंकज कुमार समेत सभी पी आई स्टाफ और ऑफिस स्टाफ भाग ले रहे हैं । आठ दिनों तक चलने वाले इस कैंप में राधा गोविन्द यूनिवर्सिटी के सीटीओ अमन वर्मा प्रबंधन सम्बंधित अपनी भूमिका निभाने के लिए कृतसंकल्प हैं। 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग में विद्यार्थियों को संविधान की शपथ भी दिलायी गई।

न्यूज गैलरी

लोहरदगा में शौर्य पथ संचलन की तैयारियां जोरों पर

लोहरदगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के शौर्य पथ संचलन की तैयारी में जिला का निरीक्षण करने हेतु केंद्र टोली के सदस्य विशेष संपर्क विश्व हिंदू परिषद के ओमप्रकाश लाल का लोहरदगा जिला में आगमन हुआ। उन्होंने बताया कि आए दिन विगत रुप से जिस तरह विश्व में लव जिहाद की घटनाएं हो रही है उसे रोकने हेतु मैं केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील करता हूं कि इसे रोकने हेतु कड़ी से कड़ी नियमों का विस्तार कर उसे पालन करें एवं बजरंग दल के सभी कार्यकर्ताओं से भी आग्रह होगा कि अपने-अपने जिलों में विशेष रुप से चिंतन करे। बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार ने या बतलाया कि 11 दिसंबर 2022 को निकलने वाली पद संचलन शोभा यात्रा को भव्य बनाने में कोई कमी नहीं की जाएगी एवं सनातन हिंदुओं की मजबूती का मिसाल देखने को मिलेगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि पूरे भारत में गीता जयंती के अवसर में पथ संचलन शोभा यात्रा हरेक वर्ष निकाली जाती है। जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव भी उपस्थित थे।

विनोद कुमार पांडे को कुडू के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने दी बधाई

कुडू/लोहरदगा। राज्य सरकार की ओर से बीते दिनों झामुमो के वरिष्ठ एवं सम्मानित नेता विनोद कुमार पांडेय को राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाए जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में हर्ष दिखाई दे रहा है। इधर विनोद कुमार पांडे को राज्य समन्वय समिति सदस्य बनाये जाने पर कुडू प्रखंड के उप प्रमुख सह जेएमएम नेता ऐनुल अंसारी ने रांची स्थित पार्टी कार्यालय में नव चयनित राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय को बुके देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर झामुमो नेता सह कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि विनोद कुमार पांडे जी को राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाए जाने से राज्य में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि विनोद पांडे के कुशल नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में बल मिलेगी। इस मौके पर सुंदरू पंचायत समिति सदस्य अब्दुल मनान अंसारी मौजूद थे।

बानो कांग्रेस कमेटी ने उकौली पंचायत में भारत जोड़ो यात्रा का किया आयोजन

बानो। कोंग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा उकौली बाजार ताड़ पंचायत भवन तक गई पंचायत में सभा मे बदल गई प्रखंड अध्यक्ष अजीत कन्डुलना की अगुवाई में भारत जोड़ो यात्रा के कार्यक्रम के तहत पदयात्रा का आयोजन किया गया मौके पर उन्होंने कार्यकर्तओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस समय राहुल गांधी देश के विभिन्न भागों का दौरा कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा का मकसद है लोगोके बीच आपसी भाईचारा बढ़ाना, मंहगाई को कम करना, आदि विषयोको लेकर कोंग्रेस पार्टी पद यात्रा कर रही हैं। कार्यकर्ता न भटके, लोगों के बहकावें में न आएं। हम काफी ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते हैं ।सरकारी योजना का लाभ हमे समय पर नही मिल पाता है ।इस लिये प्रखंड कार्यालय से जुड़े रहे ।सरकार कई लाभकारी योजना चला रखी है ।कार्यक्रम में हरिचरण सिंह जोलेन हेमरोम, सीमा कंडुलना, जेम्स कंडुलना ,सरोजिनी जोजो सलन बागे ,आसीस सुरीन आदि लोगो ने भाग लिया।

मॉडल डिग्री कॉलेज बानो में मनाया गया संविधान दिवस

बानो। मॉडल डिग्री कॉलेज बानो सिमडेगा में मुंबई हमले में शहीद लोगो को याद करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। साथ ही साथ संविधान दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तम रॉबर्ट गुड़िया ने समारोह को संबोधित करते हुए भारत के संविधान पर सभी विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया और बताया कि भारत लोकतंत्र की जननी है। साथ ही साथ सभी विद्यार्थियों को भारत की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर डॉ नीलम कुमारी, गीता रानी कुजूर, डॉ हर्षवर्धन आदि लोग उपस्थित थे।

लोहरदगा में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया, संविधान से ही मिलती है जानकारी

संविधान की प्रस्तावना ही संविधान की आत्मा : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना ही संविधान की आत्मा है। संविधान के उद्देश्य को समझने के लिए संविधान की प्रस्तावना को ध्यान से पढ़ना बहुत जरूरी है। संविधान को तैयार करने में काफी मेहनत लगी थी। 200 वर्षों की अंग्रेजी शासन से जब देश आजाद हुआ तो देश को नए संविधान की जरूरत थी। संविधान के कारण ही 26 जनवरी 1949 को ही हम सभी सार्वभौम हुए। उक्त बातें उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज नया नगर भवन, लोहरदगा में संविधान दिवस के मौके पर शिक्षा विभाग, लोहरदगा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही। उपायुक्त ने कहा शनिवार को छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना को अवश्य पढ़ना चाहिए, समझना चाहिए। छात्र-छात्राओं को अपना तार्किक क्षमता को विकसित करना चाहिए। किसी भी विषय में अपने तर्क का इस्तेमाल अवश्य करें। वैज्ञानिक दृष्णिकोण से किसी भी विषय को समझने व अपनाने की आदत डालें। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में नया नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में संविधान का प्रस्तावना पढ़ा गया। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलायी गई।

सभी कार्यालयों व प्रखंड मुख्यालयों में आत्मार्पित करने का लिया संकल्प

उप निदेशक, पंचायत राज, झारखंड, रांची के निदेश पर संविधान दिवस के अवसर पर लोहरदगा जिला के सभी जिला स्तरीय कार्यालय व प्रखंड स्तरीय कार्यालय में संविधान का प्रस्तावना पढ़ा गया। इनमें अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय, ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला परिषद, पथ प्रमंडल लोहरदगा, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला शिक्षा अधीक्षक का कार्यालय, जिला जनसम्पर्क कार्यालय लोहरदगा समेत अन्य सभी कार्यालय शामिल हैं। लोहरदगा जिला के सभी प्रखंड कार्यालयों में आज संविधान दिवस के मौके संविधान का प्रस्तावना पढ़ा गया। इसमें प्रखंड स्तरीय कार्यालय के पदाधिकारी व कर्मीगण शामिल हुए। पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा संविधान के प्रस्तावना में निहित प्रावधानों को आत्मार्पित करने का संकल्प लिया गया।

समाहरणालय सभागार में पढ़ा गया संविधान की प्रस्तावना

संविधान दिवस (26 नवंबर) के मौके पर संविधान का प्रस्तावना समाहरणालय सभागार समेत विभिन्न जिला स्तरीय कार्यालयों में पढ़ा गया। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में संविधान के प्रस्तावना में निहित प्रावधानों को आत्मार्पित करने का संकल्प लिया गया। मौके पर कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक अलमल इंदु उरांव, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप कुमार, अवर निबंधक, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, समेत अन्य सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी व कर्मी गण उपस्थित थे।

पंचायत भवन भंडरा में मनाया गया संविधान दिवस कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा/लोहरदगा। नेहरू युवा केन्द्र लोहरदगा एवं युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुन्दो के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवम्बर को पंचायत भवन भंडरा में संविधान दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीप सदस्य भंडरा राजमनी उरांव, अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती, बालकृष्ण सिंह, पतंजली योग समिति के शिवशंकर सिंह के द्वारा डा० भीम राव अम्बेडकर एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दिप प्रज्ज्वलित कर शुरूवात की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती राजमानी उरांव ने कहा कि हमारा संविधान को सभी को जनना चाहिए हमारा संविधान में अंकित है कौन सा कार्य हमे करना चाहिए और कौन सा कार्य हमे नही करना चाहिए सभी युवाओ को हमारा संविधान की जानकारी रहनी चाहिए क्योंकि हमारा देश इसी संविधान से चल रहा है देश का संविधान बनाने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर जी की अध्यक्षता में बनी थी इसे बनाने में महीने लगे और सैकड़ो लोगो इसे बनाने में मेहनत की तब हमारा देश का संविधान बन कर तैयार हुआ। अधिवक्ता प्रवीण भारती जी ने कहा कि देश के हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि संविधान में अंकित मौलिक अधिकार को जाने साथ साथ नागरिक का कर्तव्य क्या है उसे भी लोग जाने। बालकृष्ण सिंह ने युवाओ को अहवाहन किया कि समाज के विकास में युवाओ का हमेशा योगदान रहना चाहिए हर अच्छे कार्य करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले ताकि हमारा देश निरन्तर आगे बढ़े आज के युवा ही हमारे कल के भविष्य है युवाओं के भरोसे ही हमारा भारत है। कार्यक्रम को शिवशंकर सिंह, सुमंती कुमारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे युवाओ को संविधान की शपथ दिलाई गई, कार्यक्रम में बासुदेव उरांव, अभिषेक सिंह, राहुल महतो, साइमन मिंज, पवन तिग्गा, लाल केश्वर उरांव, पवन उरांव, वाशु उरांव सहित विभिन्न युवा क्लब के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

संविधान प्रस्तावना पाठ के साथ 'संविधान सप्ताह' का हुआ आरंभ

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में आज व्यवहार न्यायालय के प्रांगण में जिला न्यायपालिका के न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मियों, पीएलवी, न्यायालय में प्रतिनियुक्ति पूलिस बलों ने संयुक्त रूप से संविधान का उद्देशिका 'हम भारत के लोग ' का पाठ किया। साथ ही संविधान की उद्देशिका के बारे में एक संक्षिप्त सत्र का आयोजन किया गया। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार ने बतलाया की राजेंद्र बहादुर पाल जो प्राधिकार के अध्यक्ष हैं के मार्गदर्शन में डालसा, लोहरदगा दिनांक 26 नवंबर से 02 दिसंबर तक 'संविधान सप्ताह' मना रहा है। जिस की विधिवत शुरूआत आज संविधान दिवस के दिन संविधान के प्रस्तावना पाठ के साथ किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने कहा कि संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं मूल कर्तव्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज 'प्रभात फेरी' निकाली जाएगी जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चें हाथ में नख्तिया लेकर शहर के लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करेंगे। 28 नवम्बर को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों, मूल दायित्व एवं अन्य मानवीय अधिकारों से लोगों को रू-ब-रू करने के आशय से जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे जेल के कैदी एवं बाल संप्रेक्षण गृह में बंद बच्चों के साथ-साथ विभिन्न गांवों एवं विद्यालयों के बच्चों पर फोकस किया जाएगा। 29 नवम्बर को 'मौलिक कर्तव्य' को लेकर बच्चों के बीच भाषण व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। दिनांक 30 नवंबर को संविधान की महत्व तथा मौलिक कर्तव्य को लेकर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 1 दिसंबर को भारतीय संविधान के महत्व को दशार्ते हुए प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 2 दिसंबर को भारतीय संविधान के विभिन्न पहलु, विषय पर कार्यशाला आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। सप्ताह भर चलने वाले 'संविधान सप्ताह' कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालंटियर्स, न्यायिक कर्मी एवं जिला पुलिस बल का सहयोग लिया जा रहा है।

सविधान दिवस के मौके पर ब्रिलिएंट हाई स्कूल व नेहरू युवा केंद्र में आयोजित हुई नागरिक जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। नेहरू युवा केंद्र, सिमडेगा की ओर से संविधान दिवस के अवसर शनिवार को पर जिला स्तर पर ब्रिलियंट हाई स्कूल के प्रांगण में 'अपने संविधान को जानें - नागरिक जागरुकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। वहीं प्रखंड स्तर पर जलडेगा लोम्बोई के धनुर्जय सिंह देव उच्च विद्यालय में संविधान दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तर के कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू के द्वारा संविधान निमार्ता भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात सभी ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। कार्यक्रम में साधनसेवी सिमडेगा कॉलेज

के राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक रोशन टेटे ने युवाओं को संविधान और इसके प्रस्तावना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। वहीं अधिवक्ता रवि कुमार बक्शी ने हमें संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों और नागरिक मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कैसे युवा मौलिक कर्तव्यों का पालन कर राष्ट्रीय विकास में योगदान कर सकते हैं। इसके बाद संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी और फिर संविधान से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा का आयोजन किया गया। प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन मैक्सीमाला होरो द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य राजेंद्र मिंज के द्वारा किया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक और युवा मंडल सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन मनोज कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य गोरखनाथ सिंह, जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, निशा देवी वार्ड सदस्य, सोरिना टेटे लेखापाल, विद्यासागर, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रेश्मा कुमारी, संजय पान, नितेश साय, पुनीता मिंज, रोशन सूरीन सहित अन्य उपस्थित रहे।

व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का हुआ आयोजन, 85000रु. वसूले राजस्व

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। व्यवहार न्यायालय सिमडेगा में शनिवार को सुबह 10:00 बजे मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वाधान में आयोजित की गई इस दौरान कुल 3 बच्चों का गठन किया गया बैंजो में अलग-अलग प्रकार के विभिन्न मामले आए इन मामले को आपसी मध्यस्था के आधार पर सुलह किया गया बेंच 1 में मुख्य रूप से आशा देवी भट्ट जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रभात कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता सिमडेगा, मंजीत साहू अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी सिमडेगा, प्रेमानंद सील तोपनो अधिवक्ता सिमडेगा, चंदन डे स्थायी लोक अदालत सदस्य, लक्ष्मी कांत प्रसाद सदस्य, कोमल दास अधिवक्ता शामिल रही। आपसी समझौता के आधार पर मोटर व्हीकल एक्ट के 44 मामले उत्पाद संबंधित दो माप तोल के चार कुल 50 मामले आए इन्हें निपटारा किया गया इस दौरान कुल 85000रु. की राजस्व वसूला गया। इस दौरान बताया गया कि मासिक लोक अदालत का उद्देश्य जो मामले थाने में लंबे समय से लंबित है वैसे मामले को जल्द से जल्द सुलह करने के लिए आयोजित की गई थी।

विद्या मंदिर स्कूल में संकुल स्तरीय वंदना प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

सही स्वर और पूरी तन्मयता के साथ वंदना का उच्चारण करना चाहिए : स्वप्न राय

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में संकुल स्तरीय वंदना प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में लोहरदगा संकुल के सभी 7 विद्यालयों के वंदना प्रमुख आचार्य - आचार्या एवं भैया - बहन उपस्थित हुए। विभाग वंदना प्रमुख स्वप्न कुमार राय प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे । वंदना के स्वर एवं शुद्धता की जानकारी देते हुए स्वप्न कुमार राय ने कहा कि सही स्वर और पूरी तन्मयता के साथ वंदना का उच्चारण करने से मन में शुद्धता और एकाग्रता आती है ,जिससे भैया- बहनों को अपनी पढ़ाई में अधिक रुचि जगती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनोहर

लाल इंटर महाविद्यालय की वंदना प्रमुख नीतू कुमारी, बड़की चांपी शिशु मंदिर से सोनी कुमारी, कुडू शिशु विद्या मंदिर से पार्वती देवी, शिशु मंदिर सेन्हा से डोली कविता और विद्या मंदिर कैरो से प्रभा कुमारी तथा शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर से जया मिश्रा वंदना प्रमुख के रूप में उपस्थित हुईं। प्रशिक्षणार्थी भैया- बहनों के रूप में सभी सात संकुलों से कुल 44 भैया -बहन उपस्थित हुए। दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर संकुल प्रमुख सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि शिशु / विद्या मंदिर की वंदना अत्यंत आकर्षक एवं प्रभावी होती है। पठन-पाठन के प्रारंभ में वंदना के द्वारा भैया बहनों में श्रद्धा एवं एकाग्रता का संचार होता है। आशा है कि आज के प्रशिक्षण के द्वारा लोहरदगा संकुल के सभी विद्यालयों में वंदना के स्वर में एकरूपता आएगी। सभी आगत अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्या मंदिर की वंदना प्रमुख आचार्या जया मिश्रा ने किया। इस अवसर पर संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, मनोहर लालअग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी विशेष रुप से उपस्थित थे। कल्याण मंत्र के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में प्रखंड स्तरीय आयुष मेला का हुआ आयोजन

आयुर्वेद प्राचीन काल की पद्धति है जो रोगों को मूल तरीके से करती है नष्ट : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में शनिवार को प्रखंड स्तरीय आयुष मेला का आयोजन किया गया आयुष मेला का विधिवत उद्घाटन कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कौगाड़ी के द्वारा किया गया ठेठाईटांगर प्रखंड में किया गया मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि आयुर्वेद एक प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। जो किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं करता है। रोग ठीक होने में समय लगता है, पर रोग समूल ठीक करता है। यह भारतीय चिकित्सा पद्धति रोग चिकित्सा के साथ-साथ स्वस्थ रहने की भी शिक्षा देती है। आजकल जगह-जगह आयुर्वेद ग्राम व आयुष विभाग के द्वारा प्रचार-प्रसार होने से आयुर्वेद के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है शासन ने भी इस आयुष चिकित्सा पद्धति की ओर ध्यान दे रही है। अपने उद्बोधन में भारतीय चिकित्सा

पद्धत्ति को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नितिन राय ने कहा कि आयुर्वेद एवं होम्योपैथी सहज, सरल घर-घर में अपनाई जाने वाली चिकित्सा पद्धति है जो प्राचीनतम है। सिमडेगा जिला वनौषधियों से भरा है जिसे पहचान, उपयोगिता एवं संरक्षण करने की अपील की। विधायक ने बताया कि चिकित्सक व योग सहायक की भर्ती की प्रक्रिया में है स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर ।झारखण्ड गावों का प्रदेश है यहॉ की 80% आबादी गॉवों/जंगलों में निवास करती है, और उनका मुख्य कार्य कृषि है। यहॉ परम्परागत रूप से मेलो का चलन हैं एवं इसे उत्सव के रूप में मनाया जाता है जहा ग्रामीण अंचल के लोग एक स्थान पर एकत्रित होकर विभिन्न अवसरों का लाभ जरूर उठाए सिविल सर्जन सिमडेगा द्वारा प्रखंड ठेठईटांगर में प्रखंड स्तरीय आयुष मेला के निरीक्षण किया गया कार्यक्रम से पूर्व आए हुए अतिथियों को माला पहनाकर एवं पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। आयुष मेला में कुल 302 महिला एवं पुरुषों के द्वारा विभिन्न प्रकार के इलाज एवं चिकित्सा परामर्श। मौके पर मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अंचल अधिकारी, समीर कच्छप, मुखिया संगीता मिंज विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, कय्यूम आलम, जमीर अहमद, प्रिंस कुमार, एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

शिक्षा और जागरूकता से ही हमारे क्षेत्र व समाज का विकास होगा : नमन विक्सल

कोलेबिरा। संत जोसेफ बालिका उच्च विद्यालय बरवाडीह कोलेबिरा के वार्षिक महोत्सव 2022 मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कौगाड़ी उपस्थित रहे सर्वप्रथम विधायक ने सभी को संविधान दिवस तथा विद्यालय की वार्षिक महोत्सव की बधाई दी तथा भारतीय संविधान के बारे में स्कूल के छात्राओं को जानकारी दी उन्होंने कहा कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता संविधान दिवस पर डॉ बाबा साहेब अंबेडकर को याद करना बहुत जरूरी है क्योंकि बाबा साहेब संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष थे साथ ही साथ इस छोटानागपुर क्षेत्र के जयपाल सिंह मुंडा को भी याद किया जाना चाहिए क्योंकि उनका भी संविधान निर्माण में बहुत ही अहम योगदान रहा है यह संविधान ही है जो हमें ऐक आजाद देश की आजाद नागरिक होने का एहसास कराता है हमारे मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमारी हक दिलाती है यही संविधान हमे बराबरी चाहे कोई भी धर्म या जाति के हों साथ ही विद्यालय के प्रबंधन समिति तथा छात्राओं तथा अभिभावक को बधाई दी उन्होंने कहा अल्पसंख्यक विद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्या सिस्टर विक्टोरिया ,जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम ,रावेल लकड़ा, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, श्यामलाल प्रसाद , लूथर सुरीन, प्रमुख बिपिन मिंज मोहम्मद कारु, सुनील खड़िया, राजेश डुंगडुंग, सुवर्ण बाडा ,प्रिंस, जमीर आदि उपस्थित रहे।

बानो में आयोजित हुई प्रखंड स्तरीय आयुष मेला, लोगों का हुआ उपचार

नवीन मेल संवाददाता

बानो। बानो प्रखंड कार्यालय के समीप शनिवार को प्रखंड स्तरीय आयुष मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बानो प्रमुख सुधीर डांग ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा लोग समय के साथ आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाए। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से इजाज से गम्भीर से गम्भीर बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है। हमे गांव देहात में उपलब्ध जड़ी बूटियों की जानकारी नहीं है। जानकारी के अभाव में आयुर्वेदिक पद्धति से इलाल नही कर पाते है। डॉ कमलेश उरांव ने कहा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति हमे प्रकृति से जोड़ कर रखता है यूनानी चिकित्सा, आयुर्वेद, योगा होम्योपैथीक व सिद्धि से शरीर को अधिक दिनों तक स्वस्थ्य रखा जा सकता है। मौके पर मेला में बानो स्वस्थ बिभाग इन्सर्ट अस्पताल सोय

आदि विभागो द्वारा स्टॉल लगाया गया था। आयुष मेला में काफी संख्या में ग्रामीण आकर निःशुल्क जांच कराया। मेला में निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में कुल अलग-अलग बीमारी जिसमें आयुर्वेदिक चिकित्सा में 206 होम्योपैथी में 124 यूनानी 55, योगा 57, एलोपैथिक 66, एड्स नियंत्रक परामर्श 13, धूम्रपान 35, पोषण के परामर्श 23, एचबी टेस्ट 6, आरबीएस टेस्ट 10 रोगियों का किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, डॉ गोलकनाथ मांझी, डॉ बिनोद उरांव, डॉ शमशाद, आदि लोग उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

आयुक्त कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

मेदिनीनगर। संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। आयुक्त के सचिव अनिल कुमार सिंह ने कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रस्तावना का पाठ कराया। मौके पर प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, प्रेम प्रकाश, आयुक्त के पीए जयंत कुमार के अलावा प्रेम प्रकाश, कमल आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने किया। विचार गोष्ठी में अपनी बातों को रखते हुए जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि भारत में संविधान दिवस को व्यापक रूप से 1949 में भारत के संविधान को अपनाने के लिए 26 नवंबर की तारीख को मनाया जाता हैं । भारत के संविधान को बनाने में डॉ. अंबेडकर का योगदान किसी से छिपी नहीं है । वह संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष भी थे। संविधान के प्रारूपण में उनकी जबरदस्त मेहनत ने उन्हें संविधान का पिता भी बना दिया है। संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान भारत के लोगों के लिए सर्वोच्च शासी दस्तावेज है। इसकेअलावा संविधान दिवस मनाकर, लोगों और बच्चों को न केवल संविधान के महत्व का एहसास होता है। बल्कि बीआर अंबेडकर के साथ अन्य को भी याद करने का मौका मिलता हैं। विचार गोष्ठी में 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी ,शमीम अहमद राइन ,सत्यानंद दुबे, ईश्वरी प्रसाद सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, राजेश चौरसिया ,जितेंद्र कमलापुरी, रूद्र शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, मुकेश सिंह, हर्ष साहनी ,नफीस खान ,खुर्शीद आलम सहित मुख्तार आलम मौजूद रहे।

कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने मनाया संविधान दिवस

मेदिनीनगर। संविधान दिवस के अवसर पर कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने संविधान का पाठ पढ़कर संविधान दिवस मनाया। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यपत सिंह ने कहा कि संविधान की मूल उद्देशिका को पूरी तरह लागू करने के लिए हम सबको संकल्प लेना होगा ,तभी संविधान की रक्षा हो सकेगी। अधिवक्ता रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज संविधान बचाओ ,लोकतंत्र बचाओ आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। क्योंकि जब देश का संविधान बचेगा तभी लोकतंत्र बचेगा। और समतामूलक एवं धर्मनिरपेक्ष समाज के निर्माण के लिए संविधान की मूल उद्देश्य की रक्षा करना जरूरी है। भारतीय संविधान में अधिकारों के साथ कर्तव्यों के बारे में भी बताया गया है । जिस पर आम नागरिकों को उस पर अमल करना चाहिए और देश तथा नागरिकों के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए। अधिवक्ता धीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह सह राजद नेता ने कहा कि जिस प्रकार से देश के आम नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान को अपनाया गया और उसी संविधान के आधार पर देश के आम नागरिकों के हितों का रक्षा एवं उनके कार्यों को पूरा किया जाता है । जिसके प्रति हम सभी को वचनबद्ध होकर संविधान की उद्देशिका को सुरक्षित रखने का संकल्प लेना होगा। इसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने संकल्प लेते हुए संविधान की उद्देशिका का पाठ पढ़ा और उसी उद्देशिका के अनुसार संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ का संकल्प लिया। मौके पर अधिवक्ता उपेंद्र कुमार सिंह, सोहेल अख्तर, अजेश चौहान, श्रद्धानंद तिवारी, आलोक कुमार तिवारी, रंजीत सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, आलोक कुमार तिवारी, योगेंद्र सिंह, हीरा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे और सभी ने शपथ लिया।

संविधान हमारे देश को सही दिशा प्रदान करता है : आदर्श

मेदिनीनगर। शहर के संत मरियम स्कूल आवासीय प्रांगण में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श ने सभी बच्चों के बीच संविधान की पुस्तक को समर्पित किया। उक्त मौके पर उपस्थित बच्चों, शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा की ,सही मार्गदर्शन और अथक परिश्रम से निर्मित यह संविधान हम सभी को एक बेहतर दिशा प्रदान करता है । भारतीय संविधान की प्रस्तावना विश्व में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। उद्देशिका के माध्यम से भारतीय संविधान का सार, अपेक्षाएं, उद्देश्य उसका लक्ष्य तथा दर्शन प्रकट होता है। प्रस्तावना यह घोषणा करती है कि संविधान अपनी शक्ति सीधे जनता से प्राप्त करता है। इसी कारण यह 'हम भारत के लोग' इस वाक्य से प्रारम्भ होती है। प्राचार्य ने कहा कि संविधान भारतीय जीवन दर्शन का ग्रंथ है। वस्तुतः भारत का संविधान देश को संप्रभु, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी, लोकतांत्रिक गणतंत्र घोषित करता है और अपने नागरिकों के लिए समानता, स्वतंत्रता और न्याय की प्रत्याभूति देता है। जिस पर हमें असीम गर्व और गौरव है। उक्त अवसर पर आवासीय विद्यालय के कोऑर्डिनेटर सुधांशू दूबे द्वारा भी संविधान से सम्बंधित तथ्य बच्चों के साथ साझा किया गया । मौके पर अर्जुन अग्रवाल, आनंद कुमार, विशाल राज, रिजवाना प्रवीण, गौरव तिवारी, जेपी सर, अभिषेक गिरी , मनोज पांडेय , समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

डालसा करेगा संविधान सप्ताह का आयोजन

मेदिनीनगर। झालसा के दिशा निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक संविधान सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को प्रस्तावना का पाठ के साथ ही इसकी शुरूआत की गई है। 27 नवंबर को प्रभात फेरी निकाली जायेगी। 28 नवंबर को जेल, ऑब्जरवेशन होम एवं गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा । 29 नवंबर को विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में निबंध व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 30 नवंबर को ग्रामीण बच्चों के लिए फंडामेंटल ड्यूटीज को लेकर जागरूकता वाहन चलाया जायेगा । एक दिसंबर को विलेज लीगल सपोर्ट सेंटर में भारतीय संविधान के महत्व को लेकर प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा । वहीं दो दिसंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकार परिसर में संविधान के महत्व को लेकर एक वर्कशॉप का आयोजन किया जायेगा।

32 करोड़ की लागत से बनने वाली 3 योजनाओं का मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया शिलान्यास, बोले-

पूर्व के जनप्रतिनिधियों के 30 साल पर भारी पड़ेगा हमारा तीन साल

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनिया प्रखंड में करीब 32 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली तीन योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजना में करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र चिनिया, लगभग सात करोड़ रुपए की लागत से बेता रोड एवं करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से गुरुसिंधु रोड का निर्माण शामिल है।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विकास क्या होता है यह पहले गढ़वा में पता ही नहीं चलता था। लोग सिर्फ चुनाव के समय अपने जनप्रतिनिधि को देख पाते थे। परंतु आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आपका चुना हुआ सेवक हर समय आपके बीच रहकर आपके गांव, घर तक पहुंच रहा है। मंत्री ने कहा कि विभाग से योजना पास होने के बाद हम शिलान्यास का इंतजार नहीं कराते। योजनाओं को जितनी जल्द धरातल पर उतारा जाए इसका प्रबंध हो। शिलान्यास और उद्घाटन बाद में होता रहेगा। पूर्व के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय आते थे और उनकी सोच होती थी कि वह पैसा बांटकर चुनाव जीत जाएंगे। ऐसे लोगों को जनता ने जवाब दे दिया है। अब जनता जागरुक हो चुकी है। जो काम करेगा वही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा। क्षेत्र के विकास में सड़कों का बहुत बड़ा योगदान होता है। बिना सड़क के क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। हमारा प्रयास है कि गढ़वा रंका विधानसभा के सुदूरवर्ती क्षेत्र तक सड़कों का जाल बिछे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विकास कार्यों में हमारा तीन साल का कार्यकाल पूर्व के जनप्रतिनिधियों के 30 साल के पर भारी पड़ेगा।

मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिपस बनारसी सिंह, प्रमुख सुनैना देवी, उप प्रमुख फारुख अंसारी, बेता मुखिया रामेश्वर सिंह, उप मुखिया सरिता देवी, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, रामनाथ तूरी, हीरामन सिंह, आदिवासी महासभा के अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार, बंधु यादव, राम सागर यादव, बंशीधर यादव, हरिओम यादव, बेलाल अंसारी, सिराज अंसारी, इलियास अंसारी, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, रेखा चौबे, अनिता दत्त, चंदा देवी, जितेंद्र दुबे, पूरन तिवारी, आशुतोष पांडेय, दिलीप गुप्ता, आर्यन सिंह, दीपक सिंह, रामसेवक यादव, दीपक पाठक, मनदीप यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विकास योजनाओं से मिलेगी यह सुविधा

गुरुसिंधु रोड के निर्माण से जिले का अति मनोहारी जलप्रपात पर्यटन स्थल गुरुसिंधु तक पर्यटक अब आसानी से पहुंच सकेंगे। चिनिया प्रखंड के राजबांस से गुरुसिंधु तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। करीब 11 किमी लंबी इस सड़क का निर्माण राजबांस मुख्य पथ कदवा मोड़ से तहले, चपला होते हुए गुरुसिंधु जलप्रपात तक पीडब्ल्यूडी मापदंड के अनुसार किया जाएगा। इसके निर्माण से राजबांस, डोल, चपकली आदि गांव के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। चिनिया एवं रंका प्रखंड के अन्य सुदूरवर्ती गांव गढ़वा जिला मुख्यालय एवं रंका अनुमंडल मुख्यालय से जुड़ जायेंगे।

बेता रोड का निर्माण बिलैती खैर मोड़ से चिरका होते हुए रणपुरा तक करीब 10 किलोमीटर किया जाएगा। इस सड़क से बेता एवं खुरी पंचायत के एक दर्जन से अधिक गांव सीधे पक्की सड़क से जुड़ जाएंगे। इस रोड के निर्माण होने से बेता पंचायत से चिनिया प्रखंड की दूरी में सात किलोमीटर की बचत होगी। ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए 15 किलोमीटर घूम कर नहीं जाना पड़ेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य भवन सहित चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों के लिए आवास एवं चहारदीवारी आदि की व्यवस्था होगी। अत्याधुनिक एवं सर्व सुविधा संपन्न स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। अब तक चिनिया प्रखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था की घोर कमी रही है। इसके निर्माण से पूरे प्रखंड वासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

डीएलएसए के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय में मना संविधान दिवस

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय में एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के सहयोग से 1570 शिक्षण संस्थानों में मनाया गया संविधान दिवस। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपाई ने व्यवहार न्योयालय परिसर स्थित सभागार में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह के द्वारा संविधान का प्रस्तावना पढ़ा गया एवं सभी उपस्थित न्यायिक दंडाधिकारी, पैनल अधिवक्तागण, कोर्ट स्टाफ एवं पीएलवी ने प्रस्तावना को दोहराया। साथ ही संविधान की महत्ता एवं कर्तव्यों के सभी को जागरूक किया। उक्त प्रस्तावना सभा में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा, एडीजे पंचम प्रेम शंकर, मुख्य न्यायि दंडाधिकारी विनय लाल आदि शामिल थे। वहीं सभी बारह प्रखंडों में पीएलवी के द्वारा संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जबकी जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा के दिशा निर्देश पर जिले के 1570 स्कूलों में तथा सभी कॉलेजों में प्रस्तावना पढ़ी गई। उपरोक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपेई के द्वारा दी गई।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सीएस से की मुलाकात, बोले

स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने पर हुई वार्ता

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मिलकर प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, झारखंड विकास समिति नेता रवि कुमार डे, माकपा नेता सह कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, कांग्रेसी नेता निर्मल भारती शामिल थे, अस्पताल में मोक्ष वाहन उपलब्ध कराने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया गया। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने सीएचसी में स्वास्थ्य सेवा और बेहतर करने के लिए अस्पताल में ब्लड स्टोरेज शीघ्र ही चालू करने का अनुरोध उनसे किया, इसपर सीएस ने कहा कि मोक्ष वाहन उपलब्ध करा दिया गया है कमिटि बनाकर इसका संचालन करें। बिना कमिटि का गाड़ी नहीं चल पाएगा, गाड़ी का ड्राईवर और इंधन का खर्च की व्यवस्था ग्रामीणों को ही करना है। कमिटि का गठन कर इसका संचालन होने से इसका सुविधा आप लंबे समय तक उठा सकते हैं। ब्लड स्टोरेज चालू करने के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नंदकुमार पांडे को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए कहा कि डेढ़ माह में ब्लड स्टोरेज चालू करा दिया जाएगा, नेताओं की आग्रह पर सिविल सर्जन ने अल्ट्रासाउंड और ईसीजी मशीन भी चालू कराने के निर्देश प्रभारी को दिया है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नंदकुमार पांडे, डॉ0 तरूण जोश लकड़ा, डॉक्टर श्यामनंदन तिवारी, अस्पताल कर्मी प्रवीण कुमार भोला, हसीब आलम, धनेश्वर प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

संविधान के प्रति निष्ठा का लिया शपथ

बसिया । संविधान दिवस के शुभ अवसर पर आज बसिया अनुमण्डल कार्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में संविधान के प्रति निष्ठा का शपथ लिया गया। इस अवसर पर अनुमंडल कार्यालय में बसिया के अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के नेतृत्व में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनुमण्डल कर्मियों ने संविधान का पाठ करते हुए तत्संबंधी शपथ लेने का काम किया जबकि अंचल कार्यालय में अंचल अधिकारी रविंद्र पांडे एवं प्रखण्ड कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा कार्यालय कर्मियों को संविधान का पाठ कराते हुए शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी तरह बसिया इंटर महाविद्यालय में प्राचार्य केदारनाथ दास के नेतृत्व में छात्र छात्राओं एवं महाविद्यालय कर्मियों को संविधान का पाठ करवाते हुए संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया गया।

नेहरू युवा केंद्र ने नागरिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नेहरू युवा केंद्र पलामू के द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर अपने संविधान को जाने , नागरिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के परिसर में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगम के उपमहापौर मंगल सिंह , जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के प्रधान सहायक संतोष दुबे, एवं लेक्चरर कमलेश पांडेय उपस्थित रहें। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में भारत के उच्चतम न्यायालय में अभ्यासरत एवं द एडवोकेट लीग, नई दिल्ली के कन्वेनर, नितीश कुमार मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पाटन प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वंयसेविका दीक्षा सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा संविधान के उद्देशिका के वाचन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि संविधान की जानकारी हम सभी को होना चाहिए और इसमें हमें बताये गये कर्तव्यों का अनुपालन जरूर करना चाहिए। मौके पर उपस्थित जिला युवा अधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया के सबसे बड़े संसदीय लोकतंत्र का आधार है। देश के नागरिक के रूप में, हम में से प्रत्येक के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने संविधान के लेखन की कहानी, इस देश के नागरिकों को दिए गए मौलिक अधिकारों और उनसे अपेक्षित कर्तव्यों से अवगत हों। पीएम के इस दृष्टिकोण से प्रेरणा लेते हुए, एनवाईकेएस देश के सभी जिलों में अपने संविधान को जानें, नागरिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में उपस्थित एडवोकेट नीतीश कुमार मिश्रा ने संविधान के बनने की कहानी, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों को विस्तारपूर्वक सभी प्रतिभागियों को बताए। इस कार्यक्रम में रामा शंकर पासवान, नीतीश दुबे, गोविंद मेहता, अमन गुप्ता सतीश सिंह, सचिन तिवारी सहित सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

भारतीय संविधान देश की आत्मा है : संतोष

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय संविधान देश की आत्मा है। बिश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा धर्मग्रंथ है हमारा संविधान । संविधान सम्मत काम करें तो अलग से कुछ करने की आवश्यकता नहीं है । उक्त बातेंअधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कही। वे संविधान दिवस के अवसर पर पोलपोल में जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज संविधान बने हुए 73 वर्ष पूरे हो चुके हैं। हमारा संविधान हमारे भारतीय सभ्यता का मूर्त रूप है । उन्होंने कहा कि जब लोग कानून को हाथ में लेते हैं तो वहां संविधान अपना काम करना शुरू कर देता है। संविधान से बाहर जाकर काम करने की आजादी किसी को नहीं दी गई है। इसलिए संविधान को मूल्यों को आत्मसात करने की जरूरत है। हमें संविधान के अनुपालन करने की शपथ लेनी चाहिए । उन्होंने कहा कि देश में कानून का राज कायम करने के लिए संविधान जरूरी है। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोंगो को संविधान के प्रस्तावना का शपथ दिलाया। मूल कर्तब्य, मूल अधिकार, मौलिक कर्तब्य व लोकतंत्र के बारे में विस्तार से चर्चा की। कहा कि भारतीय संविधान बनाने में दो बर्ष 11 महीने 18 दिन का समय लगा था। संविधान के चलते ही आज हम सुरक्षित है। मौके भरदुल सिंह ,महेन्द्र सिंह, धर्मराज सिंह, अखिलेश सिंह, अरविंद गुप्ता, महेश प्रसाद,शम्भू प्रसाद,ध्रुप पाल, हरि सिंह ,अब्दुल अजीज अंसारी,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

आम आदमी पार्टी कार्यालय में मना स्थापना दिवस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आम आदमी पार्टी के पलामू कार्यालय में पुलवामा में शहीद वीरों को याद करते हुए संविधान दिवस व आम आदमी पार्टी की स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने संविधान की प्रस्तावना को बोलते हुए संविधान दिवस को मनाया । आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक चंद्र बली चौबे ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि आज ही के दिन भारत के संविधान का निर्माण हुआ था और आज की तारीख में शिक्षा, स्वास्थ जैसी मूलभूत सुविधाओं को देने वाली पार्टी आम आदमी पार्टी की स्थापना भी हुई थी। आम आदमी पार्टी आज पूरे देश में एक ईमानदार पार्टी के रूप में उभरती जा रही है।

पलामू समाहरणालय परिसर में मनाया गया संविधान दिवस

संविधान निर्माण में पलामू के दो लोगों की अहम भूमिका : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारत का संविधान,भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को पारित हुआ । इसलिए यह दिन (26 नंवबर) भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। वहीं संविधान 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। संविधान निर्माण के दौरान पलामू जिले से दो लोग बतौर सदस्य यदुवंश सहाय 'यदु बाबू' और अमिय कुमार घोष 'गोपा बाबू' शामिल थे। ये हमारे लिए गर्व का विषय है। पलामू के इन दो सपूतों के संविधान निर्माण में योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उक्त बातें उपायुक्त- सह- जिला दण्डाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने कही। वे संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर 2022 को आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। समाहरणालय परिसर में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में उपायुक्त के साथ सभी पदाधिकारी व कर्मियों ने संविधान का प्रस्तावना पढ़ा। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथ- निरपेक्ष,लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के साथ ही राष्ट्रीय की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि भारतीय संविधान सरल भाषा में है, जो सभी चीजों को प्रदर्शित करता है। उन्होंने भारतीय संविधान में मौजूद मौलिक अधिकारों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि मौलिक अधिकार वे मूलभूत अधिकार हैं जो किसी व्यक्ति के जीवनव्यापन हेतु मौलिक एवं अनिवार्य होने के कारण संविधान के द्वारा नागरिकों को प्रदान किए जाते हैं। ये सभी अधिकार व्यक्ति के मानसिक व भौतिक और नैतिक विकास के लिए जरूरी है। मौलिक कर्तव्यों के विषय पर प्रकाश डालते हुए श्री दोड्डे ने कहा कि ये अन्य चीजों के साथ-साथ नागरिकों को, संविधान का पालन करने, आदर्श विचारों को बढ़ावा देने और अनुश्रवण करने का आदेश देता है। उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। संविधान दिवस के अवसर पर आज जिले के सभी कार्यालयों में संविधान दिवस का आयोजन कर उसकी शपथ ली गई तथा सभी कर्मियों ने अपने जीवन में उसका पालन करने की बात कहीं।

जेएसएससी ने निकाली 176 पदों पर नियुक्ति

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के बेरोजगार युवकों के लिए अच्छी खबर है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अलग-अलग पदों के लिए 176 पदों पर नियुक्तियां जारी की है। इनमें से 166 और 10 बैकलॉग के पद है। विभिन्न विभागों में खान निरीक्षक, मोटरयान निरीक्षक, स्ट्रीट लाइट निरीक्षक, पाइप लाइन निरीक्षक तथा कनीय अभियंताओं के पदों पर भर्तियां होगी। सभी पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए आवश्यक तकनीकी योग्यता के अलावा झारखंड के शैक्षणिक संस्थानों से मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। हालांकि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को इससे छूट मिलेगी।

सबसे ज्यादा पद नगर विकास विभाग में : निकाली गई नियुक्ति प्रक्रिया में सबसे ज्यादा पद नगर विकास विभाग में है। खान एवं भूतत्व विभाग में खान निरीक्षक के 32 पद और एक पद बैकलॉग है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कनीय अभियंता (यांत्रिकी) के 19 और 07 पद ,परिवहन विभाग में मोटरयान निरीक्षक के 44 पद और 02 पद है। वही नगर विकास एवं आवास विभाग में स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर के 55 पद है। नगर विकास एवं आवास विभाग में पाइप लाइन इंस्पेक्टर के 16 पद है। कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से जारी रिक्तियों के मुताबिक अलग-अलग विभागों से दोनों श्रेणियों के पदों पर नियुक्ति के लिए अलग-अलग विज्ञापन जारी किया है। हालांकि दोनों श्रेणी के पदों पर चयन एक ही परीक्षा से होगी। नियुक्ति हेतु प्रतियोगिता परीक्षा एक चरण में ली जायेगी। इसमें सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के पूछे जायेंगे। एक सही प्रश्न पर तीन अंक मिलेंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक की कटौती की जायेगी। प्रश्न-पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा में होंगी। इस प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए 12 दिसंबर से अगले साल 11 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन भरे जायेंगे।

एक नजर इधर भी

यायावरी की जिंदगी-सी राहें

मन भी अद्भुत है। लाख भौतिक समृद्धि की तलाश में इधर-उधर भटकता रहे, भौतिक लक्ष्यों के आकार को बड़े से बड़ा करता जाए, समय की सूई को पकड़ कर दौड़ता रहे, मगर इसके बावजूद अचेतन मन कहीं न कहीं सुकून के पल तलाशता रहता है। जीवन के गणित में उलझने के बाद अंत में यही लगता है कि वह कहीं ठगा गया है और अपने लिए जी ही नहीं पाया है। जिंदगी के रिश्ते निभाते-निभाते आदमी अपने आप को कई बार भूल जाता है। यह भी याद नहीं रख पाता कि उसकी खुद की भी एक जिंदगी है, अपने भी कुछ निजी पल हैं। बच्चों से, रिश्तों से, कुछ बहुत अपना भी है, जो अक्सर जीने से रह जाता है। इसलिए अपने लिए समय निकालना बहुत जरूरी है। जब हम अपने जीवन में झांक कर देखेंगे तो मन की छटपटाहट यही इंगित करती रहती है कि भागदौड़ की दुनिया से कुछ पलों के लिए कहीं निकल जाएं। इस मायने में सर्वश्रेष्ठ उपाय है यात्रा। कहीं भी अपने माहौल से दूर निकला जाए और कुछ दिन बिताकर, फिर तरोताजा होकर अपनी दुनिया में आया जाए। अपने आसपास देखने पर महसूस किया जा सकता है कि बहुत से लोग ऐसे हैं, जो अपने दायरे में सिमटे हुए हैं। कुछ अपनी पारिवारिक परेशानियों में ही मगन है तो कुछ लोग हैं, जो आर्थिक रूप से समृद्ध हैं। मन सभी का करता है कुछ पलों के लिए बाहर निकलने का। पर कुछ लोग समय नहीं निकाल पाते तो कुछ लोग यात्रा को अनावश्यक व्यय मानते हुए कहीं जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। ऐसे में यात्राओं को कुछ अलग ढंग से परिभाषित करने की जरूरत है। आमतौर पर देखा जा सकता है कि लोग कागज पर यात्रा का कार्यक्रम बनाते हैं तो उसमें लाभ-हानि का गणित बिठाते हुए यात्रा कार्यक्रम को इतना लंबा खींच लेते हैं कि जब जाने का वक्त आता है तो आदमी के हाथ-पांव फूल जाते हैं। जब दो दिन के लिए कभी घर से नहीं निकलना हुआ हो तो यह कैसे संभव होगा। कमरे में बैठकर, नक्शे पर छोटे-छोटे बिंदु देखकर आदमी यह सोचता है कि जब जा ही रहा है तो सारी जगह घूम लेगा। लेकिन यथार्थ में यह संभव नहीं हो पाता। ऐसे में सर्वश्रेष्ठ उपाय है छोटी-छोटी यात्राओं का चयन करना। मसलन, हम अपने शहर से तीन-चार सौ किलोमीटर के दायरे की जगह को चुन सकते हैं। अगर हम आर्थिक रूप से अधिक व्यय नहीं चाहते, तो ट्रेन या बस से जा सकते हैं। पर्यटन कंपनियों या समूहों की ओर से चलाई जानी वाली छोटी-छोटी यात्राओं के पैकेज भी ले सकते हैं, ताकि बाकी चीजों को लेकर निश्चिंत रहा जा सके। बाहर का ठहराव एक या दो रातों का भी रखा जा सकता है। इस सबसे घर से निकलते वक्त हमें एक मनोवैज्ञानिक फायदा मिल सकता है कि दिमाग में यह राहत रहेगी कि कल या परसों तो घर वापस आ ही जायेंगे। छोटी यात्रा झट से संपन्न भी हो जाती है। इसमें कामकाजी लोगों को अलग से ज्यादा छुट्टी लेने की जरूरत नहीं पड़ती है। यात्रा की दिशा हम अपनी चाह के आधार पर तय कर सकते हैं। अगर हमारी रुचि धार्मिक स्थानों में हो तो धार्मिक, अगर प्राकृतिक सौंदर्य अधिक आकर्षित करता हो तो इससे संबंधित जगहों पर जा सकते हैं। जगह हमारे मन के अनुकूल हो तो यात्रा के सफल होने की संभावना ज्यादा होती है। यों जगहों के बारे में थोड़ी जानकारी हासिल कर लेना बेहतर रहता है। घूमने और खाने-ठहरने की जगहों के बारे में पहले हासिल जानकारी से वक्त का सदुपयोग किया जा सकता है। एक अन्य जरूरी पहलू ध्यान रखने का यह होता है कि घर से बाहर निकलते वक्त असुविधाओं को स्वाभाविक मानकर स्वीकार कर लेना चाहिए। स्वीकार भाव से कहीं जाया जाए तो असुविधाएं भी एक विशेष अनुभव दे सकती हैं। यों छोटी यात्रा का सबसे बड़ा फायदा यह है कि अगर हमें वह जगह अच्छी नहीं लगी, तो निकट होने से यह लगेगा कि कोई बात नहीं, कल तो घर पहुंच ही जायेंगे।

■ शरद उपाध्याय

कठिन राह पर चलती अर्थव्यवस्था

विश्व व्यापार संगठन ने भी रोजगार बाजार के धुंधले भविष्य की ओर ही इशारा किया है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण की रिपोर्ट राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी की जाती है। यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर रोजगार एवं बेरोजगारी की स्थिति को आंकड़ों से बताता है। इसके अनुमान के मुताबिक 2022 में वैश्विक व्यापार की वृद्धि दर 3.5 फीसद रहेगी, जबकि 2023 में यह मात्र एक फीसद पर सिमट जायेगी। यह अनुमान एक तरह से वैश्विक मंदी की मुनादी है। यानी भारत का निर्यात और घटेगा और यह घटाव रोजगार बाजार पर काली घटा बन कर बरसेगा। वैश्विक अस्थिर आर्थिक हालात के बीच घरेलू कुप्रबंधन का परिणाम क्या होता है, भारतीय रोजगार बाजार की मौजूदा स्थिति इसका आईना है। मौजूदा हालात इस बात को भी साफ कर देते हैं कि रोजगार की राह आगे भी आसान नहीं रहने वाली है। ऐसी कठिन राह पर चल कर अर्थव्यवस्था कहां पहुंचेगी, कल्पना कर पाना कठिन है। समय सूझबूझ और सुनीति की मांग करता है, जबकि प्रबंधकों पर अभी भी कुनीति का खुमार छाया हुआ है। रोजगार के आंकड़े बताते हैं कि अक्तूबर 2022 में जहां एक तरफ नौकरियों की संख्या घटी है, वहीं बेरोजगारी दर ऊपर गई है। खासतौर से ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर में तीव्र उछाल आया है, वह भी गैर कृषि क्षेत्र में। यह स्थिति चिंताजनक है। सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी (सीएमआइई) के आंकड़े बताते हैं कि अक्तूबर 2022 में बेरोजगारी दर बढ़ कर 7.8 फीसद हो गई, जो सितंबर 2022 में 6.4 फीसद थी। यहीं पर ग्रामीण बेरोजगारी दर अक्तूबर 2022 में आठ फीसद दर्ज की गई। इसमें कोई संदेह नहीं कि बेरोजगारी भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ जैसे जोंक की तरह चिपक गई है। जून 2020 से ही बेरोजगारी की औसत दर 7.7 फीसद पर बनी हुई है। चिंताजनक बात यह कि अक्तूबर 2022 में सिर्फ बेरोजगारी दर ही नहीं बढ़ी, बल्कि रोजगार बाजार में श्रमिकों की भागीदारी भी घटी है। सितंबर 2022 में श्रमिक भागीदारी दर (एलपीआर) 39.3 फीसद थी, जो अक्तूबर 2022 में घट कर 39 फीसद रह गई। जनवरी 2022 से लेकर अक्तूबर 2022 तक (सिर्फ अप्रैल महीने को छोड़ दिया जाए) एलपीआर लगातार 40 फीसद से नीचे बनी हुई है। एलपीआर में गिरावट कामकाजी आबादी के बीच पनपती निराशा का संकेत है, और यह निराशा सामाजिक अर्थव्यवस्था के पतन की पहली सीढ़ी है। एलपीआर में गिरावट और बेरोजगारी दर में वृद्धि का सीधा अर्थ होता है अर्थव्यवस्था रोजगार पैदा करने में अक्षम साबित हो रही है। सीएमआइई के आंकड़े बताते हैं कि अक्तूबर 2022 में रोजगार की दर घट कर 36 फीसद पर आ गई, जो साल भर पहले इसी अवधि में लगभग 37.3 फीसद थी। अक्तूबर 2022 में नौकरियों की संख्या में तो 78 लाख की गिरावट आई, लेकिन बेरोजगारों की संख्या 56 लाख ही बढ़ी। यानी लगभग 22 लाख लोग रोजगार बाजार से निराश होकर अपने घरों को लौट गए। रोजगार बाजार की स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब ग्रामीण इलाकों में नौकरियां घटने लगती हैं, और वह भी गैर कृषि क्षेत्र में। ग्रामीण नौकरियों में अक्तूबर 2022 की गिरावट गैर कृषि क्षेत्र में ही हुई है। हालांकि कृषि क्षेत्र में भी सिर्फ अक्तूबर 2022 को छोड़ कर पिछले एक साल से नौकरियां लगातार घट रही हैं। नौकरियों के मामले में कृषि क्षेत्र नवंबर 2021 में अपने उच्चतम पर था, जब इस क्षेत्र में 16.4 करोड़ लोग रोजगाररत थे। लेकिन उसके बाद से यह आंकड़ा तेजी के साथ नीचे आया और सितंबर 2022 में कृषि क्षेत्र में 13.4 करोड़ लोग ही रोजगाररत पाये गये। अक्तूबर 2022 में इस आंकड़े में थोड़ा सुधार जरूर हुआ और यह बढ़ कर 13.96 करोड़ हो गया, लेकिन पिछले चार सालों के दौरान अक्तूबर महीने में कृषि क्षेत्र में नौकरियों का यह न्यूनतम आंकड़ा है। इसी तरह सेवा क्षेत्र भी अक्तूबर 2022 में मुरझाता हुआ दिखा। सेवा क्षेत्र में 79 लाख नौकरियां खत्म हो गईं। इनमें से 46 लाख ग्रामीण इलाकों में थीं और इसमें भी 43 लाख खुदरा क्षेत्र में। यानी सेवा क्षेत्र में लगभग आधी हिस्सेदारी रखने वाले खुदरा क्षेत्र की हालत भी ग्रामीण इलाकों में पतली हो रही है। इसका सीधा अर्थ है कि ग्रामीण भारत में खरीददारी क्षमता घट रही है और मांग नीचे आ रही है। जबकि देश की लगभग 70 फीसद आबादी ग्रामीण इलाकों में रहती है। औद्योगिक क्षेत्र की तस्वीर भी धुंधली है। यहां अक्तूबर 2022 में 53 लाख नौकरियां समाप्त हो गईं, जिनमें से ज्यादातर विनिर्माण उद्योगों की थीं। सबसे ज्यादा नौकरियां पैदा करने वाले निर्माण क्षेत्र ने भी अक्तूबर 2022 में दगा दिया और वहां दस लाख से अधिक नौकरियां समाप्त हो गईं। शहरी इलाकों में रोजगार की स्थिति अक्तूबर 2022 में थोड़ी बेहतर जरूर दिखी, लेकिन नवंबर 2022 के बेरोजगारी दर के अभी तक के ऊर्ध्वमुखी रुझान इस बेहतरी को बेमानी बनाते दिख रहे हैं। नवंबर 2022 में शहरी बेरोजगारी दर फिलहाल आठ फीसद से ऊपर बनी हुई है। ग्रामीण बेरोजगारी दर भी लगभग साढ़े सात फीसद पर पहुंच रही है। शहरों में सितंबर 2022 में कुल 12.6 करोड़ नौकरियां थीं। अक्तूबर 2022 में यह आंकड़ा बढ़ कर 12.74 करोड़ हो गया। लेकिन आकार के लिहाज से शहरी क्षेत्र रोजगार बाजार में ऊंट के मुंह में जीरा की ही हैसियत रखता है। आंकड़े और अनुभव दोनों इस बात की गवाही देते हैं कि घरेलू बाजार में मांग नहीं है और ऊंची महंगाई दर इसे और नीचे लाने में जुटी हुई है। दूसरी तरफ वैश्विक मांग में गिरावट के कारण निर्यात भी लगातार नीचे गिर रहा है। अक्तूबर 2022 में निर्यात 16.65 फीसद गिर कर बीस महीने के निचले स्तर 29.78 अरब डालर पर आ गया। जबकि आयात छह फीसद बढ़ कर 56.69 अरब डालर पर पहुंच गया। यदि अप्रैल-अक्तूबर 2022 के आंकड़े को देखा जाए तो निर्यात में मात्र 12.55 फीसद की वृद्धि हुई और यह 263.35 अरब डालर का रहा, जबकि आयात 33.12 फीसद बढ़ कर 436.81 अरब डालर पर पहुंच गया। निर्यात-आयात का यह विपरीत रुझान घरेलू रोजगार बाजार के भविष्य के लिए दोधारी तलवार की तरह है। एक तरफ निर्यात में गिरावट के कारण नौकरियां घटेंगी, तो दूसरी तरफ आयात बिल बढ़ने से पूंजीगत निवेश प्रभावित होगा, जैसा कि आंकड़ों से प्रमाणित भी होता है। सवाल उठता है फिर नौकरियां कैसे पैदा हो पायेगी?

> सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी (सीएमआइई) के आंकड़े बताते हैं कि अक्तूबर 2022 में बेरोजगारी दर बढ़ कर 7.8 फीसद हो गई, जो सितंबर 2022 में 6.4 फीसद थी। यहीं पर ग्रामीण बेरोजगारी दर अक्तूबर 2022 में आठ फीसद दर्ज की गई। इसमें कोई संदेह नहीं कि बेरोजगारी भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ जैसे जोंक की तरह चिपक गई है। जून 2020 से ही बेरोजगारी की औसत दर 7.7 फीसद पर बनी हुई है। चिंताजनक बात यह कि अक्तूबर 2022 में सिर्फ बेरोजगारी दर ही नहीं बढ़ी, बल्कि रोजगार बाजार में श्रमिकों की भागीदारी भी घटी है। सितंबर 2022 में श्रमिक भागीदारी दर (एलपीआर) 39.3 फीसद थी, जो अक्तूबर 2022 में घट कर 39 फीसद रह गई। जनवरी 2022 से लेकर अक्तूबर 2022 तक (सिर्फ अप्रैल महीने को छोड़ दिया जाए) एलपीआर लगातार 40 फीसद से नीचे बनी हुई है। एलपीआर में गिरावट कामकाजी आबादी के बीच पनपती निराशा का संकेत है, और यह निराशा सामाजिक अर्थव्यवस्था के पतन की पहली सीढ़ी है। एलपीआर में गिरावट और बेरोजगारी दर में वृद्धि का सीधा अर्थ होता है अर्थव्यवस्था रोजगार पैदा करने में अक्षम साबित हो रही है। सीएमआइई के आंकड़े बताते हैं कि अक्तूबर 2022 में रोजगार की दर घट कर 36 फीसद पर आ गई, जो साल भर पहले इसी अवधि में लगभग 37.3 फीसद थी।

■ सरोज कुमार

लचित बरफुकन को क्यों भूल नहीं सकता भारत

जब मुगलों ने असम में राज्य के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था, तब लचित बरफुकन को राजा चक्रध्वज सिंघा (1663-1669) ने अहोम सेना का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया था। तब हतोत्साहित और निराश अहोम सैनिक एक ऐसे नेता के लिए तरस रहे थे जो उनमें विश्वास पैदा करे। सच्चे राजनेता की तरह महावीर लचित ने ठीक यही किया। आज उनकी 400वीं जयंती गर्व से मनाई जा रही है। राजा चक्रध्वज मुगलों की अवहेलना करने के लिए दृढ़ थे। उन्होंने औरंगजेब के भेजे गये सम्मान के वस्त्र पहनने से इनकार कर दिया। यह कहते हुए कि विदेशियों की अधीनता में जीवन जीने से कहीं बेहतर मृत्यु थी। 1665 में अपने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक रणनीतिक बैठक में उन्होंने कहा, 'मैं किसी भी विदेशी शक्ति के अधीन नहीं रह सकता। मैं स्वर्गीय राजा का वंशज हूं और अभागे विदेशियों को श्रद्धांजलि कैसे दे सकता हूं?' अब लचित बरफुकन के हाथ में एक काम था- मुगलों को खदेड़ना। मुगलों को घुटनों पर लाकर उन्होंने अपनी पूरी सेना को रिचार्ज करने में कामयाबी हासिल की। उनका सबसे अच्छा समय सरायघाट की ऐतिहासिक लड़ाई (1671) में था। उसी युद्ध में लचित ने दिखाया कि वीरता का प्रदर्शन सैनिकों की संख्या बल से नहीं होता, बल्कि उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण और रचनात्मक उपयोग से मुश्किल समय को एक अवसर में बदलने की क्षमता में होता है। लचित ने अपने देश को स्वतंत्र रखने के करो या मरो के संकल्प के अलावा दूरदर्शी धैर्य और दृढ़ता के साथ ऐसा किया भी। अल्प संसाधनों, कम जनशक्ति और एक प्रशिक्षित स्थायी सेना के अभाव के बावजूद लचित ने राम सिंह के नेतृत्व वाली दुर्जेय मुगल सेना को हरा दिया। लचित की शानदार रणनीतिक चाल में से एक युद्ध के समय और स्थान को अपनी पसंद के अनुसार बदलना था। महावीर लचित ने व्याकुल और अति आत्मविश्वास से भरी औरंगजेब की सेना को मैदानी इलाकों से नदी की तरफ मुड़ने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि लचित दुनिया में शायद एकमात्र सेनापति थे, जिन्होंने अपने राज्य की समुद्र तक पहुंच नहीं होने के बावजूद एक दुर्जेय नौसैनिक बल का निर्माण किया था। मुगलों के पास नौसैनिक युद्ध में विशेषज्ञता का अभाव था। लचित ने ब्रह्मपुत्र की तेज धाराओं से युद्ध-नौकाओं को छिपाने के लिए कुशलता से गुवाहाटी के दिघली पुखुरी को एक बंदरगाह के रूप में इस्तेमाल किया। यहीं पर नौसेना की नावों को मुगलों से लड़ने के लिए हिलोइस और तोपों से सुसज्जित किया गया था। सरायघाट में ब्रह्मपुत्र का सबसे संकरा हिस्सा नौसैनिक हमले के लिए आदर्श है, वहां आक्रमणकारियों को लचित के इस सरल नवाचार की भारी कीमत चुकानी पड़ी। यह लचित को एक राष्ट्रीय प्रतीक बनाता है, एक ऐसा व्यक्तित्व जो हमेशा के लिए भारतीय इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अंकित हो जाता है। सरायघाट ऐसी जीत थी जिसने असम और पूर्वोत्तर भारत की पहचान और सभ्यता को मुगल अधीनता से बचाया। ऐतिहासिक गाथाएं बताती हैं कि सरायघाट की लड़ाई के दौरान लचित बरफुकन बहुत बीमार पड़ गये और उन्हें युद्ध में नहीं जाने की सलाह दी गई। जब लचित ने महसूस किया कि उनकी अनुपस्थिति से उनकी सेना का मनोबल टूट जायेगा, तो उन्होंने कहा, 'जब मेरे देशवासी आक्रमण से पीड़ित हैं, और जब मेरी सेना लड़ रही है और अपने प्राणों की आहुति दे रही है, तो मैं एक बीमारी के कारण अपने शरीर को आराम देने के बारे में कैसे सोच सकता हूं? जब मेरा पूरा देश संकट में है तो मैं घर जाने के बारे में कैसे सोच सकता हूं?' यह थे लचित बरफुकन, जिनके मातृभूमि प्रेम ने मृत्यु को भी अस्थायी रूप से दूर रखा। असम आज एक महत्वपूर्ण चौराहे पर है। सरायघाट की तरह यहां कई लड़ाइयां लड़ी जानी हैं। कट्टरवाद, इस्लामी आतंकवाद, नशीले पदार्थों के प्रतिबंध, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और अवैध अप्रवासन के खिलाफ लड़ाई को निर्णायक रूप से जीतना है।

> सरायघाट ऐसी जीत थी जिसने असम और पूर्वोत्तर भारत की पहचान और सभ्यता को मुगल अधीनता से बचाया। ऐतिहासिक गाथाएं बताती हैं कि सरायघाट की लड़ाई के दौरान लचित बरफुकन बहुत बीमार पड़ गये और उन्हें युद्ध में नहीं जाने की सलाह दी गई। जब लचित ने महसूस किया कि उनकी अनुपस्थिति से उनकी सेना का मनोबल टूट जायेगा, तो उन्होंने कहा, 'जब मेरे देशवासी आक्रमण से पीड़ित हैं, और जब मेरी सेना लड़ रही है और अपने प्राणों की आहुति दे रही है, तो मैं एक बीमारी के कारण अपने शरीर को आराम देने के बारे में कैसे सोच सकता हूं?

■ हिमंता बीस्वा सरमा

है न विचित्र बात !

टोपी पहनाने वाले

नेताजी सेक्रेटरी के रग-रग से वाकिफ थे। उन्होंने सेक्रेटरी की चिंता का कारण पूछा। सेक्रेटरी ने कहा - साहब! पाँच साल पहले आप इसी तरह तैयार होकर भाषण देने गये थे और सौभाग्य से विधायक भी बन गये। लेकिन सच्चाई यह है कि आपका किया एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। अब हम किस मुँह से जनता का सामना करेंगे? अगर कहीं जनता भड़क गयी तो लेने के देने पड़ जायेंगे। नेताजी सिगरेट का कश लगाते हुए बड़े इत्मिनान के साथ कहा - देखो सेक्रेटरी! यह जनता भी बड़ी अजीब होती है। यदि वे मुर्गमुसल्लम खा रहे हों और उनसे वह थाली छीन ली जाए तो वे रोटी-सब्जी खाने लगते हैं। अगर रोटी-सब्जी छीन ली जाए तो चावल-दाल खाने लगते हैं। और चावल-दाल छीन ली जाए तो पानी पीकर रह जाते हैं। जनता बड़ी जुगाड़ु होती है। ऐसे में अगर उनसे यह वादा कर दिया जाए कि हम घर के प्रत्येक सदस्य को दस-दस किलो चावल मुफ्त देंगे तो वे अपना मुर्गमुसल्लम भुलाकर फिर से हम पर विश्वास करने लगेंगे। यह जनता किसी सिगरेट से कम नहीं है। पाँच साल तक इनका जितना कश लगाया जा सकता है, लगाओ और किए हुए वादों को धुएँ के माफिक हवा में गायब हो जाने दो। जनता हमेशा आज में जीती है। इसलिए तुम चिंता मत करो। मेरे पास जनता को बहलाने के बहुत सारे वादे हैं। वादों के दो बिस्कुट फेंकते ही कुत्ते की तरह दुम हिलाते हुए मेरे आगे-पीछे हिलने-डुलने लगेगी। सो जल्दी करो, कहीं दूसरे नेताजी आकर हमसे बड़ा वादा न कर जाएँ।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

वीर सावरकर का अपमान करने वालों की विफल होती चाल

एक राजनीतिक विश्लेषक के तौर पर अध्ययन किया जाए तो यही कहा जा सकता है कि महाराष्ट्र में वीर सावरकर के प्रति सम्मान कुछ ज्यादा ही है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अंग्रेजों का नौकर बताने वाला बयान देना निश्चित ही महाराष्ट्र की जनता को उकसाने वाला ही था। कांग्रेस द्वारा अपने सत्ता निर्वासन को समाप्त करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। जो कांग्रेस की तड़पन को दूर करने के लिए अपरिहार्य भी है। लेकिन कभी कभी इस यात्रा के दौरान ऐसा भी लगने लगता है कि इस यात्रा का मूल उद्देश्य भारतीय समाज को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि समाज में बिखराव पैदा करना ही है। अगर यात्रा का उद्देश्य वास्तव में ही समाज को जोड़ने के लिए होता तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कम से कम वीर सावरकर के बारे में अनुचित टिप्पणी करने से परहेज करते, लेकिन राहुल गांधी ने ऐसा नहीं किया। इसके पीछे कांग्रेस के कौन-से निहितार्थ हैं? यह कांग्रेस के नेता ही जानते होंगे, लेकिन इतना अवश्य है कि महाराष्ट्र में वीर सावरकर पर निशाना साधने के कुछ मायने हैं। एक राजनीतिक विश्लेषक के तौर पर अध्ययन किया जाए तो यही कहा जा सकता है कि महाराष्ट्र में वीर सावरकर के प्रति सम्मान कुछ ज्यादा ही है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अंग्रेजों का नौकर बताने वाला बयान देना निश्चित ही महाराष्ट्र की जनता को उकसाने वाला ही था। कांग्रेस नेता संभवतः यही चाहते थे कि महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा का विरोध हो और ठीकरा भाजपा-शिंदे सरकार पर फोड़ा जाए। लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस की यह राजनीतिक योजना पूरी तरह से असफल हो गई। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से कांग्रेस जो सपना देख रही है, वैसा हर राजनीतिक दल को देखना भी चाहिए। ऐसी यात्राओं के माध्यम से राजनीतिक दलों को जनता के बीच जाने का अवसर प्राप्त होता है। जनता की समस्याओं को जानने का भी साक्षात्कार होता है। वास्तव में राजनीतिक दलों का मूल उद्देश्य भी यही होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस की इस भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी जनता से सीधे जुड़ रहे हैं, ऐसा दिखाई नहीं देता। वह जनता के समक्ष कांग्रेस के विचार को स्थापित करने में असफल ही हो रहे हैं। उनकी यात्रा के मूल में कांग्रेस कम, भाजपा का विरोध ज्यादा दिखाई दे रहा है। कहा जाता है कि विरोध की राजनीति करने से नकारात्मक भाव प्रादुर्भूत होता है। इसके साथ ही यह भी एक बड़ा सच है कि सामने वाले का जितना विरोध करेंगे, उसका उतना ही प्रचार होता जायेगा। आज वास्तविकता यही है कि भाजपा को बड़ा बनाने में जितना परिश्रम स्वयं भाजपा का नहीं, उससे कहीं ज्यादा विरोधी दलों का है। क्योंकि वर्तमान विरोधी दलों का कोई भी कार्यक्रम भाजपा विरोध के बिना अधूरा ही है। विपक्षी दल जब तक अपनी स्वयं की बात प्रभावी तरीके से नहीं रखेंगे, तब तक उनके स्वयं के विचार जनता तक नहीं पहुंच सकते। आज देश की राजनीति का स्तर केवल भाजपा समर्थन या भाजपा विरोध ही रह गया है। जहां तक राहुल गांधी द्वारा वीर सावरकर के बारे में टिप्पणी करने का मामला है तो इसमें यही कहा जायेगा कि उन्हें वीर सावरकर के जीवन के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। आज इस बात को पूरा देश स्वीकारता है कि वीर सावरकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं। उन्होंने अंग्रेजों की अमानवीय यातनाएं भोगीं। क्या कभी किसी ने सुना है कि किसी को दो जन्मों का आजीवन कारावास दिया गया हो, लेकिन वीर सावरकर के साथ अंग्रेज सरकार ने यही किया। राहुल गांधी को संभवतः वीर सावरकर जी के त्याग के बारे में कोई ज्ञान नहीं है। राहुल गांधी सावरकर को क्या साबित करना चाहते हैं, यह तो वही जानें, लेकिन सवाल यह आता है कि जब अंग्रेजों ने ऐसी कठोर सजा दी, तब यह स्वाभाविक रूप से सिद्ध भी हो जाता है कि उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध जन जागरण करते हुए एक वातावरण बनाने का काम किया। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी है कि सावरकर जी ने अंग्रेजों से जो लड़ाई लड़ी, वह कांग्रेस (उस समय एक मंच था) के नेतृत्व में ही लड़ी गई। राहुल गांधी इस तथ्य को नकार नहीं सकते। लेकिन यह भी प्रामाणिक तथ्य है कि उस समय जिन क्रांतिकारियों ने अपनी लेखनी के माध्यम से भारत में देश भक्ति का ज्वार पैदा करके अंग्रेजों को भगाने के लिए वातावरण बनाया, उनमें वीर सावरकर का नाम भी लिया जाता है। ऐसे सभी नायक आज इतिहास से गायब होते दिखाई दे रहे हैं। वीर सावरकर ने मां भारती की स्तुति में छह हजार कविताएं लिखीं, वह भी कागज पर नहीं, बल्कि सेल्युलर जेल की दीवारों पर। कलम से नहीं, कंकर, कील और कोयले से लिखी गईं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वीर सावरकर का प्रत्येक कृत्य मां भारती के लिए ही समर्पित था। ये कविताएं कभी समाप्त न हों, इसलिए सावरकर ने इन्हें रट-रट कर कंठस्थ कर लिया था। सावरकर इस संसार के एक मात्र ऐसे रचनाकार हैं जिनकी पुस्तक '1857 का स्वातंत्र्य समर' को अंग्रेजों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया था। राहुल के इस बयान के बाद महाराष्ट्र की राजनीति भी गरमा गई है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राहुल की टिप्पणी से पल्ला झाड़ लिया। उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी विनायक दामोदर सावरकर की बहुत इज्जत करती है। हमारे मन में स्वतंत्र वीर सावरकर के लिए बहुत सम्मान और विश्वास है और इसे मिटाया नहीं जा सकता। इतना ही नहीं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी सावरकर को महान स्वतंत्रता सेनानी बताया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस अपरिपक्व बयान के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में दरार पैदा होने लगी है। हालांकि दरार तो पहले से ही थी, क्योंकि कांग्रेस और शिवसेना नदी के ऐसे दो किनारे हैं जो एक दूसरे से दूर रहकर भी साथ-साथ होने का दिखावा करते हैं।

> एक राजनीतिक विश्लेषक के तौर पर अध्ययन किया जाए तो यही कहा जा सकता है कि महाराष्ट्र में वीर सावरकर के प्रति सम्मान कुछ ज्यादा ही है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अंग्रेजों का नौकर बताने वाला बयान देना निश्चित ही महाराष्ट्र की जनता को उकसाने वाला ही था। कांग्रेस नेता संभवतः यही चाहते थे कि महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा का विरोध हो और ठीकरा भाजपा-शिंदे सरकार पर फोड़ा जाए। लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस की यह राजनीतिक योजना पूरी तरह से असफल हो गई। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से कांग्रेस जो सपना देख रही है, वैसा हर राजनीतिक दल को देखना भी चाहिए।

■ सुरेश हिंदुस्तानी

सम्मान की भाषा

सर्वोच्च न्यायालय में आए एक मामले में भाषा के उपयोग के संदर्भ ने न्याय व्यवस्था की परतों को देखने-समझने का मौका दिया है। लेकिन हिंदी या अंग्रेजी के इस विवाद को तूल देने के बजाय इसका तर्कसंगत और उचित हल निकाला जाना चाहिए। यह सर्वविदित है की वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट की सरकारी भाषा अंग्रेजी है, पर यह भी सच है की अंग्रेजों से आजादी हासिल करने के पचहत्तर साल बाद भी हम अपनी मातृभाषा हिंदी को वह सम्मान देने में असफल रहे हैं जो हिंदी को दिया जाना चाहिए था। पिछली सरकारों ने क्या गलतियां कीं और वर्तमान सरकार क्या कर रही है, इस विवाद में पड़ने के बजाय हमें इस समस्या का समाधान खोजना चाहिए और कटिबद्ध होकर बिंदुवार तरीके से हल के लिए ऐसे ठोस प्रयास करना चाहिए, जिससे न्याय व्यवस्था विपरीत रूप से प्रभावित भी न हो और वर्तमान न्यायाधीशों की कार्यक्षमता में किसी तरह का व्यवधान या ह्रास भी न हो। आखिरकार बहुत सारे अन्य देश भी तो अपनी मातृभाषा में संपूर्ण प्रशासनिक कार्य करते ही हैं। भारतीय संविधान ने हिंदी को राजभाषा का तमगा तो दे रखा है, लेकिन इस ताज को मस्तक पर धारण करवाने की हिम्मत कोई सरकार नहीं कर सकी। कानून की उच्च शिक्षा और पाठ्यपुस्तकों का सरल तथा सर्वसुलभ हिंदी भाषा में अनुवाद, रूपांतरण एवं प्रकाशन पलक झपकते ही संभव नहीं होगा, वरन इस कार्य को एक 'मिशन' या अभियान के रूप में अंगीकार करके इस परम लक्ष्य को प्राप्त करना होगा।

■ इशरत अली कादरी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

न्यूज गैलरी

मुंबई आतकी हमले में बलिदान हुए वीर जवानों को योगी व केशव प्रसाद मौर्य ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ (एजेंसी)। योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 26/11 मुंबई आतकी हमले में बलिदान हुए बीर जवानों को श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीटर एकाउंट से पोस्ट कर कहा कि देश ने कायराना मुंबई 26/11 आतंकी हमले में अपने निर्दोष नागरिकों को खोया था। वहीं, सबकी रक्षा करते हुए हमारे वीर जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। सभी को विनम्र श्रद्धांजलि। अपनों के खोने की असह्य पीड़ा को प्रतिपल जी रहे सभी परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले में मातृभूमि की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी शहीद जवानों, पुलिस कर्मियों और निर्दोष नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि। श्री मार्य ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देने के लिए भारतभूमि आप सभी की सदैव ऋणी एवं कृतज्ञ रहेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आइए, पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

शादी समारोह में जा रहे भाई-बहन की मौत, कई घायल

मालदा (एजेंसी)। शादी समारोह में जा रहे भाई-बहन की सड़क हादसे में मौत हो गयी है जबकि कइयों के घायल होने की खबर है। इनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रहे है। हादसा गुरुवार रात ओल्ड मालदा के आदमपुर क्षेत्र में महामाया मंदिर के पास घटी है। मृतकों के नाम असीम सरकार (40) और छोबी कर्मकार (45) है। बताया जा रहा है कि ऑटो से मालदा कोट स्टेशन सहापाड़ा क्षेत्र में अपने एक रिश्तेदार के विवाह समारोह में असीम और छोबी शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान एक पिकअप वैन ने अनियंत्रित होकर ऑटो को टक्कर मार दिया, जिससे वह पलट गई। हादसे में ऑटो में सवार दोनों भाई-बहन की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। जिन्हें मालदा मेडिकल कॉलेज वे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर मालदा पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू किया।

कानपुर रेलवे स्टेशन के पास लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

कानपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) बैरक के सामने प्लास्टिक के एक गोदाम में शनिवार को भीषण आग लग गई। जीआरपी निरीक्षक राम कृष्ण द्विवेदी के मुताबिक आग बुझाने के लिए दमकल की कम से कम छह गाड़ियां मौके पर पहुंच गयी है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। विस्तृत जानकारी की प्रतिक्षा की जा रही है।

तापमान में गिरावट जारी, 16 डिग्री पर पहुंचा पारा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में तापमान में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। मौसम विभाग की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि शनिवार को राजधानी कोलकाता में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री से नीचे गिरकर 16.7 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा है जो इस सर्दी में अब तक का न्यूनतम तापमान है। अधिकतम तापमान भी महज 28.7 डिग्री सेल्सियस है जो सामान्य से एक डिग्री कम है। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा आदि क्षेत्रों में भी न्यूनतम तापमान 15 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच है जिसकी वजह से ठंड बढ़ गई है। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार, कलिमपोंग, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग में पहले से ही सर्दी अधिक पड़ रही है। मौसम विभाग ने पहले ही स्पष्ट किया है कि अगले हफ्ते से सर्दी और अधिक बढ़ेगी।

नशा मुक्ति दिवस: कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें अच्छा काम पसंद नहीं आता है : मुख्यमंत्री

पटना (एजेंसी)। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि शराबबंदी में हर दिन बेहतर हो रहे है। हर दिन लोग बड़ी संख्या में शराब से मुक्ति पा रहे हैं लेकिन, कुछ लोग तो हर जगह गड़बड़ करने वाले होते हैं, उनका काम ही होता है काम खराब करना। ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो रही है। मुख्यमंत्री मद्य निषेध विभाग के तत्वावधान में शनिवार को नशा मुक्ति दिवस पर एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर किसी को बापू की बात मानना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा इसका विरोध किये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जाने दीजिए कुछ लोग विरोध करते हैं और पसंद नहीं भी करते हैं, लेकिन इसे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। वो पसंद नहीं करते हैं तो हम क्या कर सकते हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें अच्छा काम पसंद नहीं आता है। बिहार के लोगों से अपील करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि आईए हम सभी लोग मिलकर यह संकल्प लें कि किसी भी तरह के नशीलें पदार्थ का कभी भी कहीं भी सेवन नहीं करेंगे और आस-पास के लोगों को भी नशीलें पदार्थों का सेवन नहीं करने को लेकर प्रेरित करेंगे। ताकि इसके दुष्प्रभाव से हमलोग बच सकें। नशे से न सिर्फ स्वास्थ बल्कि संस्कार भी खराब होता है।

सीएम नीतीश के अभिभाषण के लाइव वीडियो स्ट्रिमिंग में कई पदाधिकारी हुए शामिल

भागलपुर (एजेंसी)। मद्य निषेध दिवस को लेकर शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभी जिलों के पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल मोड में जुड़े। पूरे बिहार को नशा मुक्त और शराब मुक्त बनाने को लेकर भागलपुर समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में मुख्यमंत्री के अभिभाषण का लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, डीडीसी, अपर समाहर्ता, उत्पाद अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एसडीओ, डीपीआरओ के अलावा मद्य निषेध विभाग भागलपुर के पदाधिकारी और जीविका दीदी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बिहार को नशा मुक्त बनाने के लिए सबों को जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मदिरापान एवं प्रतिबंधित मादक पदार्थ तथा द्रव्यों के सेवन की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए इन से होने वाले दुष्परिणामों से समाज को अवगत कराना और नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम के तहत सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शन, वाद-विवाद, निबंध पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक की प्रस्तुति, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सभाएं भी कई जगह आयोजित की गई।

सीएम के कार्यक्रम का हुआ लाइव टेलीकास्ट, प्रतिभागियों को डीएम ने किया पुरस्कृत

बेगूसराय (एजेंसी)। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्कूलों में जन जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम समाहरणालय परिसर स्थित कारगिल विजय भवन में डीएम रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस दौरान मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा ज्ञान भवन पटना में नशा मुक्ति दिवस के आलोक में आयोजित कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अभिभाषण का लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विगत कई वर्षों से राज्य को नशा मुक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री द्वारा फिर से आह्वान किया गया है कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। डीएम ने कहा कि नशा सेवन ना सिर्फ व्यक्ति तौर पर नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह परिवार एवं समाज को भी नकारात्मक तौर पर प्रभावित करता है। सरकार द्वारा नशा अथवा शराब आदि के व्यवसाय को छोड़ने वाले व्यक्तियों के लिए रोजगार के कई विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसमें सतत जीविकोपार्जन योजना अत्यंत महत्पूर्ण है। उन्होंने उत्पाद विभाग बेगूसराय द्वारा मद्य निषेध की दिशा में किए जाने वाले कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अब आवश्यकता इस बात की है कि अवैध शराब आदि के व्यवसाय से संबंद्ध व्यक्ति पर कार्रवाई कर सप्लाई चेन को तोड़ा जाए। इस दौरान उन्होंने उत्पाद विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले रेड के दौरान होने वाले विरोधों से संबंध में उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आत्म-विश्लेषण करने का भी सुझाव दिया। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि रेड के दौरान किसी निर्दोष व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो। डीएम ने जिले में मद्य निषेध के प्रति जागरूकता की दृष्टि से किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों विशेष तौर पर विगत सप्ताह हाफ मैराथम में बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी की सराहना की।

बिहार की औद्योगिक राजधानी बेगूसराय में जरूरी है ईएसआई अस्पताल : गिरिराज

बेगूसराय (एजेंसी)। बिहार की औद्योगिक राजधानी बेगूसराय के सार्वजनिक और विभिन्न उपक्रम के हजारों श्रमिक काम कर रहे हैं लेकिन सारी कवायद के बावजूद भी अब तक यहां ईएसआई हॉस्पिटल शुरू नहीं हो सका है। इसके मद्देनजर स्थानीय सांसद और केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर अस्पताल शुरू कराने की मांग किया है। पत्र में गिरिराज सिंह ने कहा है कि श्रमिक विकास परिषद के महामंत्री प्रवेन्द्र कुमार ने बिहार की औद्योगिक राजधानी बेगूसराय में कार्यरत कामगारों एवं उनके आश्रितों के सामाजिक सुरक्षा के हित को ध्यान में रखते हुए ईएसआई हॉस्पिटल की स्थापना कराने का अनुरोध किया है।बेगूसराय में कार्यरत कामगारों एवं उनके आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए अस्पताल बहुत जरूरी है। उल्लेखनीय है कि बिहार की औद्योगिक राजधानी बेगूसराय में ईएसआई हॉस्पिटल की मांग की वर्षों से जोर-शोर से हो रही है। लेकिन, इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हो पा रहा है। तत्कालीन सांसद डॉ. भोला सिंह द्वारा कई बार श्रम मंत्री को पत्र लिखा, संसद में भी मामला उठाया। भोला सिंह मांग करते-करते स्वर्ग सिधार गए। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध श्रमिक विकास परिषद द्वारा आंदोलन किए जाने के बाद भी इस दिशा में कोई पहल नहीं हो पा रही है। नमक सत्याग्रह गौरव यात्रा समिति के मुकेश कुमार विक्रम ने बताया कि बेगूसराय में बिहार का सबसे बड़ा औद्योगिक प्रतिष्ठान आईओसी रिफाइनरी, फर्टिलाइजर, एनटीपीसी, सुधा डेयरी, गंगा डेयरी, ओसम डेयरी, ग्रेफाइट इंडिया, तीन केंद्रीय विद्यालय, पांच डीएवी स्कूल समेत सैकड़ों छोटे-बड़े प्रतिष्ठान में हजारों-हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों के हित के लिए ईएसआई हॉस्पिटल नहीं रहने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके किसी भी सरकार द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। श्रमिक विकास परिषद के महामंत्री प्रवेन्द्र कुमार कहते हैं कि मजदूरों के हित के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत अस्पताल निर्माण के लिए 2017 से किए जा रहे संघर्ष का भी कोई फायदा नहीं मिल पाया है।

अग्निवीर : भर्ती रैली के नौवें दिन 1.6 किमी. की दौड़ में 450 प्रतिभागी हुए सफल

कटिहार (एजेंसी)। सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ), कटिहार के गढ़वाल मैदान में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली के नौवें दिन शनिवार को क्लर्क और स्टोर कीपर तकनीकी पद के लिए युवाओं ने दौड़ एवं शारिरिक जांच में भाग लिया। इसके लिए अररिया, बांका, बेगूसराय, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, मुंगेर, पूर्णियां, सहरसा और सुपौल तथा पूर्णिया से ट्रेडमैन कुल 5,161 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। जिसमें से 2,720 युवाओं ने भाग लिया। शनिवार को हुए भर्ती के लिए 1.6 किलोमीटर की दौड़ में 450 प्रतिभागी सफल हुए। वरीय उप समाहर्ता सह जिला सूचना पदाधिकारी अनिकेत कुमार को अग्निवीर भर्ती रैली का नोडल अधिकारी बनाया गया है। अनिकेत कुमार ने बताया कि 27 नवम्बर को होने वाले भर्ती के लिए कटिहार एआरओ अंतर्गत 12 जिलों में से पूर्णिया को छोड़कर सभी 11 जिलों से कुल 5187 सौ प्रतिभागियों ने ट्रेडमैन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। उन्होंने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय और जिला प्रशासन की ओर से भर्ती में आने वाले प्रतिभागियों किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

लालू के मनाने पर मान गये जगदानंद सिंह, बोले-संभालेंगे जिम्मेदारी

पटना (एजेंसी)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के मनाने पर पार्टी से नाराज चल रहे राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह मान गये। किडनी के बेहतर इलाज के लिए सिंगापुर जाने से पहले लालू ने बीते दिन जगदानंद को एक बार फिर दिल्ली बुलाया था। वहां अपनी सांसद बेटी मीसा भारती के आवास पर लालू ने जगदानंद से अकेले करीब एक घंटे तक बात की। इस दौरान लालू ने उन्हें पार्टी के हित में अपने पद पर बने के लिए मनाया। लालू के करीबी सूत्रों के अनुसार इस बातचीत के बाद जगदानंद फिलहाल पार्टी की जिम्मेदारी संभालने पर राजी हो गये। इसके पहले भी लालू ने जगदानंद को दिल्ली बुलाकर इस संबंध में बातचीत की थी। लेकिन तब जगदानंद ने स्वास्थ्य कारणों से पद पर बने रहने में असमर्थता जतायी थी। इसके बाद नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी का नाम लगभग तय हो गया था। सिर्फ इसकी घोषणा की औपचारिकता बाकी थी। समझा यही जा रहा था कि लालू के सिंगापुर जाने से पहले इसकी घोषणा कर दी जायेगी। लेकिन इस बीच लालू के कुछ बहुत ही करीबी लोग उन्हें यह समझा दिया कि सिद्दीकी पार्टी के पुराने और वरिष्ठ नेता हैं। वह पहले भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और कार्यकताओं के बीच उनकी अच्छी पैठ है। ऐसे में उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की पार्टी पर पकड़ ढीली हो सकती है। लालू को भी ऐसा हो सकने का एहसास हुआ और बाद में उन्होंने अपना मन बदल दिया। इसके बाद जगदानंद को फिर दिल्ली बुलाया गया था। गौरतलब है कि जगदानंद पिछले करीब तीन महीने से कुछ कारणों से पार्टी से नाराज चल रहे थे। वह दो अक्टूबर को अपने बेटे सुधाकर सिंह के कृषि मंत्री पद से इस्तीफे की घोषणा करने के बाद पार्टी कार्यालय भी नहीं जा रहे थे। इस बीच राजद के नये प्रदेश अध्यक्ष के रुप में सिद्दीकी का नाम मीडिया में सुर्खियों में आ गया था। इससे मुस्लिमों में एक संदेश गया था कि राजद उनकी हितैषी है।

संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण की जरूरत : ममता बनर्जी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संविधान दिवस के मौके पर कहा है कि हमें बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान के मूल्यों को बचाकर उनका अनुकरण करने की जरूरत है। शनिवार को उन्होंने फेसबुक पर एक तस्वीर डाली है जिसमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की फोटो है और साथ में लिखा है कि इस संविधान दिवस पर हमें इस बात के लिए प्रण करना होगा कि हम हमेशा ही अपने संविधान के सिद्धांतों और मूल्यों को मानेंगे। उल्लेखनीय है कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को राष्ट्रीय संवैधानिक दिवस और राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। दरअसल 26 नवम्बर 1949 को संविधान को अपनाया गया था और राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 में इसे लागू किया गया था। इसलिए हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए उमेश कुशवाहा ने किया नामांकन

पटना (एजेंसी)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को उमेश कुशवाहा ने शनिवार को नामांकन किया। उनके प्रस्तावक राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह बने। उमेश कुशवाहा के अलावा किसी दूसरे उम्मीदवार ने अभी तक नामांकन नहीं किया है। उनका प्रदेश अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। नामांकन के बाद अब राज्य परिषद की बैठक में निर्विरोध अध्यक्ष के लिए उमेश कुशवाहा नाम घोषित किया जाएगा। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उमेश कुशवाहा ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया पर मैं कुछ नहीं कह सकता, लेकिन हमारे नेता ने मुझ पर जो उम्मीद जताई है, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। मैं आगे अपने कर्तव्य का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। दुबारा मुझे प्रदेश अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाया है। नीतीश कुमार ने जो विकास के साथ न्याय की, जो नींव रखी है, उस पर में पूरी तरह से खरा उतरूंगा।

पोमरा मुठभेड़ में मारे गये चार नक्सलियों के शव बरामद

बीजापुर (एजेंसी)। जिले के थाना मिरतुर क्षेत्रांतर्गत डीआरजी, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सलियों के डीव्हीसीएम मोहन कड़ती, डीव्हीसी सुमित्र, मटवाड़ा एलओएस रमेश एवं अन्य 40 से अधिक नक्सलियों की ग्राम पोमरा और हल्लूर में मौजूदगी की सूचना पर शुक्रवार 25 नवम्बर की रात में अभियान पर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान 26 नवंबर को प्रातः लगभग 7:30 से 7: 45 बजे के मध्य पोमरा के जंगल में थाना मिरतुर से 14 किमी. पश्चिम दिशा में नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है, जिसमें 3 पुरूष एवं 1 महिला नक्सली का शव बरामद हुआ है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। इसके साथ ही 303 रायफल, 315 रायफल और मस्कट व अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। मारे गए माओवादियों की अब तक शिनाख्त नही हो पाई है। बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि, पोमरा के जंगलों में हुई मुठभेड़ में 1 महिला एवं 3 पुरूष नक्सली सहित 4 नक्सली ढेर हुए हैं, नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

राजकोषीय घाटा सीमा को जीएसडीपी का चार प्रतिशत किया जाये : विजय कुमार चौधरी

पटना (एजेंसी)। बिहार के वित्त मंत्री वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने राज्य के राजकोषीय घाटा सीमा को सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का चार प्रतिशत करने की मांग की है। चौधरी ने कहा कि केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में बिहार को विशेष सहायता के रुप में केन्द्रांश-राज्यांश शेयरिंग पार्टनर 90 : 10 बनाया जाये। वे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की वित्तीय वर्ष 2023-24 के केन्द्रीय बजट के पूर्व चर्चा के लिए आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे पिछड़े राज्य की राजकोषीय घाटा सीमा को राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का चार प्रतिशत किया जाये।वहीं, आधारभूत संरचनाओं के विकास और परिसंपत्तियों के सृजन पर व्यय के लिए बिहार स्पेशल प्लान (द्वितीय चरण) के रूप में 20 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए जायें। वित्त मंत्री ने केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की संख्या को नीति आयोग के निर्णय के अनुसार 30 तक ही सीमित रखने के साथ इससे अधिक की योजनाओं में व्यय की जाने वाली राशि भारत सरकार की ओर से शत-प्रतिशत वहन करने की बात कही। विजय चौधरी ने कहा कि सिंगल नोडल एकाउंट में 40 दिन के अंदर राज्यांश जमा करने की शर्त को समाप्त किया जाना चाहिए। सेस और सरचार्ज को केन्द्रीय विभाज्य पूल में शामिल किया जाना चाहिए ताकि इससे सभी राज्य लाभान्वित हो सकें। इन सुझावों को आगामी केन्द्रीय बजट में सम्मिलित करने के लिए अनुरोध भी किया गया। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में केंद्रीय वित्त मंत्री, को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) पथों के अनुरक्षण एवं रख-रखाव मद में भी केन्द्रांश की राशि राज्यों को उपलब्ध कराने की बात के साथ सुदूर पंचायतों, गांवों, हाट-बाजार को प्रखंड/अनुमंडल एवं जिला से जोड़ने के लिए अतिरिक्त सुलभ संपर्क योजना के तहत राज्यों को निधि उपलब्ध कराई जाय। वित्त मंत्री ने केंद्र से मांग करते हुए कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में वन नेशन वन टैरिफ लागू किया जाय। इसी तरह स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए नाबार्ड के आरआईएस फंड के तहत विद्युत वितरण कम्पनियों को ऋण उपलब्ध कराया जाये। समग्र शिक्षा के तहत भारत सरकार द्वारा शिक्षकों को वेतन मद में कटौती की गई राशि राज्यों को उपलब्ध कराई जाय। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के कक्षा 1-8 तक के छात्रों को भी प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के तहत 50:50 के अनुपात में छात्रवृत्ति प्रदान किया जाय।

वाराणसी में पांच साल में दस गुना बढ़ गयी पर्यटकों की संख्या

■ जुलाई 2022 में आंकड़ा पहुंचा 40 लाख के पार, विश्व पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रही काशी

वाराणसी (एजेंसी)। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के भव्य और विस्तारित स्वरूप को देखने की ललक अब पूरी दुनिया में बढ़ रही है। काशी के ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत के सरंक्षण एवं विकास के साथ हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं से बदली प्राचीन शिव नगरी की तस्वीर लोगों को भाने लगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात के चलते काशीपुराधिपति की नगरी का आकर्षण पहले से काफी बढ़ गया है। इसका असर यहां पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के रूप में साफ दिख दिखने लगा है। भारतीय पर्यटकों के अलावा विदेशी मेहमानों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। बीते पांच सालों की तुलना में वाराणसी में देसी पर्यटकों की संख्या दस गुना तक बढ़ गयी हैं। पर्यटन विभाग की ओर से जनवरी 2017 से लेकर जुलाई 2022 तक के आंकड़े इसकी मूक गवाही दे रहे हैं। पिछले दो सालों में कोविड महामारी के चलते विदेशी सैलानियों की आवाजाही में जो ठहराव आ गया था, उसमें इस साल तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

पर्यटन उप निदेशक प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2022 में महज जुलाई माह में वाराणसी पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या 40 लाख 3 हजार 288 है, जो जुलाई 2017 के 4,61,650 के मुकाबले करीब दस गुना ज्यादा है। विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी कोरोना काल के बाद 174 गुना का बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2022 की जुलाई में 12,578 विदेश पर्यटक बनारस पहुंचे, जबकि 2021 में ये संख्या महज 72 थी। इसी साल सावन माह में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड आमद वाराणसी में हुई। पर्यटन विभाग की ओर से अभी केवल जुलाई 2022 तक के आंकड़े जारी किये गये हैं, जबकि इसमें सावन और देव दीपावली के आंकड़े शामिल नहीं हैं। सावन और देव दीपावली में वाराणसी पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या रिकॉर्ड तोड़ रही है।

पर्यटन उद्योग से जुड़े एवं बनारस होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोकुल शर्मा बताते हैं कि बेहतर कनेक्टिविटी के चलते पर्यटक वाराणसी के साथ ही अयोध्या, विंध्याचल और प्रयागराज भी जा रहे हैं। छुट्टियों, पर्वों एवं त्योहारों में काशी में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। टेंट सिटी, रिवीर फ्रंट, नमो घाट जैसी पर्यटन, परिवहन तथा मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने वाली परियोजनाओं के पूरा होने के बाद वाराणसी और मिजार्पुर मंडल में पर्यटन उद्योग को और ऊंचाई मिलेगी।

इसलिए बनारस में बढ़ रहे सैलानी

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनामी बनाने में पर्यटन उद्योग अहम भूमिका अदा करने वाला है। योगी सरकार की ओर से प्रदेश के पर्यटन स्थलों का विकास, कनेक्टिविटी और वहां मूलभूत सुविधाएं तथा बेहतर कानून व्यवस्था देने से प्रदेश में पर्यटकों के लिए अनुकूल माहौल बना गया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वाराणसी बनकर उभरा है, जो विश्व के पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभरकर सामने आया है। इसकी वजह है वाराणसी का चौतरफा विकास। सड़कों और फ्लाईओवर का जाल, सुगम पार्किंग, पर्यटकों के लिए सुविधाएं और सुदृढ़ कानून व्यवस्था। इसके अलावा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने वाराणसी और आसपास की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया है, जिससे पर्यटकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गयी है। इसके अलावा गंगा और घाटों की सफाई, गौतमबुद्ध की उपदेश स्थली सारनाथ का विकास, गंगा में क्रूज आदि पर्यटकों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण कारण बन रहे हैं।

किडनी ट्रांसप्लांट कराने सिंगापुर गये राजद सुप्रीमो लालू यादव

पटना (एजेंसी)। राजद सुप्रीमो लालू यादव किडनी का ट्रांसप्लांट कराने पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा के संग शुक्रवार को दिल्ली से सिंगापुर गये। उनकी किडनी का ट्रांसप्लांट किया जाना है। अक्टूबर माह में होनेवाले उनके किडनी ट्रांसप्लांट के लिए सारी जरूरी कार्यवाही पूरी कर ली गयी है। उनकी बेटी रोहिणी का ब्लड ग्रुप पापा के ब्लड ग्रुप से मैच कर गया है। ऐसे में पूरी संभावना है कि यदि राजद सुप्रीमो की किडनी बदलने की नौबत आयी तो रोहिणी की किडनी उन्हें लगायी जायेगी। सिंगापुर में बेटी रोहिणी आचार्या के घर में लालू यादव ठहरेंगे। बताया जा रहा है कि 29-30 नवंबर को लालू प्रसाद का किडनी का ऑपरेशन हो सकता है। ऑपरेशन के दौरान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी सिंगापुर में मौजूद रह सकते हैं।

न्यूज गैलरी

विश्वनाथ, वंशज और देविका ने जीता 'गोल्ड'

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश, वंशज और देविका घोरपड़े ने स्पेन के ला नुसिया में चल रही आईबीए युवा पुरुष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। चेन्नई में जन्में विश्वनाथ ने इस प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने पुरुषों के 48 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में फिलीपींस के रोनेल सुयोम को हराकर सोने का तमगा हासिल किया। इसके बाद रिंग पर उतरी भावना शर्मा को महिलाओं के 48 किग्रा भार वर्ग में उज्बेकिस्तान की गुलसेवर गनीवा से 0-5 से हार के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। आशीष (54 किग्रा) रजत पदक हासिल करनेवाले अन्य भारतीय थे। वह जापानी मुक्केबाज युता साकाई से 1-4 से हार गये। पुणे की रहने वाली देविका ने महिलाओं के 52 किग्रा फाइनल में इंग्लैंड की लॉरेन मैकी को हराकर भारत के खाते में दूसरा स्वर्ण पदक जोड़ा। युवा एशियाई चैम्पियन वंशज ने भारत के लिए तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। सोनीपत के रहनेवाले इस मुक्केबाज ने पुरुषों के 63 .5 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में जॉर्जिया के देमूर कजाया को आसानी से हराया। भारत 11 पदकों के साथ इस प्रतियोगिता में शीर्ष पर है। उसके बाद उज्बेकिस्तान (10), आयरलैंड (सात) और कजाकिस्तान (सात) का का नंबर आता है। इस साल चैम्पियनशिप में 73 देशों के लगभग 600 मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारत ने महिला वर्ग में आठ पदक जीते जो कि रिकॉर्ड है। रवीना (63 किग्रा) और कीर्ति (81 किग्रा से अधिक) प्रतियोगिता के आखिरी दिन महिला वर्ग के फाइनल में भारत के खाते में दो और स्वर्ण पदक जोड़ सकती हैं। रवीना और कीर्ति क्रमशः नीदरलैंड की मेगन डेक्लेर और आयरलैंड की एलिजाबेथ डी आर्सी से भिड़ेंगी।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट से बाहर हो सकते हैं जडेजा

मुंबई (एजेंसी)। भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा घुटने की चोट से पूरी तरह न उभर पाने के कारण बांग्लादेश के विरुद्ध अगले महीने होनेवाले दो टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के वामहस्त स्पिनर सौरभ कुमार टेस्ट टीम में जडेजा की जगह लेंगे। सौरभ बांग्लादेश-ए के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच खेलने के लिए गुरुवार को ढाका रवाना हुई भारत-ए टीम का हिस्सा हैं। भारत-ए और बांग्लादेश-ए के बीच दूसरा चार-दिवसीय मैच नौ दिसम्बर को समाप्त होगा, जबकि भारत और बंगलादेश 14 दिसम्बर से आधिकारिक टेस्ट की शुरूआत करेंगे। उल्लेखनीय है कि जडेजा एशिया कप 2022 में हॉन्ग-कॉन्ग के खिलाफ मैच के दौरान चोटग्रस्त हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने घुटने की सर्जरी करवाई थी। वह इस चोट के कारण एशिया कप के बाकी मैचों और टी20 विश्व कप 2022 में हिस्सा नहीं ले सके थे। बीसीसीआई ने बांग्लादेश के खिलाफ चार दिसंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से भी जडेजा के बाहर होने की घोषणा बुधवार को कर दी थी। एकदिवसीय टीम में जडेजा की जगह शाहबाज अहमद को शामिल किया गया है।

आखिरी मिनट के गोल से जीता ऑस्ट्रेलिया

एडिलेड (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी मिनट में ब्लेक गोवर्स के गोल की बदौलत शनिवार को हॉकी टेस्ट श्रृंखला के पहले रोमांचक मुकाबले में भारत को 5-4 से मात दी। भारत के लिए आकाशदीप सिंह (10वां, 27वां, 59वां मिनट) ने तीन गोल किये, जबकि एक गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह (31वां मिनट) ने किया। ऑस्ट्रेलिया के गोल लैचलेन शार्प (5वां मिनट), नेथन एफरौम्स (21वां मिनट), क्रेग टॉम (41वां मिनट) और गोवर्स (57वां, 60वां मिनट) ने जमाये। मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले तक भारत 4-3 से पिछड़ा हुआ था। आकाशदीप ने 59वें मिनट में फील्ड गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया, लेकिन इसी दौरान दो पेनल्टी देना हरमनप्रीत की टीम को भारी पड़ा। गोवर्स पहली पेनल्टी को गोल में तब्दील करने से चूक गये, लेकिन दूसरी बार उन्होंने गेंद को नेट में पहुंचाकर अपना 118वां गोल स्कोर किया और ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की हॉकी टेस्ट श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को खेला जायेगा।

भारत के लिए बुरी खबर

पहला मैच हारने के बाद अब दूसरे वनडे पर बारिश का साया

हैमिल्टन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने भारत को पहले वनडे मैच में सात विकेट से हराकर दमदार अंदाज में सीरीज की शुरूआत की है। तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच रविवार (27 नवम्बर) को हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में खेला जाएगा। भारत के लिए सीरीज में बने रहने के लिए ये मैच जीतना काफी जरूरी है। टी20 सीरीज में बारिश की वजह से मैच प्रभावित हुआ था और अब वनडे सीरीज के दूसरे मैच पर भी बारिश का साया है। वनडे विश्व कप को शुरू होने में सिर्फ 11 महीने बचे हैं, ऐसे में दोनों ही टीमें अपनी परफेक्ट प्लेइंग इलेवन की तलाश में है। भारत को पहले वनडे में हार मिली थी, टॉम लैथम और केन विलियमसन ने दोहरी शतकीय साझेदारी करते हुए भारत को पटखनी दी थी। हैमिल्टन में रविवार को होने वाले मुकाबले के दौरान मौसम खराब रहने वाला है। जोकि फैंस के लिए अच्छी खबर नहीं है। रविवार के दिन तापमान 16 से 18 डिग्री के बीच रहेगा। दोपहर में बारिश की संभावना भी है। पूवार्नुमान के अनुसार, दिन में बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ 19 प्रतिशत संभावना के साथ 4 घंटे तक 10.7 मिमी बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा और मौसम ठंडा रहेगा।

टीमें इस प्रकार हैं : -

भारत : शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, दीपक चाहर, अर्शदीप सिंह, शार्दुल ठाकुर और उमरान मलिक।

न्यूजीलैंड : केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, डेविन कॉनवे, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, टिम साउदी, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, जिमी नीशाम, मिशेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन।

क्रोएशिया को हरा कर ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंचा

मलागा/स्पेन (एजेंसी)। आस्ट्रेलिया ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर 19 साल में पहली बार डेविस कप फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलिया ने अपना 28वां और अंतिम खिताब 2003 में जीता था। लेटन हेविट की टीम पहला एकल गंवाने के बाद वापसी करने में सफल रही। फिर ऑस्ट्रेलिया की युगल जोड़ी ने निर्णायक मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया के लिए 1999 से 2018 तक रिकॉर्ड 43 डेविस कप मुकाबले खेल चुके हेविट ने कहा कि मुझे बहुत गर्व है। ऑस्ट्रेलिया का इस प्रतियोगिता में वास्तव में शानदार इतिहास है। बार्ना कोरिच ने थानासी कोकिनाकिस को 6-4, 6-3 को हराकर क्रोएशिया को आगे कर दिया था।

विजय हजारे ट्रॉफी : खजूरिया का लगातार चौथा अर्धशतक

जम्मू-कश्मीर क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

अहमदाबाद (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर ने शनिवार को यहां केरल पर सात विकेट की जीत से विजय हजारे ट्राफी में अपना स्वप्निल सफर क्वार्टर फाइनल तक बढ़ा दिया। फॉर्म में चल रहे औकिब नबी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ (39 रन देकर चार विकेट) प्रदर्शन किया जिससे जम्मू कश्मीर ने केरल को 47.4 ओवर में महज 174 रन पर समेट दिया। जवाब में जम्मू-कश्मीर ने शुभमन खजूरिया (76 रन) और कामरान इकबाल (51 रन) के अर्धशतकों तथा 21.4 ओवर में उनकी 113 रन की भागीदारी से 37.5 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। खजूरिया अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, उन्होंने 61 गेंद की पारी के दौरान छह छक्के और पांच चौके जमाए। यह उनका इस सत्र में लगातार चौथा अर्धशतक है। हालांकि, वह लगातार दूसरी बार रन आउट हुए जिससे जम्मू कश्मीर ने महज 32 रन जोड़कर तीन विकेट गंवा दिए थे। लेकिन स्कोरबोर्ड का कोई दबाव नहीं था और हेनान नजीर और फाजिल राशिद ने अपनी टीम को इस सत्र में सात मैचों में छठी जीत तक पहुंचाया। जम्मू-कश्मीर अब सोमवार को यहां क्वार्टर फाइनल में ग्रुप बी में शीर्ष पर रहनेवाली असम से भिड़ेगा। नबी, युद्धवीर सिंह (16 रन देकर दो विकेट) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुज्तबा युसूफ (37 रन देकर एक विकेट) ने सात बल्लेबाजों को आउट किया।

मनोहरन 62 रन बना कर रहे शीर्ष स्कोरर

केरल के लिए सलामी बल्लेबाज विनूप मनोहरन 81 गेंद में 62 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। सिजोमोन जोसफ ने 32 रन बनाए। नबी और युद्धवीर का सत्र में प्रदर्शन शानदार रहा है जो सात मैचों में 12-12 विकेट चटका चुके हैं। अजय शर्मा की कोचिंग वाली टीम ने मौजूदा रणजी चैम्पियन मध्य प्रदेश को हराकर उलटफेर किया था। जम्मू कश्मीर ने वड़ोदरा, ओडिशा और नगालैंड पर भी बिना परेशानी के जीत हासिल की। उन्हें एकमात्र हार ग्रुप डी की शीर्ष टीम पंजाब से मिली जिससे वे लीग चरण में दूसरे स्थान पर रहे।

रोहित भी करेंगे विराट जैसा धांसू कमबैक!

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम न्यूजीलैंड दौरे पर टी-20 सीरीज के बाद वनडे सीरीज खेल रही है। दौरे पर हार्दिक पंड्या के बाद शिखर धवन कप्तानी का कैप पहने नजर आ रहे हें, जबकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप 2022 से विदाई के बाद सीधे भारत लौट आए थे। विराट कोहली भी न्यूजीलैंड नहीं गए। इस वजह से पूर्व क्रिकेटर्स रोहित की आलोचना कर रहे हैं। इसकी न्यूजीलैंड नहीं जाने के अलावा हिटमैन की खराब फॉर्म भी है।

सिर्फ एक हाफ सेंचुरी जड़ पाए थे कोहली : रोहित शर्मा के लिए टी-20 वर्ल्ड कप एक बल्लेबाज के रूप में बहुत अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने सिर्फ एक हाफ सेंचुरी जड़ी थी, जबकि अच्छी शुरूआत के बावजूद लगातार बड़ा स्कोर करने में असफल रहे थे। इसकी वजह से उनकी फिटनेस पर भी सवाल खड़े हो रहे थे। खासकर सीमापार पाकिस्तान से कई पूर्व क्रिकेटरों का कहना था कि रोहित अनफिट हैं। कुछ पूर्व क्रिकेटर भी उनसे सहमत नजर आए।

विराट कोहली को फॉलो कर रहे रोहित शर्मा : रोहित न्यूजीलैंड तो नहीं गए, लेकिन उन्हें शायद समझ आ गया है कि उनकी फिटनेस वाकई में खराब है। तभी तो वह विराट कोहली की राह पर चल पड़े हैं। वह नेट पर काफी देर तक पसीना बहाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। यह कुछ वैसा ही है, जैसा कि विराट कोहली खराब फॉर्म से गुजर रहे थे तो वह भी इंग्लैंड से स्वदेश लौट आए थे, जबकि भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे का दौरा किया था। वह मुंबई में नेट पर और जिम में मेहनत कर रहे थे।

ऐसे ही फॉर्म में लौटे थे किंग कोहली : विराट कोहली की मेहनत रंग लाई थी और वह एशिया कप में फॉर्म में लौट आए थे। उसके बाद उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप में जो किया वह ऐतिहासिक रहा। खासकर पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में हैरान करने वाली जीत दिलाई थी। अब रोहित शर्मा की बांग्लादेश दौरे पर जब वापसी होगी तो वह भी कोहली की तरह रन बरसाने की कोशिश करेंगे।

खराब समय में किंग कोहली को कर रहे फॉलो

बीसीसीआई का एक्शन जारी टीम इंडिया से दिग्गज की छुट्टी

बेंगलुरु (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया की हार के बाद बीसीसीआई फुल एक्शन में है। कुछ दिन पहले ही बीसीसीआई ने चेतन शर्मा की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति को बर्खास्त कर दिया था। अब रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन के टर्म को रिन्यू नहीं करने का फैसला किया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था और उसे सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। इस हार के बाद भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड फुल एक्शन मोड में आ चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन का कॉन्ट्रेक्ट रिन्यू नहीं करने जा रही है यानी कि वह बांग्लादेश दौरे पर भारतीय टीम के साथ नहीं जायेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप की समाप्ति के साथ ही पैडी अप्टन का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था। साउथ अफ्रीका के रहनेवाले पैडी अप्टन हेड कोच राहुल द्रविड़ के पसंदीदा माने जाते हैं और द्रविड़ की सलाह पर ही उन्हें 53 वर्षीय अप्टन को मेंटल कंडीशनिंग नियुक्त किया गया था।

फीफा विश्व कप : जापान की निगाहें कोस्टा रिका पर जीत से नॉकआउट में पहुंचने पर होंगी

दोहा/कतर (एजेंसी)। फीफा विश्व कप के शुरूआती मुकाबले में चार बार की चैम्पियन जर्मनी पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करने के बाद जापान की निगाहें ग्रुप ई में कोस्टा रिका के खिलाफ जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण में जगह बनाने पर लगी होंगी। जापान की इस जीत की तुलना इंग्लैंड में 2015 रग्बी विश्व कप में जापान की दक्षिण अफ्रीका पर 34-32 की उलटफेर भरी जीत से की जा रही है। जर्मनी जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ अंडरडॉग (छुपा रूस्तम) के तौर पर उतरा जापान कोस्टा रिका के खिलाफ प्रबल दावेदार होगा और इसमें जीत उसे एक मैच रहते नॉकआउट चरण में पहुंचा देगी। कोस्टा रिका को शुरूआती मैच में स्पेन से 0-7 से हार मिली थी जिससे रविवार को जापान से हार उसे टूर्नामेंट से बाहर कर देगी। कोस्टा रिका को अपने अंतिम मैच में जर्मनी से भिड़ना है और जापान का सामना स्पेन से होगा। पांच लाख के करीब लोगों की आबादी वाला कोस्टा रिका अपने छठे विश्व कप में खेल रहा है। मध्य अमरीका का यह छोटा सा देश ब्राजील में 2014 में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचा था। वहीं, जापान की टीम कभी भी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंची है जिससे इस बार वह ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। टीम लगातार सातवीं बार विश्व कप में खेल रही है और वह तीन बार राउंड 16 तक पहुंची है जिसमें 2018 में रूस का विश्व कप भी शामिल है। जापान के कोच हाजिमे मोरियासू इस बार टीम को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने के बारे में बात कर रहे हैं। स्थानापन्न रित्सु दोआन और ताकुमा असानो ने जर्मनी के खिलाफ अंत में गोल दागे थे, ये दोनों जर्मनी की बुंदेसलीगा में खेलते हैं। स्पेन के खिलाफ मिली हार के बाद कोस्टा रिका के कोच लुई फर्नांडो सुआरेज ने कहा कि हम तीन या चार पास पूरे नहीं कर सके।

ऑस्ट्रेलिया ने ट्यूनीशिया को हराकर जिंदा रखी उम्मीदें

12 साल बाद विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने जीता कोई मैच

कतर (एजेंसी)। मिशेल ड्यूक के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां ट्यूनीशिया को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी उम्मीद जीवंत रखी। ऑस्ट्रेलिया को नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन ड्यूक के 23वें मिनट में किए गए गोल से वह पूरे तीन अंक हासिल करने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया की 2010 में सर्बिया के खिलाफ जीत के बाद अब 12 साल बाद विश्व कप में यह पहली जीत है। इस परिणाम का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया अभी अंतिम 16 में जगह बना सकता है। वह अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन फ्रांस से 4-1 से हार गया था। ग्रुप डी में अब फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया दोनों के तीन-तीन अंक हैं। डेनमार्क और ट्यूनीशिया के एक-एक अंक हैं। फ्रांस को अभी डेनमार्क का सामना करना है। इस ग्रुप के अंतिम चरण के मैच बुधवार को खेले जायेंगे जिसमें ट्यूनीशिया का सामना फ्रांस से और ऑस्ट्रेलिया का डेनमार्क से होगा। इस मैच में दोनों टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। ड्यूक ने ऐसे में अपनी चपलता दिखाकर गोल दागा। उन्होंने पहले मैदान के बीच में गेंद को संभाला और फिर उसे क्रेग गुडविन के पास दिया। इसके बाद ड्यूक ने तेज दौड़ लगाई और गुडविन के क्रॉस पर दर्शनीय गोल किया। ड्यूक ने गोल करने के बाद अपने हाथ से हवा में जे बनाया जो उनके पुत्र जैकसन के लिए था। जैकसन स्टेडियम में मौजूद थे। इस गोल से लाल रंग के वस्त्र पहनकर स्टेडियम में पहुंचे ट्यूनीशिया के समर्थक सन्न रह गए जबकि पीले वस्त्रों से सज्जित ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक बल्लियों उछलने लगे।

स्पेन के खिलाफ उम्मीदें जीवंत रखने उतरेगा जर्मनी

दोहा (एजेंसी)। अप्रैल में जब विश्वकप के ड्रा डाले गये थे तो सभी की निगाहें अल बायत स्टेडियम में जर्मनी और स्पेन के बीच होनेवाले मुकाबले पर टिकी थी। इन दो पूर्व विश्व चैम्पियन के बीच होनेवाला यह मुकाबला आठ महीने बाद और अधिक महत्वपूर्ण बन गया है। इन दोनों को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन जर्मनी पहले मैच में जापान से हार के कारण बाहर होने के कगार पर खड़ा है। उसे अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए रविवार को स्पेन पर हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। स्पेन से हारने पर जर्मनी को लगातार दूसरे विश्वकप में पहले दौर में ही बोरिया बिस्तर समेटना पड़ सकता है। जर्मनी की हार तथा जापान और कोस्टारिका के बीच मैच कम से कम ड्रॉ होने पर चार बार का चैंपियन बाहर हो जाएगा। दूसरी तरफ स्पेन नॉकआउट में अपनी जगह सुरक्षित करना चाहेगा। उसने अपने पहले मैच में कोस्टारिका को 7-0 से हराया था।

न्यूज गैलरी

विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 547.3 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 547.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 14.72 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 544.72 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 484.3 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 31.5 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 40 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 35.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 17.91 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 11.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.05 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

पेट्रोल-डीजल की कीमत में बदलाव नहीं, कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड 2 फीसदी की गिरावट के साथ 84 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 2 फीसदी से ज्यादा लुढ़ककर 87 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल का दाम 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल का भाव 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 1.71 डॉलर यानी 2.00 फीसदी की गिरावट के साथ 83.63 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.66 डॉलर यानी 2.13 फीसदी लुढ़कर 78.28 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया है। इसके बावजूद देश में तेल के दाम करीब पिछले चार महीने से ज्यादा समय से स्थिर हैं।

अमेजना बंद करेगी भारत में अपनी फूड डिलीवरी सर्विस

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स सेक्टर की दिग्गज कंपनी अमेजन अपनी फूड डिलीवरी सर्विस को बंद करने जा रही है। अमेजन ने अपने रेस्टोरेंट पार्टनर्स को सूचित करते हुए कहा कि अमेजन इंडिया ने इस साल 29 दिसंबर को अपने खाद्य वितरण व्यवसाय को बंद करने का फैसला किया है। कंपनी ने अपनी फूड डिलीवरी सर्विस की शुरूआत मई 2020 में बेंगलुरु से की थी। आपको बता दें कि अमेजन ने एडटेक सर्विस पहले ही बंद कर दी है। अब कंपनी वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी की योजना पर काम कर रही है। कंपनी ने रेस्टोरेंट पार्टनर्स से कहा है कि कंपनी अपनी बिजनेस डील पूरी करेगी साथ ही सभी कॉन्ट्रैक्ट्स को भी पूरा किया जाएगा। फूड डिलीवरी सिस्टम को बंद करने के अपने फैसले को अमेजन चरणबद्ध तरीके से लागू करने जा रही है।

सुरजेवाला ने मंडाविया को पत्र लिखकर राजस्थान के किसानों को पर्याप्त यूरिया उपलब्ध करवाने की मांग की

जयपुर (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला ने केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री मनसुख मंडाविया से राजस्थान के किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है। सुरजेवाला ने मंडाविया को पत्र लिखकर कहा है कि केंद्र सरकार ने राजस्थान को वर्ष 2022-23 के रबी मौसम में अक्टूबर माह के लिए 4.50 लाख टन यूरिया आवंटित किया था लेकिन मंत्रालय ने केवल 2.89 लाख टन यूरिया उपलब्ध कराया। इसी तरह नवंबर माह में भी केंद्र सरकार द्वारा 10 नवंबर 2022 तक आवंटित 4.50 लाख टन यूरिया के विपरीत केवल 1.20 लाख टन यूरिया की आपूर्ति की गई है। पत्र में सुरजेवाला ने कहा है, राजस्थान में इस वर्ष अच्छी वर्षा की वजह से किसानों

में रबी फसलों की अग्रिम बुवाई के उत्साह पर उर्वरकों की कमी ने राजस्थान के कई जिलों में प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उनके अनुसार राजस्थान सरकार ने आपको इस संकट के संदर्भ में पहले भी पत्र लिखकर अवगत कराया है, मगर इस समस्या का अब तक कोई निराकरण नहीं निकला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में सरसों और चने की बुवाई चल रही है और इन दोनों फसलों का औसत रकबा क्रमशः 38 लाख हेक्टेयर और 22 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है, जिसके लिए नवंबर महीने में कम से कम 6 लाख टन यूरिया की जरूरत है।

> कंपनी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि वर्तमान में देश को खाद्य तेलों की आत्मनिर्भरता के लिए तिलहन फसलों के उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे।

उन्होंने लिखा है कि वर्तमान में देश को खाद्य तेलों की आत्मनिर्भरता के लिए तिलहन फसलों के उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे, साथ ही दलहन के लिए भी। अतः अगर पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता समय रहते सुनिश्चित नहीं कराई गई तो खेती और किसानी पर गहरा संकट खड़ा हो जाएगा।

ग्रामीण इलाकों में प्रतिस्पर्धी कीमत पर गैस की आपूर्ति के लिए नियमों में संशोधन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने और देश में प्राकृतिक गैस बाजार के तेजी से विकास की शुरूआत करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने अपने तीन नियमों में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के किराए, प्राधिकरण और क्षमता विनियमों में संशोधन किए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह संशोधन एकीकृत किराया विनियमन के कार्यान्वयन के लिए कदम के रूप में कार्य करेंगे जो पहली अप्रैल 2023 से प्रभावी होंगे। एकीकृत किराया दर के कार्यान्वयन के लिए निपटान के मुद्दों को संबोधित करने के लिए, उद्योग समिति का गठन किया गया है। इन परिवर्तनों का उद्देश्य एक राष्ट्र, एक ग्रिड और एक टैरिफ के लंबे समय से पोषित उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिस्पर्धी और सस्ती दरों पर दूर-दराज के क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की पहुंच प्रदान करना है। एकीकृत किराया दर के कार्यान्वयन को सरल बनाने के लिए, उक्त विनियमों में इकाई स्तर की एकीकृत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ पेश किया गया है जो राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत किराया दर के लिए एक बिल्डिंग ब्लॉक (बुनियाद) के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के समग्र हितों की रक्षा के लिए एकीकृत जोन की संख्या दो से बढ़ाकर तीन कर दी गई है। इसके अलावा, बेहिसाब गैस की अनुमति, अधिस्थगन अवधि, क्षमता में वृद्धि आदि जैसे अन्य संशोधनों को शामिल किया गया है।

भारत और जीसीसी मुक्त व्यापार समझौता वार्ता को दोबारा आगे बढ़ाने पर सहमत

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को आगे बढ़ाने पर सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में दोनों क्षेत्रों के बीच बातचीत फिर से शुरू की जाएगी। पीयूष गोयल और जीसीसी के महासचिव महामहिम डॉ. नायफ फलह एम. अल-हजरफ ने गुरुवार को यहां एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में इंडिया-जीसीसी एफटीए पर चर्चा करने का इरादा व्यक्त किया। मंत्रालय के मुताबिक दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि एफटीए वार्ता को औपचारिक रूप से दोबारा शुरू करने के लिए सभी कानूनी व तकनीकी आवश्यकताओं को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए।दोनों पक्षों ने कहा कि एफटीए से नए रोजगार पैदा होंगे। इससे भारत तथा जीसीसी देशों में सामाजिक व आर्थिक अवसरों को विस्तार मिलेगा। जीसीसी खाड़ी क्षेत्र के छह प्रमुख देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का एक संघ है। जीसीसी इस समय भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझीदार है। वित्त वर्ष 2021-22 में इनके बीच होने वाला द्विपक्षीय व्यापार 154 अरब यूएसडी था, जिसमें निर्यात करीब 44 अरब यूएसडी और आयात लगभग 110 अरब यूएसडी (33.8 अरब का गैर-तेल निर्यात और 37.2 अरब यूएसडी गैर-तेल आयात) था।

राज्यों को 17,000 करोड़ की जीएसटी मुआवजा राशि जारी की गयी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने उपकर संग्रह कम रहने के बावजूद चालू वित्त वर्ष में अप्रैल - जूनकी अवधि के लिए बकाया जीएसटी (मला एवं सेवाकर) मुआवजे के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कुल 17,000 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। वर्ष 2022-23 के दौरान इस मद में अब तक जारी मुआवजे की कुल राशि 1,15,662 करोड़ रुपये हो गई है। इसमें 17,000 करोड़ रुपये की नयी किस्त जारी की गयी। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर तक कुल उपकर संग्रह केवल 72,147 करोड़ रुपये का है। केंद्र ने बाकी 43,515 करोड़ रुपये की बकाया राशि अपने संसाधनों से जारी की है। वित्त मंत्रालय का कहना है कि यह राशि जारी करने के साथ, केंद्र ने राज्यों को मुआवजे के भुगतान के लिए उपलब्ध इस वर्ष मार्च के

अंत तक के अनुमानित उपकर की पूरी राशि अग्रिम रूप से जारी कर दी गई है। केंद्र सरकार ने फरवरी-मई 2022 अवधि के लिए इस वर्ष राज्यों को जीएसटी मुआवजे के रूप में 86,912 करोड़ रुपये जारी किए थे। ताजा भुगतान में आंध्र प्रदेश को 682 करोड़ रुपये, असम 192 करोड़ रुपये, बिहार 91 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ 500 करोड़ रुपये, दिल्ली 1,200 करोड़ रुपये, गोवा 119 करोड़ रुपये, गुजरात 856 करोड़ रुपये, हरियाणा 622 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश 226 करोड़ रुपये, जम्मू और कश्मीर 208 करोड़ रुपये, झारखंड 338 करोड़ रुपये, कर्नाटक 1,915 करोड़ रुपये, केरल 773 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश 722 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र 2,081 करोड़ रुपये, ओडिशा 524 करोड़ रुपये, पुदुचेरी 73 करोड़ रुपये, पंजाब 984 करोड़ रुपये,राजस्थान 806 करोड़ रुपये, तमिलनाडु 1,188 करोड़ रुपये, तेलंगाना 542 करोड़ रुपये, उत्तर प्रदेश करोड़ 1,202 रुपये, उत्तराखंड 342 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल को 814 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक 17 दिसंबर को

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 48वीं बैठक 17 दिसंबर को होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक इस बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए होगी। वित्त मंत्री कार्यालय के मुताबिक जीएसटी परिषद की 48वी बैठक वित्त मंत्री की अध्यक्षता में 17 दिसंबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित की गई है। पहले यह बैठक नवंबर के पहले पखवारे में मदुरै में आयोजित होने वाली थी, जो टाल दी गई थी। परिषद की बैठक में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना पर मंत्रियों की समिति (जीओएम) की रिपोर्ट और कसीनो तथा ऑनलाइन गेमिंग पर कर लगाने के प्रस्ताव पर चर्चा होने की उम्मीद है। इसके अलावा जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के गठन पर भी इस बैठक में चर्चा होगी।

कर्नाटक के दावणगेरे में खुला सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क केंद्र

बेंगलुरु। कर्नाटक के दावणगेरे में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के एक केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र 10,00 वर्गफुट के क्षेत्र में फैला है। यहां विभिन्न सुविधाओं से युक्त 102 सीटों वाला पालना केंद्र (इन्क्यूबेशन सेंटर), नेटवर्क परिचालन केंद्र, सम्मेलन केंद्र समेत अन्य सुविधाएं हैं। कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री सी एन अश्वत्थ नारायण ने कहा, इससे हमारी बेंगलुरु से आगे की पहलों को बढ़ावा मिलेगा। उनके कार्यालय से जारी बयान में कहा गया कि एसटीपीआई केंद्र के साथ-साथ प्रतिभाशाली लोगों और आर्थिक अवसंरचना को देखते हुए बड़ी कंपनियां क्षेत्र की ओर आकर्षित होंगी और यहां अपने परिचालन का विस्तार करेंगी। क्षेत्र के तकनीकी उद्यमियों एवं नवोन्मेषकों को सशक्त करने और उनके विचारों को नवीन उत्पादों में बदलने में मददगार होगा।

कार्पोरेट बीमा एजेंटों को ज्यादा कंपनियों के लिए काम करने की छूट

> ◆आईएमएफ के संचालन के क्षेत्र का विस्तार पूरे राज्य को कवर करने के लिए भी किया गया है जिसमें वे पंजीकृत हैं।

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) ने देश के बीमा बाजार में कारोबार की आसानी के लिए नियमों में कई संशोधन की घोषणा की। विनियामक इरडाई ने बीमा बाजार में कॉर्पोरेट एजेंटों और बीमा विपणन फर्मों के लिए गठजोड़ की अधिकतम स्वीकृत संख्या बढ़ा दी है संख्या में वृद्धि की है जिससे अब कॉरपोरेट एजेंट अब नौ बीमा कंपनियों के उत्पाद का वितरण कर सकते हैं। इरडाई के नए निर्णयों से पॉलिसीधारकों को अब विभिन्न वितरण चैनलों के माध्यम से व्यापक विकल्प और बीमा योजनाओं तक पहुंच प्राप्त होगी। इरडाई द्वारा शुक्रवार को उसके मुख्यालय



हैदराबाद में बैठक के बाद जारी घोषणा में कहा गया है कि ₹पॉलिसीधारकों / संभावनाओं को विभिन्न वितरण चैनलों के माध्यम से बीमा पालिसी के अधिक विस्तृत विकल्प और उन तक पहुंचने में सक्षम बनाने और आखिरी व्यक्ति तक बीमा की पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए, कॉर्पोरेट एजेंटों (सीए) और बीमा विपणन फर्मों (आईएमएफ) के लिए अधिकतम टाई-अप की संख्या में वृद्धि की गई है। इस निर्णय के अनुसार अब कोई सीए अधिकतम नौ बीमाकर्ताओं के पालिसी वितरण का करार कर सकता है। पहले यह छूट तीन बीमाकर्ता तक सीमित थी। इसी तरह ईएमएफ अपने बीमा उत्पादों के वितरण के लिए जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य के प्रत्येक व्यवसाय में 6 बीमाकर्ताओं (पहले 2 बीमाकर्ता) के साथ गठजोड़ कर सकता है। आईएमएफ के संचालन के क्षेत्र का विस्तार पूरे राज्य को कवर करने के लिए भी किया गया है जिसमें वे पंजीकृत हैं। विनियामक ने भारतीय बीमा कंपनियों के पंजीकरण से संबंधित नियमों को भी आसान बनाया है। इसका उद्येश्य देश में बीमा कारोबार में आसानी को बढ़ावा देना और भारत में बीमा कंपनी स्थापित करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है।

सितंबर से दोबारा सुचारु होने के बाद भारत में सूरजमुखी तेल की आपूर्ति सामान्य होने लगी है

नई दिल्ली। युद्धग्रस्त देश यूक्रेन से खाद्य तेल का आयात चार महीने के अंतराल के बाद सितंबर से दोबारा सुचारु होने के बाद भारत में सूरजमुखी तेल की आपूर्ति सामान्य होने लगी है। आगे इसमें और सुधार होने के आसार हैं। यूक्रेन भारत को सूरजमुखी तेल की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा देश रहा है। फरवरी में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू के बाद यूक्रेन से आपूर्ति कम हो गई थी क्योंकि रूस ने उसे काला सागर बंदरगाहों तक पहुंचने से रोक दिया था। हालांकि तुर्की और संयुक्त राष्ट्र द्वारा द्वारा कराए गए एक समझौते के कारण यूक्रेन से शेष दुनिया को खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति बहाल हो गई है। भारत 19 से 25 लाख टन कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात करता है, जिसमें लगभग 85 फीसदी आपूर्ति यूक्रेन और रूस से होती है।

टोयोटा की नई कार इनोवा हाईक्रॉस लॉन्च

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय कार बाजार में एक नई कार ने दस्तक दी है। टोयोटा किर्लोस्कर ने शुक्रवार को अपनी नई कार इनोवा हाईक्रॉस बाजार में उतारने की घोषणा की। यह कार एक सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल (एसएचईवी) है। नई इनोवा हाईक्रॉस टीएनजीए 2.0 लीटर के साथ सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम द्वारा संचालित है। इसमें 4 सिलेंडर गैसोलिन इंजन और ई-ड्राइव अनुक्रमिक शिफ्ट के साथ एक मोनोकॉक फ्रेम 137 केडब्ल्यू (186 पीएस) का अधिकतम पावर आउटपुट देता है। यह वाहन उन परिवारों के लिए लक्षित है जो एक ऐसा वाहन चाहते हैं जो उबड़-खाबड़ सड़कों को झेल सके। नई इनोवा हाईक्रॉस सुपर व्हाइट, प्लेटिनम व्हाइट पर्ल, सिल्वर मेटैलिक, एटिट्यूड ब्लैक माइका, स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन, अवंत गार्डे ब्रॉन्ज मेटैलिक और एक रोमांचक नए रंग ब्लैकिश एजहा ग्लास फ्लेक में उपलब्ध है। नई इनोवा हाइक्रॉस 3 साल/ एक लाख किलोमीटर की वारंटी और 5 साल/2.20 लाख किलोमीटर तक की एक्सटेंडेड वारंटी, 3 साल की फ्री रोडसाइड असिस्टेंस, आकर्षक वित्तीय योजनाओं और हाइब्रिड बैटरी पर 8 साल /1 लाख 60 हजार किलोमीटर की वारंटी के साथ बाजार में उपलब्ध है। 50 हजार रुपए में बुकिंग कल से शुरू होनी है। मुंबई में कार के लॉन्च के मौके पर टोयोटा किर्लोस्कर वाइस चेयरमैन विक्रम किर्लोस्कर ने बताया कि हम न केवल भारत बल्कि दुनिया के लिए भी हरित प्रौद्योगिकियों के लिए एक स्थानीय विनिर्माण इको-सिस्टम बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। नए इनोवा हाईक्रॉस के लॉन्च के साथ हम ग्राहकों के अनुभव को नए मुकाम पर ले जाना चाहते हैं।

निकट भविष्य में अमूल दूध की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं: आर एस सोढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमूल ब्रांड के तहत दूध का विपणन करने वाली सहकारी संस्थान गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) की निकट भविष्य में देश में दूध की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। संस्था के प्रबंध निदेशक (एमडी) आर एस सोढ़ी ने यह कहा। जीसीएमएमएफ, मुख्य रूप से गुजरात, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल और मुंबई के बाजारों में दूध बेचता है। यह सहकारी संस्थान प्रतिदिन 150 लाख लीटर से अधिक दूध बेचता है, जिसमें से दिल्ली-एनसीआर में लगभग 40 लाख लीटर दूध की बिक्री होती है। इस हफ्ते की शुरूआत में, मदर डेयरी ने लागत बढ़ने का हवाला देते हुए दिल्ली-एनसीआर के बाजार में फुल-क्रीम दूध की कीमतों में एक

रुपये प्रति लीटर और टोकन दूध में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। यह पूछे जाने पर कि मदर डेयरी द्वारा दूध कीमतों में वृद्धि किये जाने के बाद क्या जीसीएमएमएफ की दूध की कीमतों में वृद्धि की कोई योजना है, सोढ़ी ने कहा, निकट भविष्य में कोई योजना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अक्टूबर में पिछली बार खुदरा मूल्य वृद्धि के बाद से लागत में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है। अक्टूबर के मध्य में जीसीएमएमएफ ने अमूल गोल्ड (फुल-क्रीम) और भैंस के दूध की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। यह वृद्धि, चुनावी गुजरात को छोड़कर, बाकी सभी बाजारों में हुई है। गुजरात में दिसंबर की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होंगे। दाम में इस बढ़ोतरी के बाद अमूल गोल्ड की कीमत 61 रुपए से बढ़ाकर 63 रुपए प्रति लीटर जबकि भैंस के दूध की कीमत 63 रुपए से बढ़ाकर 65 रुपए प्रति लीटर हो गई। जीसीएमएमएफ ने इस साल तीन बार दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की है, जबकि मदर डेयरी ने चार

> ■ मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रति दिन 30 लाख लीटर से अधिक बिक्री की मात्रा के साथ अग्रणी दूध आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। दूध की कीमतों में बढ़ोतरी ने घरेलू बजट पर ऐसे समय में दवाब डाला है।

बार ऐसा किया है। मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रति दिन 30 लाख लीटर से अधिक बिक्री की मात्रा के साथ अग्रणी दूध आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। दूध की कीमतों में बढ़ोतरी ने घरेलू बजट पर ऐसे समय में दवाब डाला है जब खाद्य मुद्रास्फीति पहले से ही उच्च स्तर पर है। मदर डेयरी ने कीमतों में बढ़ोतरी के लिए डेयरी किसानों से कच्चे दूध की खरीद लागत में वृद्धि को जिम्मेदार ठहराया है।

एचडीएफसी के साथ मर्जर में लगेगा 8-10 महीने का वक्त

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने विगत शुक्रवार को कहा कि एचडीएफसी बैंक को उम्मीद है कि एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के मर्जर में अभी 8-10 महीने का वक्त और लगेगा। यह मर्जर अगले साल सितंबर में संपन्न हो सकता हैं। बता दें कि एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक की जनरल मीटिंग शुक्रवार को हुई। जिसमें अब तक भारत के कॉर्पोरेट इतिहास में होने वाले 400 अरब डॉलर से ज्यादा के सबसे बड़े मर्जर पर शेयरधारकों की मंजूरी ली गई। इसी साल 4 अप्रैल को इस मर्जर का ऐलान करते समय दोनों कंपनियों की तरफ से आए आधिकारिक बयान में कहा गया था कि इस मर्जर में 12-18 महीने का समय लगेगा। कल हुई मीटिंग में एचडीएफसी बैंक के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शशिधर जगदीशन ने कहा कि पिछले इतिहास और तौर-तरीकों पर नजर डालें तो हम कह सकते है कि अभी इस मर्जर में 8-10 महीने का समय और लगेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस मर्जर के परिणामस्वरुप मर्जर के बाद बनी कंपनी के कैपिटल एडिक्वेसी रेशियो में 0.20-0.30 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। इस बढ़त में लऊऋछ छ३ के हेल्दी कैपिटल एडिक्वेसी का योगदान होगा। एचडीएफसी की मीटिंग में उसके चेयरमैन दीपक पारेख ने कहा कि एचडीएफसी बैंक कुछ रेगुलेटरी मुद्दों पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के साथ बातचीत कर रहा है।

पेज एक के शेष

स्वच्छ जल के...

तहत महिलाओं एवं लड़कियों को गरीबी के नये स्तर, अधिक कामकाज और समय से पहले मृत्यु के अभूतपूर्व खतरे में डाल रही है। लैंगिक न्याय एवं लैंगिक अधिकार मामलों की आक्सफैम प्रमुख अमीना हेरसी ने कहा कि महामारी के बाद इससे उबरने की राह महिलाओं एवं लड़कियों के जीवन, कड़ी मेहनत और सुरक्षा की कीमत पर तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि मितव्ययिता लैंगिक आधारित हिंसा का एक रूप है। उन्होंने कहा कि सरकारें सार्वजनिक सेवाओं में कटौती कर नुकसान पहुंचाना जारी रख सकती हैं या वे उन लोगों पर कर लगा सकती है जो इसे वहन कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाएं एवं लड़कियां स्वच्छ जल प्राप्त करने के लिए अधिक परेशानी का सामना कर रही हैं। इसके अभाव में हर साल उनमें से आठ लाख की जान चली जाती है। इसमें कहा गया है कि वे अधिक हिंसा का सामना करती हैं, यहां तक कि हर 10 महिलाओं एवं लड़कियों में एक को बीते साल अपने करीबी व्यक्ति से यौन और शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा।

राज्य में पहली...

उन्हें ब्लड कैंसर एक्यूट प्रोमायलोसाइटिक माइलॉयड ल्यूकेया (जो एक दुर्लभ प्रकार का एक्यूट माइलॉयड ल्यूकेमिया) है। अस्पताल द्वारा फलोसाइटोमेट्री स्टडी और मॉलिक्यूलर जेनेटिक स्टडी द्वारा तुरंत इसकी पुष्टी की गयी। इस ब्लड कैंसर को मेडिकल इमरजेंसी माना जाता है। महिला को सेवा सदन में भर्ती होने के 48 घंटे के अंदर तुंरत कीमोथेरेपी शुरू कर दी गयी। डॉ. अभिषेक रंजन के अनुसार यह एक बहुत ही कठिन रक्त कैंसर है जिसका प्रबंधन केवल बड़े अस्पतालों जैसे सीएमसी वेल्लोर आदि में किया जाता है। एक्यूट प्रोमाइलिसिटिक माइलॉयड ल्यूकेमिया भी एकमात्र प्रकार का एक्यूट माईलायड ल्यूकेमिया है जिसमें ठीक से इलाज किये जाने पर 90 प्रतिशत रोगी बच सकते हैं। रोगी को दिशा-निर्देशों के अनुसार कीमोथेरेपी दी गयी और क्लिनिकल हेमोटोलॉजी विभाग नागरमल मोदी सेवा अस्पताल में सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

सांविधानिक मूल्यों को प्रोत्साहन देने का दिन है संविधान दिवस: धनखड़

नयी दिल्ली (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान दिवस को सांविधानिक मूल्यों को प्रोत्साहन देने का दिन बताया है। श्री धनखड़ ने शनिवार को यहां संविधान दिवस पर जारी एक संदेश में कहा कि यह दिन संविधान में उल्लेखित मूल्यों को प्रोत्साहन देने का दिन है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें इसका संकल्प लेना चाहिए और अपने पूर्वजों के सपनों का भारत बनाने की दिशा में बढ़ना चाहिए। श्री धनखड़ ने अपने संदेश में सविधान जनक भीमराव अंबेडकर की उक्ति का भी उल्लेख किया कि संविधान केवल अधिवक्ताओं का ही दस्तावेज नहीं है बल्कि यह जीवन का वाहक है। संविधान की भावना हमेशा अपने समय की भावना है।

गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे मिस्र के राष्ट्रपति

नयी दिल्ली (एजेंसी)। 26 जनवरी, 2023 को होनेवाले भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सिसी मुख्य अतिथि होंगे। भारत ने उन्हें न्योता भेज दिया है। भारत का यह कदम मिस्र के साथ राजनीतिक और सैन्य संबंधों को मजबूती प्रदान करने में मददगार होगा। इसके साथ ही भारत की इस प्रमुख अफ्रीकी देश तक पहुंच और मजबूत होगी। इस साल दोनों देशों ने राजनयिक संबंधों की अपनी 75वीं वर्षगांठ भी मनायी है। पिछले महीने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिस्र यात्रा के दौरान राष्ट्रपति अल-सिसी से मुलाकात की थी। इससे पहले पिछले साल गणतंत्र दिवस की परेड में किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष को मुख्य अतिथि नहीं बनाया गया था। केंद्र सरकार ने कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते यह अहम फैसला लिया था। वहीं, कोरोनावायरस महामारी के चलते लगातार दूसरे साल गणतंत्र दिवस पर किसी विदेशी नेता को मुख्य अतिथि नहीं बनाया गया था।

दिग्गज एक्टर विक्रम गोखले का निधन

मुंबई (एजेंसी)। मनोरंजन जगत से हाल ही एक दुखद खबर सामने आयी है। टीवी और फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने एक्टर विक्रम गोखले का निधन हो गया है। पिछले 15 दिनों से पुणे के एक बड़े हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। हालांकि, जिंदगी और मौत की जंग लड़ते-लड़ते वह हार गये और 26 नवम्बर को वह इस दुनिया को अलविदा कह गये हैं। विक्रम गोखले 77 साल के थे। उन्हें मल्टीपल ऑर्गन फेलियर की शिकायत थी, जिसके इलाज के चलते वह दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती थे। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। लेकिन, फिर उनका स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया और अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। एक्टर के निधन की पुष्टि उनके परिवार ने की है।

चीन से मिली हार भूले नहीं हैं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले -

पड़ोसी कोई भी हो, हमें बढ़ानी होगी ताकत

नयी दिल्ली (एजेंसी)। हमारा पड़ोसी चाहे कोई भी हो, हमें अपनी ताकत को बढ़ाते रहना चाहिए... विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह बात ऐसे समय में की है जब पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ तनाव बना हुआ है। जयशंकर ने वैश्विक मोर्चे पर देश के सामने मौजूद तमाम मसलों पर विस्तार से बात की। पड़ोसी देश चीन पर, उन्होंने कहा कि चीन के साथ डील करते समय हमारे सामने दो बड़ी बाधाएं हैं। हम चीन से साल 1962 का युद्ध हार चुके हैं। यह बात हमें प्रभावित करना जारी रखे हुए है। दूसरा यह कि चीन ने हमसे बरसों पहले ही आर्थिक सुधार शुरू कर दिया था। हमारे देश में कई साल बाद आर्थिक सुधार शुरू किया गया।

इकॉनमी के मामले में चीन को पकड़ना अभी बाकी है। मैं किसी को दोष नहीं दे रहा हूं लेकिन कह रहा हूं कि जब हम चीन के बारे में बात करते हैं तो हमें इन दो कारणों को पहचानना चाहिए। यह सिर्फ भारत और चीन के बीच एक दोधारी खेल नहीं है। वहां सैकड़ों अन्य देश भी हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, हमारा निकटतम पड़ोसी है लेकिन उनके साथ हमारा एक कठिन इतिहास रहा है। यह इतिहास 1950 के दशक और पाकिस्तान के साथ चीन के संबंधों तक जाता है। जहां तक सुरक्षा से संबंधित चिंताओं की बात है, तो इससे निपटने का सही तरीका यह है कि आवश्यकता के अनुसार हम मजबूत और दृढ़ रहें।

■ चीन की इकॉनमी पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर- पड़ोसी देश ने वर्षों पहले आर्थिक सुधार शुरू किये

संकट आयेंगे, हमें तैयार रहना होगा

जयशंकर ने कहा कि हमने यूक्रेन युद्ध देखा है, हम कई देशों को प्रभावित करनेवाली जलवायु घटनाओं को देख रहे हैं। हमें यह मानकर चलना होगा कि कई संकट आएंगे और हमें उसी के अनुसार तैयार रहने की जरूरत है। जहां तक भविष्य की बात है तो आगे का आधा दशक काफी तूफानी और चुनौतीपूर्ण लग रहा है। ऐसे में भारत को सही मार्गदर्शन देने वाले नेतृत्व की जरूरत है, जो अर्थव्यवस्था को सही ढंग से चलाकर भारत को आगे बढ़ा सके। भारत का उदय होगा क्योंकि दुनिया में आर्थिक स्थिति को लेकर मंथन जारी रहेगा। हो सकता है, बहुत सारे लोगों को इसका अहसास न हो, लेकिन पिछले तीन वर्षों में एक सामाजिक सुरक्षा जाल बनाने में भारत कामयाब रहा है। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

भारत में लोकतांत्रिक तानाशाही कायम है?

विदेश मंत्री से जब यह पूछा गया कि कुछ लोग कहते हैं कि भारत में लोकतांत्रिक तानाशाही है तो उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से पूछना चाहिए कि अगर सब कुछ फिक्स है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर चुनाव में इतनी कड़ी मेहनत क्यों करते हैं? उन्हें तो चुपचाप बैठ जाना चाहिए। जयशंकर ने यह भी कहा कि विदेश से आकर कई लोग भारत में कहकर चले जाते हैं कि भारत में आजादी नहीं है। हालांकि, कई देश ऐसे हैं, जहां पर यही लोग अगर ऐसी बात कह दें तो फिर जाने क्या हो जाएगा? विदेश मंत्री ने कहा कि आज से 10 साल पहले तक कुछ लोगों के लिए विदेश नीति का मतलब यह था कि सुरक्षा के लिए सबसे अच्छी नीति है कि सीमा पर विकास ही नहीं करो।

संविधान दिवस पर चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ बोले -

अदालतों को लोगों तक पहुंचना चाहिए



नयी दिल्ली (एजेंसी)। देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि न्याय हासिल करने से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए संस्थागत सुधारों के साथ तकनीक का दायरा बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि मुकदमेबाजी प्रक्रिया को सरल बनाना और इसे नागरिक केंद्रित बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका अदालतों के कामकाज में सुधार के लिए तकनीक को अपना रही है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि न्याय हासिल करने के वास्ते अदालतों तक पहुंचने के बजाय नागरिकों तक पहुंचने के लिए अदालतों को फिर से तैयार किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि देशभर के न्यायाधीशों को न्याय, समानता और स्वतंत्रता हासिल करने के संवैधानिक दृष्टिकोण पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि कानूनी पेशे और न्यायपालिका में हाशिए पर रहनेवाले समुदायों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये। जस्टिस चंद्रचूड़ ने समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गयी पहलों वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, जस्टआईएस मोबाइल ऐप 2.0, डिजिटल कोर्ट और एस3डब्ल्यूएएस वेबसाइट के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में एक संस्था के रूप में न्यायपालिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि न्याय वितरण प्रणाली सभी के लिए सुलभ हो।

गुजरात चुनाव : भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत

बड़े नेताओं ने तीन सप्ताह में 150 से अधिक सभाएं कीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2001 में गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य विधानसभा के पिछले चुनाव में सबसे खराब प्रदर्शन किया था और शायद इसी से सबक लेते हुए उसने इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राज्य में पहले चरण के मतदान से पहले और पिछले 20 दिनों में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित आधा दर्जन मुख्यमंत्री और अन्य केंद्रीय नेता लगभग 150 छोटी-बड़ी चुनावी जनसभाएं कर चुके हैं। इनमें तीन दर्जन से अधिक जनसभाएं तो सिर्फ मोदी और शाह ने संबोधित की हैं।

इन दोनों के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री और जाति व क्षेत्र विशेष से नाता रखनेवाले नेता भी राज्य के धुआंधार दौरे पर हैं। चुनावी रणनीति से जुड़े भाजपा के एक नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री आगामी रविवार को खेड़ा, नेतरांग और सूरत में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे तथा पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगे। इसके अगले दिन वह चार जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, उनकी सभाएं पलटाना, अंजार, जामनगर और राजकोट में भी प्रस्तावित हैं। शाह अमरेली, भावनगर, वड़ोदरा और अहमदाबाद की विभिन्न सीट पर प्रचार करने के बाद अन्य क्षेत्रों में प्रचार अभियान का मोर्चा संभालेंगे जबकि नड्डा पार्टी का संकल्प पत्र जारी होने के बाद हिम्मतनगर में रोड शो करेंगे। गुजरात की 182 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए एक दिसम्बर और पांच दिसम्बर को दो चरणों में मतदान होगा तथा मतगणना आठ दिसम्बर को की जाएगी। पहले चरण में कच्छ, सुरेंद्रनगर, मोरबी, राजकोट, जामनगर, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जूनागढ़, गिर-सोमनाथ, अमरेली, भावनगर, बोटाद, नर्मदा, भरूच, सूरत, तापी, डांग, नवसारी और वलसाड़ जिलों की 89 सीट पर मतदान होना है। इस चरण में कुल 788 प्रत्याशी मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग ने तीन नवम्बर को गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी और इसके साथ ही राज्य में आदर्श चुनाव संहिता लागू हो गयी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण गुजरात के आदिवासी बहुल वलसाड जिले की कपराड़ा से छह नवम्बर को भाजपा के चुनाव अभियान का आगाज किया था।

ब्रिटेन पीएम की बेटी ने लंदन में दिखायी भारतीय संस्कृति की झलक

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन में एशियाई अमीरों की सूची 2022 में शामिल हुए। वहीं, ऋषि सुनक की बेटी अनुष्का सुनक ने शुक्रवार को लंदन में कई बच्चों के साथ कुचिपुड़ी डांस कर जमकर सुर्खियां बटोरी। दरअसल, 9 साल की अनुष्का ने 'कुचिपुड़ी डांस फेस्टिवल- रंग 2022' में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने भारत के इस मशहूर नृत्य शैली का अद्भुत प्रदर्शन किया। अनुष्का सुनक के डांस कार्यक्रम में उनकी मां अक्षता मूर्ति भी शामिल हुईं। इसके साथ ही ऋषि सुनक के माता-पिता भी नृत्य कार्यक्रम में शामिल हुए थे। बता दें कि अक्षता इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी हैं। लंदन में आयोजित 'कुचिपुड़ी डांस फेस्टिवल-रंग 2022' में परफॉर्म करने पहुंची ऋषि सुनक की बेटी अनुष्का सुनक ने कहा कि भारत वह जगह है जहां मेरा परिवार, घर और संस्कृति एक साथ मिलते हैं और मुझे हर साल वहां जाना पसंद है। बता दें कि इस उत्सव में चार वर्ष से लेकर 85 वर्ष के आयु वर्ग के करीब 100 कलाकारों ने हिस्सा लिया था, जिनमें लाइव संगीतकार, बुजुर्ग समकालीन नृत्य कलाकार (65+ वर्ष के प्रदर्शन समूह), व्हीलचेयर डांसर, नटरंग ग्रुप, पोलैंड के अंतर्राष्ट्रीय बसेर्री छात्र शामिल थे। वहीं, इससे पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन में एशियाई अमीरों की सूची 2022 में शामिल हैं। इस सूची में शीर्ष पर हिंदुजा परिवार को रखा है। सुनक और अक्षता मूर्ति 79 करोड़ पाउंड की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में 17वें स्थान पर हैं। इस सूची में हिंदुजा परिवार लगातार आठवीं बार शीर्ष पर है। उनकी अनुमानित संपत्ति 30.5 अरब पाउंड है, जो पिछले साल से तीन अरब पाउंड अधिक है। लंदन के मेयर सादिक खान ने बुधवार रात वेस्टमिंस्टर पार्क प्लाजा होटल में 24वें वार्षिक एशियाई कारोबारी पुरस्कार के दौरान हिंदुजा समूह के सह-चेयरमैन गोपीचंद हिंदुजा की बेटी रितु छाबड़िया को एशियाई अमीरों की सूची 2022 की एक प्रति भेंट की।

कुचिपुड़ी डांस कर कहा- भारत घर है मेरा

कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ खान गिरफ्तार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ खान को शनिवार सुबह एक पुलिस अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने और मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। खान की बेटी नगर निगम का चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना तब हुई जब शाहीन बाग में एक मस्जिद के पास इकट्ठा हुए खान और उनके समर्थकों को अधिकारी ने निर्वाचन आयोग की अनुमति के बिना ऐसा नहीं करने के लिए कहा। एक वीडियो में, खान की बेटी अरीबा खान ने आरोप लगाया कि लगभग 50-60 पुलिसकर्मी शाहीन बाग में उनके घर में जबरन घुस गये और पूर्व विधायक को घसीट कर ले गये। आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया और पिता की गिरफ्तारी के दौरान उनकी एक अंगुली तोड़ दी।

पाकिस्तान में जनरल असीम मुनीर के चीफ बनते ही सेना में हड़कंप

रावलपिंडी (एजेंसी)। पिछले दिनों पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ले. जनरल असीम मुनीर को देश का अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही ले. जनरल मुनीर 29 नवम्बर को निर्वतमान जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह कुर्सी संभालेंगे। ले. जनरल मुनीर की इस पद पर तैनाती ऐसा लगता है कि कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है। सेना के ही अंदर उनकी नियुक्ति को लेकर बवाल शुरू हो गया है। अभी ले. जनरल अजहर अब्बास के रिटायरमेंट के ऐलान को 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि ले. जनरल फैज हामिद ने भी रिटायर होने का ऐलान कर दिया है। ले. जनरल हामिद आईएसआई के 24वें डायरेक्टर जनरल भी रहे हैं। जून 2019 को उन्होंने ले. जनरल मुनीर की जगह आईएसआई की जिम्मेदारी संभाली थी। नवम्बर 2021 तक वह इस पद पर थे। ले. जनरल अब्बास और ले. जनरल हामिद सेना प्रमुख की दौड़ में ले. जनरल मुनीर के बाद दूसरे और तीसरे नंबर पर थे। जनरल अब्बास चीफ ऑफ जनरल स्टाफ के तौर पर थे और 27 अप्रैल 2023 को उनका रिटायरमेंट था। वहीं, ले. जनरल हामिद इस समय बहावलपुर कोर के कमांडर हैं और 30 अप्रैल 2023 को रिटायर होनेवाले थे।

पूर्व पीएम इमरान के हैं करीबी

ले. जनरल हामिद पूर्व पीएम इमरान खान के करीबी हैं और सेना में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई बड़े पदों पर सेवाएं दी हैं। इसके अलावा वह राजनयिक पदों पर भी रह चुके हैं। बतौर आर्मी ऑफिसर ले. जनरल हामिद बलूच रेजीमेंट में कमीशंड हुए थे। इस साल अगस्त में जनरल बाजवा के एक फैसले ने सबको चौंका दिया था। उस समय ले. जनरल हामिद पेशावर कोर के कमांडर थे और जनरल बाजवा ने उनका ट्रांसफर बहावलपुर में कर दिया था। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल से आने वाले ले. जनरल हामिद रावलपिंडी स्थित कोर में भी तैनात रहे हैं।